# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शुक्रवार, 3 अप्रैल, 2026 | वर्ष -01 | अंक-47 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### महिला आरक्षण पर संसद में 16 अप्रैल से चर्चा

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 13 दिन के ब्रेक के बाद 16 अप्रैल से फिर शुरू होगा। ताकि लोकसभा सीटों की संख्या 816 करने से संबंधित विधेयकों को पारित किया जा सके और महिलाओं के आरक्षण कानून को जल्द से जल्द लागू किया जा सके। सरकार ने यह फैसला गुरुवार को लिया। 16, 17 और 18 अप्रैल को सदन में महिला आरक्षण कानून में संशोधन से जुड़े अहम बिल पर चर्चा की जाएगी। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। प्रस्तावित 50% की बढ़ोतरी के साथ सीटों की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी, जिसमें से 273 (करीब एक तिहाई) सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

### मोतिहारी में संदिग्ध स्थिति में एक की मौत, जहरीली शराब पीने की आशंका

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में गुरुवार को कथित तौर से जहरीली शराब पीने से एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई, जबकि दो लोग अभी भी जीवन और मौत से जूझ रहे हैं। पीड़ित दोनों लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि इस घटना के बाद पुलिस और जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है और अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान रघुनाथपुर निवासी सुरेश प्रसाद के पुत्र चंदू साह के रूप में हुई है।

### झारखंड : तालाब में डूबने से दो सगे भाइयों समेत तीन बच्चों की मौत

**खूंटी।** झारखंड के खूंटी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र अंतर्गत गुफु बड़का टोली गांव में गुरुवार को एक हृदयविदारक हादसा हो गया। यहां एक तालाब में डूबने से तीन स्कूली बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में दो सगे भाई भी शामिल हैं, जिससे पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, तीनों बच्चे राजकीय प्राथमिक विद्यालय, गुफु के छात्र थे और स्कूल की छुट्टी होने के बाद घर लौटने के बजाय पास के ही एक तालाब की ओर खेलने चले गए थे।

# रूपसपुर नहर पथ व गोला रोड का फोरलेन कार्य जल्द पूरा होगा : सीएम

## मुख्यमंत्री ने राजधानी में विभिन्न निमार्णाधीन योजनाओं का किया निरीक्षण

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को पटना शहर में विभिन्न निमार्णाधीन योजनाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। सीएम ने पाटलिपुत्रा कॉलोनी में निमार्णाधीन पाटलिपुत्रा पार्क नंबर 113 का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां लोगों के घूमने-फिरने, जिम, बच्चों के खेल-कूद की सुविधाएं सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और निमार्णाधीन पार्क के विभिन्न भागों का भ्रमण किया।

सीएम ने इस पार्क का निर्माण तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात उन्होंने पाटलि पथ पर रूककर नेहरू पथ को पाटलिपथ से जोड़ने हेतु किये जा रहे निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली। उसके बाद मुख्यमंत्री रूपसपुर नहर के समीप रूककर खगौल-नेहरू पथ-अशोक राजपथ को जोड़नेवाले रूपसपुर नहर पथ के प्रस्तावित फोरलेन चौड़ीकरण कार्य एवं मजबूतीकरण कार्य के संबंध में जानकारी ली। कहा कि इन पथों के निर्माण से शहर में लोगों को आवागमन के और भी विकल्प मिलेंगे। साथ ही स्थानीय लोगों को भी आने-जाने में सहूलियत होगी। इससे क्षेत्र के यातायात की व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर रूपसपुर से सगुना मोड़ तक अवस्थित लगभग 12 मीटर चौड़ा कच्चा नाला पर बॉक्स पुलिया सह सड़क के रूप में निर्माण किया जा रहा है। इससे शहर का सौंदर्यीकरण भी होगा और क्षेत्र के लोगों का आवागमन और सुलभ होगा। इस दौरान सीएम ने गोला पथ स्थित कृष्णा चौक पर रूककर नेहरू पथ से गोला पथ में 2.20 किमी चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के संबंध में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा किइस पथ का चौड़ीकरण कार्य तेजी से पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, कुमार रवि व डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह, डीएम सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



### सगुना मोड़ के पास बन रहे भूमिगत नाला व पथ चौड़ीकरण कार्य की जानकारी ली

सगुना मोड़ के पास रूककर मुख्यमंत्री ने रूपसपुर नहर से सगुना मोड़ तक नेहरू पथ के दोनो तरफ भूमिगत नाला के साथ पथ के चौड़ीकरण कार्य के संबंध में जानकारी ली। कहा कि इन कार्यों को तेजी से पूर्ण करें। पश्चिमी पटना क्षेत्र काफी तेजी से विकसित हो रहा है। इससे क्षेत्र के यातायात की व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर रूपसपुर से सगुना मोड़ तक अवस्थित लगभग 12 मीटर चौड़ा कच्चा नाला पर बॉक्स पुलिया सह सड़क के रूप में निर्माण किया जा रहा है। इससे शहर का सौंदर्यीकरण भी होगा और इस क्षेत्र के लोगों का आवागमन और सुलभ होगा।

# मुंगेर में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग की कार्रवाई

## कमिश्नर ऑफिस के पेशकार को 1.70 लाख रिश्वत लेते दबोचा



पेशकार को गिरफ्तार करती निगरानी विभाग की टीम।

**प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में निगरानी की दबिश से अफसरों व कर्मचारियों में मचा हड़कंप**

**सरकारी जमीन को भू-माफियाओं के हाथों से बचाने के एवज में मांगी थी 5 लाख रुपये की रिश्वत**

**प्रमंडल अंतर्गत बेगूसराय में फर्जी कागजात के जरिए सरकारी जमीन बेचने की हो रही थी कोशिश**

**मुंगेर (एनएसबी)।** निगरानी विभाग की टीम ने प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय मुंगेर में बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रमण्डलीय आयुक्त के कोर्ट के पेशकार मुकेश कुमार को 1 लाख 70 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि मुकेश कुमार पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से आयुक्त कार्यालय में कार्यरत था और एक केस में पक्षकार से काम कराने के बदले रिश्वत की मांग कर रहा था।मामला बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल क्षेत्र से जुड़ा है, जहां काजी हाउस की सरकारी जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि स्थानीय व्यक्ति द्वारा फर्जी कागजात के जरिए जमीन बेचने की कोशिश की जा रही थी। इस मामले में समाजसेवी नंद किशोर प्रसाद सुमन ने शिकायत दर्ज कराई थी।

जब मामला आयुक्त कार्यालय पहुंचा, तो पेशकार मुकेश कुमार ने सरकारी जमीन को बचाने के एवज में 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी। शिकायतकर्ता ने पहले ही 3 लाख रुपये दे दिए थे और बाद में इसकी सूचना पटना निगरानी विभाग को दी। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद डीएसपी पवन कुमार के नेतृत्व में टीम ने जाल बिछाया और जैसे ही मुकेश कुमार 1 लाख 70 हजार रुपये ले रहा था, उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई के बाद सरकारी दफ्तरों में हड़कंप मच गया है और निगरानी विभाग आगे की कार्रवाई में जुट गया है।

इस मामले में डीएसपी निगरानी विभाग पटना पवन कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त होने के बाद मामले की जांच की गई, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद टीम गठित कर कार्रवाई की गई और मुंगेर पहुंच आयुक्त कार्यालय से आरोपी को 1 लाख 70 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

# सीएम नीतीश को मिलेगी जेड लस सुरक्षा

**पटना (एनएसबी)।** बिहार की सियालत में जल्द ही बड़ा उलटफेर होने वाला है। बताया जा रहा है कि सीएम नीतीश 10 अप्रैल को राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इसके बाद 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इसके साथ ही 18 अप्रैल तक

**14 को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं नीतीश**

बिहार में नई सरकार का गठन होगा। दूसरी ओर सीएम नीतीश के इस्तीफे की चचाओं के बीच उनकी सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला किया गया है। मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद भी नीतीश कुमार को जेड प्लस कैटेगरी की सुरक्षा मिलेगी। बिहार सरकार के गृह विभाग ने इसे लेकर अधिसूचना जारी की है। इस अधिसूचना में नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे भी का जिक्र है। गृह विभाग की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, नीतीश कुमार को बिहार स्पेशल सिक्योरिटी एक्ट-2000 के तहत सुरक्षा का योग्य माना गया है। ये कानून विशिष्ट व्यक्तियों को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर सुरक्षा कवर प्रदान करने का अधिकार देता है। विभाग ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल और वर्तमान राजनीतिक स्थिति की समीक्षा के बाद सुरक्षा को लेकर ये कदम उठाया गया है। पुलिस महानिदेशक के नाम लिखे गए पत्र में कहा गया, नीतीश मौजूदा वक्त में राज्य सभा के लिए निर्वाचित हुए हैं और आने वाले वक्त में बिहार विधान परिषद की सदस्यता और मुख्यमंत्री पद से त्याग-पत्र देकर राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

### नीतीश से मिले तेजस्वी के बागी विधायक



**पटना (एनएसबी)।** तेजस्वी के बागी विधायक फैसल रहमान ने गुरुवार को सीएम हाउस में नीतीश कुमार से मुलाकात की। 16 मार्च को हुए राज्यसभा चुनाव में ढाका विधायक फैसल रहमान वोट देने नहीं पहुंचे थे। फैसल रहमान ने सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद अपने सोशल मीडिया पर इसकी फोटो शेयर कर एक पोस्ट के जरिए इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया। साथ ही लिखा- क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री जी से सकारात्मक चर्चा हुई। बता दें बिहार की सियासत में 21 साल बाद नए सीएम को लेकर बातें शुरू हो गई हैं। बता दें 1990 से लेकर 2005 तक लालू यादव परिवार का बिहार की सियासत पर दबदबा रहा। 2005 से लेकर अब तक नीतीश कुमार लगातार (मई 2014- फरवरी 2015 छोड़कर) सीएम बने रहे।

### राघव चड्ढा रास में पार्टी के उपनेता पद से हटाए गए अशोक मित्तल को मौका

**नई दिल्ली (एजेंसी)** । आम आदमी पार्टी (आआपा) ने गुरुवार को राज्यसभा में राघव चड्ढा को हटाकर अशोक मित्तल को राज्यसभा में पार्टी का उपनेता चुना है। पार्टी की तरफ से राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर औपचारिक रूप से अशोक मित्तल को पार्टी का उपनेता नियुक्त करने का अनुरोध करते हुए कहा गया है कि राघव चड्ढा को आम आदमी पार्टी के कोटे से बोलने का समय आवंटित न किया जाए। अशोक मित्तल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उन्हें राज्यसभा में उपनेता की जिम्मेदारी सौंपी है। मित्तल ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के 10 सांसद हैं।

## एसआई सदरे आलम निलंबित

**रिश्वतखोरी का मामला**

**पटना (एनएसबी)।** भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को और मजबूत करते हुए बिहार पुलिस ने गुरुवार को एक दागी पुलिस अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। तिरहुत रेंज के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (डीआईजी) चंदन कुशवाहा ने सब-इंस्पेक्टर सदरे आलम को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का आदेश दिया है। यह मामला 2021 का है, जब सदरे आलम मुजफ्फरपुर के अहियापुर पुलिस स्टेशन में तैनात थे। सिपाहीपुर की एक शिकायतकर्ता तबस्सुम आरा ने रिश्वतखोरी के आरोपों के साथ विजिलेंस इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो से संपर्क किया था। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए 30 सितंबर 2021 को एक जाल बिछाकर सदरे आलम को 11 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। यह गिरफ्तारी पुलिस स्टेशन के पास एक चाय की दुकान पर हुई। इस संबंध में विजिलेंस पुलिस स्टेशन में एक मामला दर्ज किया गया।

# विकसित भारत के लक्ष्य के लिए पब्लिक सर्विस का निरंतर अपडेट जरूरी : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कर्मयोगी साधना सप्ताह के अवसर पर कहा कि तेजी से बदलती दुनिया के साथ कदम मिलाने के लिए देश की पब्लिक सर्विस को लगातार अपडेट करना अनिवार्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ह्वविकसित भारतह्ल के लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम, संवेदनशील और आधुनिक प्रशासनिक तंत्र की अहम भूमिका होगी।

प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से अपने संबोधन में कहा कि 21वीं सदी में वैश्विक व्यवस्थाएं तेजी से बदल रही हैं और भारत भी उसी गति से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में प्रशासनिक तंत्र को समयानुकूल बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कर्मयोगी साधना सप्ताह इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो सरकारी कर्मचारियों की क्षमता और कार्यशैली को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शासन व्यवस्था का मूल मंत्र ह्वनागरिक देवो भव है, जिसका अर्थ है कि नागरिक सर्वोपरि हैं। इस सोच के साथ सरकार सार्वजनिक सेवाओं को अधिक सक्षम और नागरिकों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का भारत एक आकांक्षी समाज है, जहां हर नागरिक के अपने सपने और लक्ष्य हैं। इन सपनों को साकार करने के



लिए सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वे हर संभव सहायता प्रदान करें। उन्होंने कहा कि गवर्नेंस की सफलता का वास्तविक पैमाना यह होना चाहिए कि नागरिकों की ईज ऑफ लिविंग और क्वालिटी ऑफ लाइफ में लगातार सुधार हो। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे प्रतिदिन कुछ नया सीखने की आदत विकसित करें और खुद को एक सच्चे कर्मयोगी के रूप में ढालें। उन्होंने कहा कि निरंतर सीखने और आत्म-विकास से ही प्रशासनिक तंत्र मजबूत होगा और बेहतर परिणाम सामने आएंगे। प्रशासनिक सुधारों की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले व्यवस्था में ह्वअधिकारीह्ल होने पर ज्यादा जोर दिया जाता था, लेकिन अब समय ह्वकर्तव्य भावनाह्ल को प्राथमिकता देने का है। उन्होंने कहा कि हर निर्णय लेने से पहले यदि अधिकारी अपने कर्तव्य के बारे में सोचेंगे, तो उसके परिणाम स्वतः ही अधिक प्रभावी होंगे और समाज पर सकारात्मक असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हर निर्णय को भविष्य के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। वर्ष 2047 तक ह्वविकसित भारतह्ल का लक्ष्य सामने रखते हुए उन्होंने कहा कि आज लिए गए निर्णय देश की विकास यात्रा को नई दिशा देंगे। एक व्यक्ति का आत्म-परिवर्तन ही संस्थागत परिवर्तन का आधार बन सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस तरह के परिवर्तन के लिए अपार ऊर्जा की आवश्यकता होती है, जो केवल सेवा भाव से ही प्राप्त होती है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने कार्य को सेवा के रूप में देखें और उसी भावना के साथ कार्य करें। तकनीक और डेटा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में शासन और प्रशासन में तकनीक का व्यापक उपयोग हुआ है, जिससे सेवा वितरण में सुधार आया है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के आगमन से यह बदलाव और तेज होने वाला है। उन्होंने कहा कि भविष्य का सफल प्रशासक वही होगा, जिसे तकनीक और डेटा की अच्छी समझ होगी।

## अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी की वैधानिक मान्यता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्य सभा द्वारा गुरुवार को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित कर दिया गया। यह महत्वपूर्ण विधेयक अमरावती को आंध्र प्रदेश की स्थायी राजधानी के रूप में वैधानिक मान्यता प्रदान करने के लिए है। यह विधेयक इस संबंध में आंध्र प्रदेश विधानसभा द्वारा पारित प्रस्ताव को कानूनी आधार भी प्रदान करता है। लोकसभा द्वारा इस विधेयक को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है। विधेयक पारित होने से पूर्व सदन में इस पर चर्चा आयोजित की गई। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस संशोधन के माध्यम से यह प्रावधान किया जा रहा है कि निर्दिष्ट अवधि के समाप्त होने के पश्चात आंध्र प्रदेश राज्य की राजधानी अमरावती होगी। साथ ही, अधिनियम में एक स्पष्ट स्पष्टीकरण जोड़ा जा रहा है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि अमरावती को ही राज्य की वैधानिक राजधानी के रूप में मान्यता प्राप्त हो। इसके अतिरिक्त, आंध्र प्रदेश विधानसभा द्वारा 28 मार्च को पारित संकल्प को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से भी यह संशोधन आवश्यक है। इससे अमरावती का नाम राज्य की राजधानी के रूप में सम्मिलित किया जा सकेगा।

# भवानीपुर से ममता बनर्जी की हार पूरे बंगाल में परिवर्तन की शुरूआत होगी : अमित शाह

**कोलकाता (एजेंसी)।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पश्चिम बंगाल पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता अब परिवर्तन चाहती है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनाने के लिए तैयार है।

उन्होंने दावा किया कि यदि भवानीपुर से भाजपा प्रत्याशी शुभेंदु अधिकारी जीतते हैं तो पूरे बंगाल में सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। भवानीपुर में भाजपा प्रत्याशी शुभेंदु अधिकारी के नामांकन के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि उन्होंने चुनाव से पहले पूरे बंगाल का दौरा किया है और हर जगह लोगों में सरकार बदलने की इच्छा दिखाई दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में तोलाबाजी, भ्रष्टाचार, महिलाओं की असुरक्षा, बेरोजगारी और अवैध घुसपैठ जैसी समस्याओं से लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर सीमाओं को मजबूत किया जाएगा और अवैध घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिन राज्यों में भाजपा की सरकार बनी है वहां विकास हुआ है और अब पश्चिम बंगाल की बारी है।



अमित शाह ने भवानीपुर के मतदाताओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि सामान्यतः कई सीटें जीतने के बाद परिवर्तन होता है, लेकिन इस बार भवानीपुर की एक सीट की जीत भी पूरे राज्य की राजनीति की दिशा बदल सकती है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में ममता बनर्जी नंदीग्राम से शुभेंदु अधिकारी से हार चुकी हैं और इस बार उन्हें भवानीपुर में भी हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने मतदाताओं से निर्भय होकर मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि इस बार कोई भी मतदाताओं को वोट देने से नहीं रोक पाएगा। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं की हत्या के आरोपों का भी उल्लेख करते हुए दोषियों को सजा दिलाने की बात कही।

### मालदा में न्यायिक अधिकारियों के उत्पीड़न के पीछे भाजपा-चुनाव आयोग की साजिश : ममता



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि मालदा जिले के कालियाचक में सात न्यायिक अधिकारियों के साथ हुई बदसलूकी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और भारत निर्वाचन आयोग की संयुक्त साजिश का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने का रास्ता तैयार करना है। मुर्शिदाबाद जिले के सागरदिघी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी थी। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण राज्य प्रशासन पर उनका सीधा नियंत्रण नहीं है, लेकिन चुनाव आयोग सुरक्षा देने में विफल रहा। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। ममता बनर्जी ने कहा कि जिन लोगों के नाम न्यायिक निर्णय प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए हैं।

## खबरें : एक नजर में

### क्षेत्र के सभी विद्यालयों में बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित की जा रही : अमित कुमार

**बाढ़ (एनएसबी)।** स्थानीय प्रखंड के सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र 2026-2027 के लिए नामांकन का बिगुल फूंक दिया गया है। 01 अप्रैल से शुरू हुई इस प्रक्रिया को लेकर शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार ने जानकारी दी कि क्षेत्र के सभी विद्यालयों में बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि अब सरकारी विद्यालय निजी विद्यालय को देने के लिए मुस्तैद है । आज की शिक्षा व्यवस्था पहले के मुकाबले काफी सुढ़ और आधुनिक हुई है। विभाग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा प्रदान करने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। यदि शिक्षक बच्चों के प्रति संवेदनशीलता और समर्पण दिखाएं, तो हमारे सरकारी स्कूलों के बच्चे निजी स्कूलों के छात्रों से कहीं अधिक बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। नामांकन के दौरान अक्सर आने वाली दिक्कतों को देखते हुए प्रशासन ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। बीईओ ने स्पष्ट किया कि सभी विद्यालय प्रधानों को निर्देशित किया गया है कि वे नामांकन के नाम पर अभिभावकों को अनावश्यक रूप से परेशान न करें।नामांकन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी रखने के आदेश दिए गए हैं। अभिभावकों से अपील है कि वे सरकारी योजनाओं और बेहतर होती शिक्षा व्यवस्था का लाभ उठाने के लिए अपने बच्चों का नामांकन निकटतम सरकारी विद्यालय में कराएं।सरकारी विद्यालयों में अब न केवल मुफ्त पाठ्यपुस्तकें और मध्या भोजन उपलब्ध है, बल्कि शिक्षण के स्तर में भी व्यापक सुधार किया गया है। स्थानीय बुद्धिजीवियों ने भी विभाग के इस सक्रिय रुख की सराहना की है।


प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार।

### एनटीपीसी से निकलने वाली राख को ढोने वाले ओवरलोड हाइवा अब आम राहगीरों के लिए काल साबित हो रहे

**बाढ़/बख्तियारपुर (एनएसबी)।** एनटीपीसी से निकलने वाली राख (ऐस) को ढोने वाले ओवरलोड हाइवा अब आम राहगीरों के लिए काल साबित हो रहे हैं। एनटीपीसी से बख्तियारपुर तक का सफर सुरक्षित नहीं रह गया है। नियमों को ताक पर रखकर बिना नंबर प्लेट के दौड़ते ये वाहन न केवल यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि इनके कारण आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं ने प्रशासन की मुस्तैदी पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।


बिना नंबर प्लेट के दौड़ते ओवरलोड हाइवा।

सबसे चौंकाने वाला मामला बिहारीबीघा टोल प्लाजा से जुड़ा है। सूत्रों की मानें तो यहाँ ओवरलोड वाहनों पर कानूनी कार्रवाई करने के बजाय मैनेजमेंट का खेल चल रहा है।

नियमों की अनदेखी : ओवरलोडिंग के नाम पर भारी जुर्माना वसूलने के बजाय कथित तौर पर आपसी मिलीभगत से वाहनों को पास कराया जाता है।

बिना नंबर के वाहन : सड़क पर बिना नंबर प्लेट के हाइवा धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं, ताकि दुर्घटना की स्थिति में वाहन की पहचान न हो सके।फोरलेन पर चलना अब किसी चुनौती से कम नहीं है। इन ओवरलोडेड वाहनों से उड़ने वाली राख पीछे चल रहे वाहन चालकों की आँखों में पड़ती है, जिससे श्यता शून्य हो जाती है। यह राख और ओवरलोडिंग ही वर्तमान में फोरलेन पर होने वाले अधिकांश सड़क हादसों का मुख्य कारण बनी हुई है।प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि एनटीपीसी से बख्तियारपुर तक पुलिस की गश्त के बावजूद इन यमदूतों पर लगाम क्यों नहीं लग रही । क्या विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है । ग्रामीणों और राहगीरों ने तत्काल प्रभाव से इन वाहनों की जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। यदि समय रहते इन ओवरलोडेड और बिना नंबर वाले वाहनों पर लगाम नहीं कसी गई, तो बख्तियारपुर फोरलेन पर मौतों का आंकड़ा और भयावह हो सकता है।

### फसल लुटेरे दो कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार, शराब तस्कर भी दबोचा गया

**बाढ़ (एनएसबी)।** क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। बाढ़ एसडीपीओ रामष्ण के नेतृत्व में पंडारक और बख्तियारपुर पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाइयों में बड़ी सफलता हासिल की है। पंडारक दियारा में फसल लूटने की साजिश नाकाम, हथियार बरामद। पंडारक थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रैली दियारा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए फसल लूट की घटना को अंजाम देने पहुंचे एक शातिर अपराधी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ रामकृष्ण ने बताया कि पकड़े गए अपराधी के पास से दो देसी कट्टा और 9 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस की इस मुस्तैदी से दियारा क्षेत्र में होने वाली एक बड़ी आपराधिक घटना टल गई। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार अपराधी से उसके अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है। इधर, बख्तियारपुर पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 124 लीटर देसी शराब बरामद की है।

### मध्य विद्यालय शहरी में चोरी का प्रयास

**बाढ (एनएसबी) ।** बाढ़ प्रखंड के तहत मध्य विद्यालय शहरी में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर चोरी का प्रयास किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका दीपा कुमारी ने बताया कि परिसर में जर्जर भवन ध्वस्त होने के कारण चहारदीवारी टूट गई है, जिससे विद्यालय असुरक्षित हो गया है। अराजक तत्वों ने एक वर्ग कक्ष का ताला तोड़कर विद्युत आपूर्ति के तार चोरी कर लिए। इसके बाद चोरों ने कार्यालय कक्ष का ताला तोड़कर बड़ी चोरी की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके।

## बाबा चौहरमल के आदर्श समाज के लिए प्रेरणादायी : चिराग पासवान

**बाढ़/ एनएसबी ।** लोक आस्था और शौर्य के प्रतीक बाबा चौहरमल के वार्षिक महोत्सव में गुरुवार को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बाढ़ अनुमंडल के घोसवरी प्रखंड स्थित टाल इलाके में आयोजित इस भव्य समारोह में उन्होंने बाबा चौहरमल की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। केंद्रीय मंत्री को देखने के लिए श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं का भारी हुजूम उमड़ पड़ा।


लोक आस्था और शौर्य के प्रतीक बाबा चौहरमल के वार्षिक महोत्सव में गुरुवार को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए बाबा चौहरमल के आदर्शों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। महोत्सव को लेकर पूरे टाल क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह देखा गया, वहीं प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## हेल्थ इंस्टिच्युट में अप्रैल भर निःशुल्क की जाएगी श्रवण जाँच

### हकलाने-तुतलाने वालों की भी होगी निःशुल्क वाक चिकित्सा

**पटना (एनएसबी)।** हकलाना, तुतलाना, स्वर का स्पष्ट नहीं निकलना जैसी समस्याएँ ऐसी हैं, जो व्यक्ति के आत्म-विश्वास को कमजोर करती हैं। ऐसे व्यक्ति जीवन में सफलता के लिए सदैव सशंकित रहते हैं। ये ऐसी समस्याएँ भी नहीं हैं कि जिनका उपचार नहीं हो सकता। वाक् एवं श्रवण विज्ञान के क्षेत्र में इतना तकनीकी विकास हो चुका है कि ऐसे मरीज पूरी तरह से रोग-मुक्त हो सकते हैं। एक दिन के बच्चे की भी जाँच कर बताया जा सकता है कि वह बहरा तो नहीं है। उसे श्रवण-यंत्र देकर, आवश्यकतानुसार कृत्रिम-कान का प्रत्यारोपण कर सुनने योग्य बनाया जा सकता है और स्पीच-थेरापी से बोलने योग्य बनाया जा सकता है।

यह बातें शुक्रवार को बेऊर स्थित इंडियन इंस्टिच्युट ऑफ हेल्थ एडुकेशन ऐंड रिसर्च में गुरुवार से आरम्भ हुए निःशुल्क श्रवण-जाँच एवं वाक-चिकित्सा शिविर के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक-प्रमुख और सुप्रसिद्ध साहित्यकार डा अनिल सुलभ ने कही।

डा सुलभ ने कहा कि इस संस्थान में पूरे अप्रैल भर सुनने और बोलने से संबंधित सभी समस्याओं की निःशुल्क जाँच के साथ स्पीच-थेरापी की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध करायी जाएगी।


बेऊर स्थित इंडियन इंस्टिच्युट ऑफ हेल्थ एडुकेशन ऐंड रिसर्च में चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करते डा अनिल सुलभ व अन्य।

समारोह के मुख्य-अतिथि और बिहार के पूर्व पुलिस महानिरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने कहा कि समाज में अब भी जागरूकता की कमी है। बहुत थोड़े से लोग जानते हैं कि हकलाने-तुतलाने जैसी बीमारियों का उपचार हो सकता है। ऐसे शिविरों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता भी आती है।

विशिष्ट अतिथि और पूर्व पुलिस उपाधीक्षक रामचंद्र राम ने अपनी पत्नी का उदाहरण देकर बताया कि किस प्रकार इस संस्थान के एक फीजियोथेरापी के छात्र ने, उनकी पत्नी जो चलने से लाचार हो गयीं थीं, उन्हें चलने-फिरने योग्य बना दिया। अब वो अपने सारे कार्य स्वयं करती हैं।

इस अवसर पर सुप्रसिद्ध चिकित्सक डा रामानुज शर्मा, डा ललन कुमार, डा संजीत कुमार, ई बी पी सिंह, प्रो कपिल मुनि दूबे ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

अतिथियों का स्वागत संस्थान के अडियोलौजी ऐंड स्पीच पैथोलौजी विभाग की प्रभारी अध्यक्ष डा नेहा कुमारी ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन संस्थान के छात्र-कल्याण संकायाध्यक्ष अधिवक्ता अहसास मणिकान्त ने किया। मंच का संचालन डा संतोष कुमार सिंह ने किया।

इस अवसर पर संस्थान के प्रशासी पदाधिकारी सूबेदार संजय कुमार, प्रो चंद्रा आभा, डा आदित्य कमार ओझा, प्रो नीतीश कुमार भार्गव समेत बड़ी संख्या में उपचार के लिए आए मरीज और संस्थान के छात्रगण उपस्थित थे।

शिविर के पहले दिन कुल व्यक्तियों की जाँच की गयी, जिनमे से को स्पीचथेरापी के लिए चिन्हित किया गया है। कम सुनने वाले व्यक्तियों को श्रवण-यंत्र दिए जाएंगे। शेष व्यक्तियों को उचित परामर्श देकर विदा किया गया।

शिविर में डा नेहा कुमारी, डा आकाश कुमार, डा धनंजय कुमार, कनीय स्पीचथेरापिस्ट अनन्या कुमारी,कुणाल प्रकाश, शिवानी कुमारी तथा हिमांशु कुमार सिंह ने भी अपनी सेवाएँ दीं।

## बाढ़ से बचाव के लिए 1117 करोड़ की 384 योजनाओं को स्वीकृति

**जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में बिहार राज्य बाढ़ नियंत्रण पर्षद की बैठक में लिया गया निर्णय**

**30 करोड़ से अधिक की 5 योजनाओं पर 340 करोड़ खर्च, तटबंधों की निगरानी के लिए अभियंताओं को सख्त निर्देश**

**एम्स दरभंगा को जलजमाव से बचाने के लिए बनेगा रिंग बांध**

**पटना (एनएसबी)।** बिहार राज्य बाढ़ नियंत्रण पर्षद की 66वीं बैठक में बाढ़ वर्ष 2026 के पूर्व पूर्ण कराए जाने वाली कुल 384 अद्द बाढ़ सुरक्षात्मक योजनाओं के लिए कुल 1117.27 करोड़ रूपये खर्च करने की स्वीति प्रदान कर दी गई है। इसके साथ ही, बिहार राज्य बाढ़ नियंत्रण पर्षद द्वारा 30 करोड़ रूपये से अधिक लागत वाली कुल पांच योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इन पांच योजनाओं पर कुल 340.17 करोड़ रूपये खर्च किये जाएंगे।

उक्त पांच योजनाओं में चार कटाव निरोधक प्रति के हैं एवं एक योजना एम्स, दरभंगा को जल-जमाव से सुरक्षा हेतु रिंग बांध के निर्माण से संबंधित है। बैठक की अध्यक्षताजल संसाधन मंत्री व बिहार राज्य बाढ़ नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि राज्य के सभी तटबंधों की निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अभियंताओं को निर्देश दिया कि वे खुद स्थल का निरीक्षण करें और इससे संबंधित रिपोर्ट विभाग को समर्पित करें।

साथ ही निदेशित किया कि स्थानीय प्रशासन से समन्वय बना कर सभी संवेदनशील क्षेत्रों में जरूरी मरम्मत कार्यो को शीघ्र पूरा कर लिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं के कार्यान्वयन में उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या दिखाई दे तो तत्काल इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। बाढ़ नियंत्रण पर्षद की इस बैठक में 92.66 करोड़ रूपये की लागत से एम्स, दरभंगा को जल जमाव से मुक्त करने के लिए रिंग बांध, ड्रेनेज चैनल और पंप हाउस के साथ सम्प के निर्माण की भी चर्चा की गई।

बैठक में बिहार राज्य बाढ़ नियंत्रण पर्षद के सदस्य जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल सहित योजना एवं विकास विभाग, वित्त विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग के प्रतिनिधी, पर्षद के अन्य सदस्य एवं जल संसाधन विभाग के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

बैठक की शुरुआत में पिछले वर्ष 5 मई को बिहार राज्य बाढ़ नियंत्रण पर्षद की 65वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की स्थिति से पर्षद को अवगत कराया गया।

### स्वयं पीठ थपथपाना बन्द कर शिक्षाकर्मियों की समस्याओं का समाधान करे सरकार : फैक्टनेब

**पटना (एनएसबी)।** बिहार सरकार , शिक्षा विभाग के अधिकारियों और विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शैक्षणिक सत्र, परीक्षा संचालन और परीक्षा परिणाम को लेकर अपनी पीठ खुद थपथपाने पर बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर परीक्षा संचालन और परीक्षा परिणाम घोषित किया जाना स्वागत योग्य है, परन्तु इसमें शिक्षा विभाग के अधिकारियों, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अधिकारियों और विश्वविद्यालय प्रशासन की कोई महत्वपूर्ण योगदान या प्रयास नहीं है, बल्कि शिक्षण संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका के कारण यह सुनिश्चित हुआ है। फैक्टनेब के अध्यक्ष डा. शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, महासचिव प्रो राजीव रंजन एवं मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि राज्य के तकरीबन 60 से 70 प्रतिशत शिक्षार्थी अनुदानित शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत हैं और उन्हीं के बदौलत बिहार की शिक्षा व्यवस्था चल रही है, अन्यथा शिक्षा विभाग, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति और विश्वविद्यालय प्रशासन शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से बर्बाद करने को संकल्पित दिखाई दे रहे हैं।

## काठमांडू में बिहार- नेपाल नेत्र विशेषज्ञों का पहला संयुक्त सम्मेलन

**पटना (एनएसबी) ।** स्वास्थ्य क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल के तहत बिहार और नेपाल के नेत्र विशेषज्ञों का पहला संयुक्त वैज्ञानिक सम्मेलन काठमांडू में आयोजित किया जा रहा है। राजधानी के जेपी गोलंबर से डाक्टरों की बिहार की टीम की बसों और गाड़ी के काफिले को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विट्रो रेटिनल सोसाइटी ऑफ बिहार के नेतृत्व में बिहार से लगभग 150 डाक्टर इस सम्मेलन में भाग लेने काठमांडू पहुंचे हैं। 3 और 4 अप्रैल को आयोजित इस सम्मेलन में भारत, नेपाल सहित दक्षिण-पूर्व एशिया के 500 से अधिक नेत्र विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान रेटिना से जुड़ी बीमारियों के आधुनिक इलाज और नई तकनीकों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण प्रतिष्ठित प्रो. राजवर्धन आजाद ओरेशन है, जिसे सायमन ली द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। अध्यक्ष डा सुभाष प्रसाद एवं सचिव डा पूजा सिंहा ने बताया कि यह सम्मेलन दोनों देशों के डक्टरों के बीच सहयोग, समन्वय और ज्ञान के आदान-प्रदान को नई दिशा देगा।



राजधानी के जेपी गोलंबर से डक्टरों की बिहार की टीम की बसों और गाड़ी के काफिले को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## जांच के लिए राजद की जांच समिति रोह पहुंची

**पटना / एनएसबी।** नवादा जिला के रोह में 28 मार्च को सामाजिक सौहार्द एवं सद्भावना बिगाड़ने वाली घटना को राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। बृहस्पतिवार को इस घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए पार्टी की ओर पूर्व मंत्री मो इसराइल मंसूरी की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय जांच समिति रोह के घटनास्थल का दौरा किया। जिसमें डा उर्मिला ठाकुर, विधान पार्षद सह प्रदेश प्रवक्ता, सदस्य, मो सलमान रागीब, पूर्व विधान पार्षद, सदस्य, सतीश कुमार दास, पूर्व विधायक, सह प्रदेश प्रवक्ता, मधु मंजरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रवक्ता, राजद, सदस्य ,मो एजाज अहमद, प्रदेश प्रवक्ता, राजद, बिहार ,सदस्य, बबलू मालाकार, पूर्व प्रदेश महासचिव, राजद, सदस्य, उदय कुमार यादव, जिलाध्यक्ष, नवादा जिला, सदस्य, विमल कुमार राय, प्रदेश महासचिव, प्रदेश युवा राजद, सहित स्थानीय नेता श्रवन कुशवाहा, प्रेमा चौधरी ,मेराज खान उपस्थित थे। जांच समिति ने यह महसूस किया कि स्थानीय प्रशासन ने शांति समिति के बैठक में जो बातें हुई थी उसपर अमल नहीं किया। साथ ही प्रदेश स्तर से पहले से यह फैसला था की डीजे नहीं बजाया जाएगा लेकिन फिर भी डीजे बजाये गये और स्थानीय प्रशासन इस मामले में खामोश बना रहा। इस मामले में स्थानीय प्रशासन अगर सजग होता तो ऐसी घटना नहीं होती। इस मामले में स्थानीय प्रशासन अगर पहले से सचेत होता तो इस तरह की घटना नहीं होती। जांच कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री इसराइल मंसूरी ने कहा की जिन लोगों के दुकान और फल और सब्जी की दुकान जली है और मछली मुर्गी की जो लूट हुई है उसका मुआवजा सरकार के स्तर से दी जाए क्योंकि जो लोग गरीब है उन पर कहीं ना कहीं आर्थिक बोझ बढा है और उनके घर में फाकाकशी की स्थिति है। इन्होंने राज्य सरकार से घटना में हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति किए जाने और निर्दोष को हंसने वाली कार्रवाई से बढ़ाने की मांग की है। जो उपद्रवी है उनको चिन्हित कर के सरकार हर स्तर पर कार्रवाई करें लेकिन निर्दोषों पर कार्रवाई में इस बात का ख्याल रखें उन्हें फसाने वाली कार्रवाई नहीं हो।



बृहस्पतिवार को पार्टी की ओर पूर्व मंत्री मो इसराइल मंसूरी की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय जांच समिति रोह के घटनास्थल का दौरा किया।

## सोने का ढेला व गहने के साथ चार बदमाश गिरफ्तार

**पटना / एनएसबी।** कंकड़बाग और शहर के अन्य इलाके की घरों में चोरी करने वाले गिरोह के चार बदमाशों को दबोचा है। पुलिस टीम ने भारी मात्रा में सोने का ढेला और सोना के गहने समेत अन्य कीमती सामान बरामद किया है। मामले की जानकारी सिटी एसपी पूर्वी परिचय कुमार ने पत्रकारों को दी।

पुलिस के मुताबिक पिछले कुछ समय से पटना पूर्वी क्षेत्र में हो रहे चोरी गृहभेदन के कांडो को रोकने के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के आदेशानुसार नगर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी, पटना के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। विशेष टीम ने मानवीय सूचना एवं तकनीकी वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर गृहभेदन के घटनाओं में शामिल एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चोरी का समान खरीदने वाले ज्वेलर सहित चार अपराधकर्मियो को गिरफ्तार किया गया है।

अपराधकर्मियो के पास से विभिन्न चोरी गृहभेदन के कांडो में चोरी किया हुआ बड़ी मात्रा में ज्वेलरी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधकर्मियो के द्वारा कई कांडो में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया गया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अपराधकर्मी पूर्व में भी गृहभेदन के कांडो में जेल जा चुके है। गिरफ्तार अपराधकर्मियो का कई कांडो में आपराधिक इतिहास पाया गया है। गिरोह में शामिल अन्य अपराधकर्मियों के विरूद्ध गिरफ्तारी हेतु छापेमारी किया जा रहा है।

पुलिस टीम ने सोने का ढेला-234.9 ग्राम, सोने का ज्वेलरी-40.3 ग्राम ,चार मोबाईल,दो मोटर साईकिल, चाँदी का सिक्का-03, नामी कंपनी की दो कलाई घड़ी, बाँदी का प्लेट-01, चाँदी का पायल-01 जोडा,सोने का चम्मच-02सोने का मंगल सुत्र-01 और सोने का कानबाली-01 जोडा बरामद किया है।

इस मामले में पुलिस ने सोनु कुमार गली, थाना जक्कनपुर, गुड्डु कुमार सोहगी मोड़, थाना गौरीचक, आदित्य कुमार रामजीचक दिघा, थाना दिघा, और जितु सहनी गाँधीनगर, थाना अगमकुँआ निवासी को गिरफ्तार किया है।

## टैक्स कलेक्शन में उछाल, बिहार का राजस्व 43,324 करोड़ पहुंचा

**कर संग्रह में बिहार चौथे स्थान पर, 9.20 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज**

**निबंधन में भी रिकार्ड, लक्ष्य से अधिक हुआ संग्रह, मार्च में जीएसटी कलेक्शन में 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी**

**गैर-जीएसटी स्रोतों से 11,247 करोड़ की आय**

**पटना (एनएसबी)।** वाणिज्य कर विभाग के मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने गुरुवार को कहा कि विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 में जीएसटी, वैट और अन्य स्रोतों से प्राप्त राजस्व को मिलाकर 43,324 करोड़ रुपये का रिकर्ड राजस्व संग्रह किया है।

कर भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राजस्व संग्रह की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 में 43,324.79 करोड़ रुपये का संग्रह किया है, जो पिछले वर्ष से 4.09 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। विभाग ने पिछले वर्ष 2024-25 में 41,623.96 प्रतिशत का संग्रह किया था।

सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि 43,32479 करोड़ रुपये के राजस्व संग्रह में से विभाग ने अकेले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के मद में 32,801 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में एकत्र किए गए राजस्व से 117 प्रतिशत अधिक है। बाद में केंद्र सरकार ने आईजीएसटी बैलेंस में हुई कमी को पूरा करने के लिए 724 करोड़ रुपये की कटौती की। जिससे राज्य का जीएसटी संग्रह घटकर 32,077.22 करोड़ रुपये रह गया। इस कटौती के बावजूद, राज्य में जीएसटी संग्रह में 9.20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि राष्ट्रीय जीएसटी वृद्धि 6 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि जीएसटी संग्रह वृद्धि में बिहार देश के चौथे स्थान पर है। श्री यादव ने बताया कि उपभोक्ता वस्तुओं सहित कई वस्तुओं पर जीएसटी स्लैब में कमी के बावजूद विभाग ने उच्च सकल संग्रह हासिल किया है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य ने वित्त वर्ष 2025-26 में 2024-25 की तुलना में सभी नकद संग्रह (एसजीएसटी, सीजीएसटी, आईजीएसटी और उपकर) में 1060 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने कहा कि बिहार की वृद्धि कर्नाटक के बाद दूसरे स्थान पर है।

### 232 नशीला इंजेक्शन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**पटना / एनएसबी।** पुलिस को बुधवार को मुसल्लहपुर थाना को गुप्त सूचना मिली कि बकरी मंडी में एक व्यक्ति नशीले इंजेक्शन की अवैध खरीद-बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर मुसल्लहपुर थाना के द्वारा एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया छापामारी दल जैसे ही बकरी मंडी के पास के पास पहुँचा तो पुलिस को देखकर एक व्यक्ति व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे जिसे उपस्थित बल के सहयोग से पकड़ा गया तथा तत्पश्चात् पकडाये व्यक्ति का तलाशी लिया गया तो उनके पास से अवैध नशीले इंजेक्शन बरामद किया गया। इस संबंध में बहादुरपुर (मुसल्लहपुर) थाना कांड दर्ज किया गया है। जानकारी देते हुए सिटी एसपी पूर्वी परिचय कुमार ने बताया कि अंकित कुमार निवासी विद्यालय दाउदबिगहा कुम्हरार, थाना अगमकुंआ को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से तीन बैचो की कुल 120 एम्पुल कुल 232 नशीला इंजेक्शन,एक मोबाइल फोन और दो हजार नकद बरामद किया गया है।

## कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर, पुलिस कॉलोनी, अनीसाबाद में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का हुआ शुभारंभ

**पटना (एनएसबी)।** पुलिस कॉलोनी, अनीसाबाद स्थित 'कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर' में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरे वातावरण में एक नई ऊर्जा और उमंग का संचार हो रहा था। नए सत्र के प्रथम दिवस पर विद्यालय में उपस्थित नन्हे-मुन्ने बच्चों का विशेष स्वागत किया गया।

बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों को उपहार (गिफ्ट्स) एवं मिठाइयाँ वितरित की गईं, जिससे उनका उत्साह और भी बढ़ गया।

इस पहल का उद्देश्य बच्चों को विद्यालय के प्रति आकर्षित करना और उनके मन में सीखने के प्रति सकारात्मक भाव उत्पन्न करना था।



कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर की मैनेजिंग डायरेक्टर उषा कुमारी के साथ शिक्षक व बच्चे।

इस अवसर पर विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर "उषा कुमारी" ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती है। हमारा प्रयास है कि हर बच्चा न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि नैतिक एवं सामाजिक रूप से भी सशक्त बने।

वहीं विद्यालय की प्रिंसिपल अंकिता कुमारी ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि नया सत्र नई संभावनाओं और नए सपनों के साथ शुरू होता है। हम सभी मिलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्हें एक सकारात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों की भी सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने विद्यालय की इस पहल की सराहना की। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन और उत्साह का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

## सत्तापक्ष आईना दिखाने पर भड़क जाता हैं : अरुण यादव

**पटना / एनएसबी।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने सरकार में बैठे एनडीए नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव जब आंकड़ों के साथ सत्तापक्ष को आईना दिखाते हैं, तो सच्चाई को स्वीकार करने के बदले ऐसे भड़कते हैं जैसे लाल कपड़ा देखकर सांढ़ भड़कता है।

उन्होंने कहा कि क्या यह सच्चाई नहीं है, बिहार देश में सबसे गरीब राज्य की श्रेणी में खड़ा है। बिहार में 12 वर्षो से डबल इंजन वाली सरकार रहने के बावजूद नीति आयोग के सभी सूचकांकों पर बिहार साल दर साल पिछड़ता चला जा रहा है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सतत विकास सूचकांक में बिहार अंतिम पायदान पर खड़ा है। सत्तापक्ष के लोग बतायें बिहार में 21 वर्षो से नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार है, फिर भी बिहार बेरोजगारी का हब क्यों बना हुआ है कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर क्यों है भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर क्यों है इसके लिए दोषी कौन है

राजद प्रवक्ता ने कहा कि नीतीश कुमार ने अपने 21 वर्षो के शासनकाल में बिहार को कर्ज में डूबा दिया है। बिहार पर चार लाख करोड़ का कर्ज है। बिहार सरकार प्रत्येक वर्ष 21 हजार करोड़ ब्याज चुकाती है। बिहार के प्रत्येक व्यक्ति पर 35 हजार से अधिक का कर्ज है। इसके लिए दोषी कौन है सत्ता में बैठे लोग अपनी हर नाकामी के लिए पिछली सरकारों पर ठीकरा फोड़ने से पहले 21 वर्षो का हिसाब दें।

## बहनोई की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**आरोपी साला ने भी दर्ज कराया काउंटर केस**

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** अस्थुआ गांव मे अंतरजातीय प्रेम विवाह करने के कारण बहनोई की हत्या करने के आरोपी को सिंहवाड़ा पुलिस ने गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रेम विवाह से नाराज लड़की के परिजनों ने चाकू घोंप कर शिव शंकर ठाकुर की हत्या कर दी थी। बहन का सुहाग उजाड़ने के आरोपी ने भी काउंटर केस दर्ज कराया है। मृत शिवशंकर ठाकुर के साला आलोक कुमार राय ने पीएमसीएच में दिये फर्दबयान में कहा है कि उनकी बहन गायत्री कुमारी को शादी की नीयत से 14 मार्च को शिव शंकर ठाकुर भगा ले गया था। 28 मार्च को वह मेरी बहन को अपने घर लेकर आया। मैं अपने मित्र जितु राय के साथ शंकर के घर समझाने गया तो पिंटू ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, शिवम ठाकुर, शुभम ठाकुर, मिथिलेश ठाकुर, गुड्डू राय, कन्हैया ठाकुर, सतीश ठाकुर मारपीट करने लगा। इसी बीच कृष्ण ठाकुर ने जान मारने की नीयत से माथे पर प्रहार कर दिया। बचने के क्रम गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया।

# संवेदक की लापरवाही से राहगीर पहुंचा ICU

**नवसंदेश ब्यूरो**

**दरभंगा।** प्रारम्भ से ही विवाद में रहा बेनीपुर मनिगाछी सड़क निर्माण कार्य एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार संवेदक की लापरवाही के कारण बाइक सवार आइसीयू में पंहुच गया है जहां वहां मौत से जीवन की जंग लड़ रहा है।

बुधवार की रात लगभग आठ बजे मनिगाछी थाना क्षेत्र के बलौर गांव निवासी दयालाल दास मोटरसाइकिल से मनिगाछी की ओर जा रहे थे। इस दौरान सड़क निर्माण कार्य के संवेदक की मनमानी और लापरवाही के कारण उनकी मोटरसाइकिल बीच सड़क पर खड़े टैंकर से टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनीगाछी में भर्ती किया गया, जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें डीएमसीएच रेफर कर दिया। परिजन जब उन्हें डीएमसीएच ले गए तो वहां के चिकित्सक ने उन्हें पीएमसीएच रेफर कर दिया। बाद में परिजनों ने उन्हें दरभंगा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

**निर्माणाधीन बेनीपुर-मनिगाछी सड़क पर हुआ हादसा**



गंभीर रूप से घायल दयानन्द दास।



सड़क पर खड़ा टैंकर।

इस घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। सड़क निर्माण के दौरान जो सरकारी गाइडलाइन निश्चित है उसका पालन नहीं किया गया है। स्थानीय लोगों ने अविलंब ठेकेदार को गिरफ्तार करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि इस सड़क के निर्माण में लगा संवेदक लगातार लापरवाही कर रहा हो, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जिस जगह पर सड़क निर्माण कर उसने टैंकर खड़ा करवाया था वहां काफी अंधेरा था। रात को पता ही नहीं चल पा रहा था कि आगे कोई टैंकर खड़ा है। इसी के कारण दास दुर्घटनाग्रस्त हो गये। करीब एक सप्ताह पूर्व मनिगाछी रेलवे स्टेशन की ओर से निर्माण कार्य बिना अतिक्रमण हटाए और

**सड़क का निर्माण करवा रहे ठेकेदार ने सड़क पर खड़ा कर रखा था टैंकर**

**रात के अंधेरे में बाइक सवार उसी टैंकर से टकराकर हो गया दुर्घटनाग्रस्त**

**विधायक ने बताया गंभीर लापरवाही बोले- दोषियों पर होगी कार्रवाई**

बिना पुराने सड़क को उखाड़े कछुए की चाल से भी कम स्पीड में शुरू की गयी थी। तीन-चार दिन में करीब 100 मीटर सड़क का निर्माण किया गया। इस दौरान इस सड़क पर परिचालन को पूर्णतया बंद कर दिया। पिछले एक सप्ताह से आम लोग ठेकेदार की मनमानी से परेशान हैं। प्रखंड मुख्यालय आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रहा है। सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही की वजह से लोग परेशान हैं। इस सड़क का निर्माण भी मापदंड के अनुरूप नहीं हो रहा है। इस घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने विधायक ईश्वर मंडल को भी दिया हैं और संवेदक पर कार्रवाई करवाने की मांग की है। विधायक ने इसे संवेदक की गंभीर लापरवाही बताते हुए दोषी पर कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक घायल

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बेनीपुर-बिरौल मुख्य मार्ग के बहेड़ा थाना क्षेत्र के दाथ चौक स्थित उत्सव विवाह भवन के सामने से जा रहे नज़री गांव निवासी राम अधीन सहनी के 25 वर्षीय पुत्र मकेश सहनी को अज्ञात पिकअप कुचलकर भाग गया। जानकारी के अनुसार मुकेश पैदल ही जा रहा था इसी बीच पीछे से पिकअप गाड़ी उसे कुचलते हुए भाग गया। बहेड़ा थाने की पुलिस घटनास्थल से शव को कब्जे में कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इधर, घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने कुछ देर के लिए मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इसी दौरान घटना की सूचना पाकर मौके पर एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर आ रहे तीन लोग दुर्घटना के शिकार हो गए। बताया जाता है कि उनकी मोटरसाइकिल ट्रैक्टर में पीछे से टकरा गयी जिससे मोटरसाइकिल सवार तीनों लोग बुरी तरह घायल हो गए। तीनों को डायल 112 की पुलिस ने अनुमंडलीय अस्पताल बेनीपुर में भर्ती कराया।

## संक्षिप्त खबरें

### दरभंगा पूर्वी में भाजपा स्थापना दिवस को भव्य बनाने की तैयारी



**दरभंगा (बहेड़ी)।** भाजपा के स्थापना दिवस को भव्य एवं ऐतिहासिक मनाने के उद्देश्य से गुरुवार को बहेड़ी स्थित आईटीआई कॉलेज परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में पार्टी के मिथिला तिरहुत क्षेत्र कार्यक्रम प्रभारी पवन जायसवाल, महिला आयोग सदस्य एवं भाजपा प्रदेश नेत्री सजग झा, जिला प्रभारी राजीव रंजन सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने जबकि संचालन जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने किया। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। बैठक में मिथिला तिरहुत क्षेत्र कार्यक्रम प्रभारी पवन जायसवाल ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि संगठन की विचारधारा, समर्पण और राष्ट्रसेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की असली ताकत है। स्थापना दिवस पर हर मंडल में कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। मौके पर जिला महामंत्री शत्रुघ्न सहनी, उपाध्यक्ष ममता देवी, प्रदीप प्रधान, राधेश्याम झा, तृपित यादव, मंडल अध्यक्ष लाल मुखिया, सुधीर सिंह, प्रवीण झा, रजनीश सुंदरम, पंकज कंठ, रौशन राय, नीरज कर्ण, घनश्याम ठाकुर, चंदन ठाकुर आदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बागवानी से बदलेगा बिहार का कृषि परियदृष्य : रामकृपाल

**पटना।** बिहार सरकार राज्य में फसल विविधीकरण को गति देते हुए हल्दी, अदरक एवं ओल जैसी उच्च-मूल्य वाली उद्यानिकी फसलों को विशेष प्रोत्साहन दे रही है। इसका उद्देश्य छोटे एवं सीमांत किसानों को कम क्षेत्र और अपेक्षाकृत कम निवेश में बेहतर आय के अवसर उपलब्ध कराना है। इस पहल को लेकर राज्य के कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने गुरुवार को कहा कि राज्य की जलवायु एवं मिट्टी इन फसलों के लिए अत्यंत अनुकूल है। यह पहल विशेष रूप से गरीब परिवारों, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा ग्रामीण युवाओं के लिए सम्मानजनक, घर के नजदीक और टिकाऊ आजीविका का मजबूत माध्यम बन रही है। उन्होंने बताया कि सरकार उन्नत रोपण सामग्री, आधुनिक उत्पादन तकनीक, प्रशिक्षण, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्द्धन तथा बाजार से जोड़ने की मजबूत व्यवस्था विकसित कर रही है, ताकि किसानों को बेहतर लाभ मिल सके। हल्दी औषधीय एवं मसाला फसल के रूप में, अदरक निरंतर बाजार मांग के कारण तथा ओल कम लागत में बेहतर प्रतिफल देने वाली फसल के रूप में किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी विकल्प हैं। इन फसलों को अपनाने से खेती में विविधता आएगी, जिससे जलवायु परिवर्तन के जोखिम को कम करते हुए किसानों की आय अधिक स्थिर और सुरक्षित बनेगी। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि बिहार सरकार की प्राथमिकता है कि किसान केवल उत्पादनकर्ता न रहें, बल्कि मूल्य संवर्द्धन और बाजार से जुड़कर समृद्ध कृषि उद्यमी बनें। हल्दी, अदरक और ओल जैसी फसलें कम क्षेत्र में अधिक आमदनी, कम जोखिम और बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करती हैं। इस पहल से महिलाओं को घर-आधारित आय, युवाओं को कृषि-उद्यमिता और छोटे किसानों को जलवायु-अनुकूल एवं लाभकारी खेती का भरोसेमंद विकल्प मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसान इन फसलों को अपनाकर सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं और समृद्ध बिहार के निर्माण में भागीदार बनें।

### उद्योग विभाग ने प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को दिया औद्योगिक विकास का समग्र एवं भविष्य उन्मुख दृष्टिकोण

**पटना।** उद्योग विभाग ने 2024 बैच के 12 परिक्ष्यमान आईएएस पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर उद्योग सचिव, बिहार फाउंडोन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट अथॉरिटी के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार ने प्रशिक्षु अधिकारियों को विभाग की कार्यप्रणाली, दायित्वों एवं विभिन्न प्रशासनिक आयामों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रभावी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी प्रशासन के महत्व पर बल दिया तथा जन-केंद्रित एवं परिणामोन्मुख दृष्टिकोण अपनाने का मार्गदर्शन किया।

प्रशिक्षण सत्र में विभाग की संरचना, इसके अंतर्गत संचालित निदेशालयों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों की कार्यप्रणाली, विभिन्न शाखाओं के दायित्व एवं कार्य वितरण से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही विभागीय योजनाओं के वित्तीय प्रबंधन, क्रियान्वयन तंत्र, ऑडिट एवं लेखा प्रक्रियाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर उद्योग विभाग की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि विभाग राज्य में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने, उद्योग स्थापना को सुगम बनाने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने तथा निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रशिक्षु अधिकारियों को राज्य में विकसित की जा रही प्रमुख औद्योगिक परियोजनाओं, इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, विशेष आर्थिक क्षेत्र एवं विभिन्न औद्योगिक पार्कों की जानकारी दी गई। इन पहलों के माध्यम से बिहार को विनिर्माण, निर्यात एवं निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही, राज्य सरकार की निवशे प्रोत्साहन नीतियों, जैसे बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति, बिहार सेमीकंडक्टर पॉलिसी तथा सेक्टर-विशिष्ट नीतियों (टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, आईटी/ईएसडीएम आदि) की भी जानकारी दी गई, जिनके माध्यम से उद्योगों को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न सुविधाएं एवं प्रोत्साहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रशिक्षु अधिकारियों को विभाग के प्रमुख अंगों बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट अथॉरिटी तथा बिहार फाउंडेशनकी कार्यप्रणाली एवं योगदान से भी अवगत कराया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम परिक्ष्यमान पदाधिकारियों को औद्योगिक विकास से जुड़े नीतिगत एवं क्रियान्वयन संबंधी पहलुओं की व्यापक समझ प्रदान करने में सहायक सिद्ध हुआ, जिससे वे अपने दायित्वों का प्रभावी एवं सुचारू रूप से निर्वहन कर सकें।

# अचलपुर में कनपटी में गोली मारकर युवक की ले ली जान

**बेनीपुर (एनएसबी)।** अनुमंडल के सझुआर पंचायत अंतर्गत अचलपुर गांव में बुधवार की देर रात अज्ञात बदमाशों ने 25 वर्षीय विनोद महतो की कनपटी में गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक सत्यनारायण महतो के सबसे छोटे पुत्र थे, जो नलीहाल नरहा टोला से अपने गांव लौट रहे थे। करीब 8 बजे बाजीतपुर थाना क्षेत्र की रूसी चौड़ के पास सुनसान सड़क पर घात लगाए बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और गोली मार दी, जिससे वे मौके पर ही दम तोड़ दिया। राहगीर ने अचेत विनोद को देखकर ग्रामीणों को खबर दी, जिससे गांव में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने बहेड़ा थाने की पुलिस को सूचना दी। एसडीपीओ बासुकीनाथ झा और प्रशिक्षु थाना अध्यक्ष रोशन कुमार दलबल के साथ पहुंचे, बाजीतपुर, नेहरा व मनिगाछी थाने की पुलिस को सूचित किया। घटनास्थल से खोखा बरामद हुआ। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए

**पिता ने जतायी जमीन विवाद में हत्या किए जाने की आशंका**

डीएमसीएच भेजा गया। पोस्टमर्टम के बाद शव गांव लौटा तो परिवार में कोहराम मच गया। विनोद टेंट-डीजे का कारोबार करते थे। उनकी 3 वर्षीय पुत्री अन्यया, पत्नी चांदनी देवी, पिता सत्यनारायण महतो, मां सुमित्रा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। दो बड़े भाई बाहर मजदूरी करते हैं, उन्हें सूचना दे दी गई। पिता ने बताया कि पहले से जमीनी विवाद चल रहा है। डीएसपी बासुकीनाथ झा ने कहा कि कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। हत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। मृतक पिता के आवेदन पर बाजीतपुर थाने में श्याम महतो, दिनेश महतो, रमेश महतो, गणेश महतो, सूरत पासवान उनकी पत्नी व मुकेश यादव सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ नामजद कांड संख्या 39/26 दर्ज किया गया है।

# गैस सिलेंडर की किल्लत के खिलाफ कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन और विरोध मार्च

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय के धरना स्थल पर रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की भारी किल्लत के कारण केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ गुरुवार को सुबह 10 बजे धरना प्रदर्शन और विरोध मार्च निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन भी किया।



मौके पर आयोजित सभा को जिला कांग्रेस द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एवं बेनीपुर महागठबंधन कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी मिथिलेश चौधरी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विफल विदेश नीतियों के कारण देश की जनता गैस, पेट्रोल और डीजल की किल्लत झेल रही है। लोग घंटों लाइन में लगकर गैस सिलेंडर खरीदने को मजबूर हैं। उन्होंने बिहार सरकार की वितरण व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। चौधरी ने नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजे जाने पर भाजपा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने नीतीश के चेहरे पर चुनाव जीता, लेकिन अब उन्हें राज्यसभा भेजकर बिहार की जनता के साथ धोखा किया है। सभा को प्रखंड अध्यक्ष देवकीनंदन ठाकुर, सीताराम चौधरी, रामेंद्र मोहन झा, संजय मिश्र, राव विरेन्द्र यादव तथा पूर्व मुखिया कामेश्वर झा ने भी संबोधित किया।

# सतत और योजनाबद्ध रूप से की गयी मेहनत राह आसान बनाती है



**दरभंगा (एनएसबी)।** उच्च माध्यमिक विद्यालय मोरो, प्रखंड हनुमाननगर में प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित माध्यमिक और उच्च माध्यमिक परीक्षा में विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र, मेडल, मोमेंटो और सर्टिफिकेट फाइल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मैट्रिक के स्कूल टॉपर कुणाल कुमार राय, इंटरमीडिएट आर्ट्स की टॉपर गणिता कुमारी और साइंस टॉपर ऋतु राज को सम्मानित किया। अपने संबोधन में प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार ने कहा कि विद्यार्थी समाज की सबसे बड़ी पूंजी हैं। बच्चों की सफलता विद्यालय, परिवार और समाज के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। आपलोग खूब मेहनत करते रहें और जीवन में खूब तरक्की करें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शक्षक डॉ. रमण कुमार राजेश ने कहा कि सतत और योजनाबद्ध रूप से की गयी मेहनत सफलता की राह को आसान बनाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक सियाराम राय ने की। शिक्षक शंभुनाथ राय ने कहा कि बच्च हमेशा अनुशासन में रहकर ही जीवन का मुकाम हासिल कर सकते हैं। शिक्षक गौतम जौहरी, देवेंद्र प्रताप सिंह, बबीता, अन्नू कुमारी, प्रियंका कुमारी, कुमारी चंद्रप्रभा, अंशु प्रभा, रेखा कुमारी, राजकुमार, सुजीत कुमार, अशोक, प्रदीप, आफताब आलम, शारदा, प्राची आदि ने कुणाल कुमार राय का मैट्रिक परीक्षा में जिला स्तर पर आठवीं रैंक आने पर खुशी जाहिर की। साथ ही गणिता और ऋतुराज को भी शुभकामाएं दीं। कार्यक्रम का समापन शिक्षक राजकुमार के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

गया। कक्षा नर्सरी से आरुही कुमारी, एलकेजी से अनुष्का कुमारी, यूकेजी से देवांशी कुमारी, प्रथम से इंद्रजीत कुमार शर्मा, द्वितीय से अनन्या कुमारी, तृतीय कक्षा से राखी कुमारी, चतुर्थ कक्षा से अमृता कुमारी, पांचवी कक्षा से अनन्या कुमारी, छठी कक्षा से विवेक कुमार यादव, सातवीं कक्षा से सत्यम कुमार शर्मा, आठवीं कक्षा से सोहन कुमार मुखिया एवं हर्ष कुमार झा ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर अभिभावक एवं शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। स्कूल के निदेशक मनोज कुमार झा ने सभी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। सच्ची लगन, मेहनत, ईमानदारी एवं समर्पित होकर ही मुकाम हासिल किया जा सकता है। विद्यालय की प्राचार्या कल्याणी आचार्या एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने-अपने वर्ग के बच्चों को अंक पत्र वितरण किया और आने वाले सत्र के लिए सबों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बिरौल सेंट्रल स्कूल का वार्षिक परिणाम प्रकाशित



**बिरौल (एनएसबी)।** बिरौल प्रखंड स्थित बिरौल सेंट्रल स्कूल में बृहस्पतिवार को नर्सरी से कक्षा नवम तक का वार्षिक परिणाम प्रकाशित किया

### इंटर और मैट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

**कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)।** बृहस्पतिवार को उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बेरि, के सभागार में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापक डॉ. कृष्ण कुमार तेजस्वी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र, छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप मेडल और पुस्तकें शिक्षक, शिक्षिकाओं के हाथों से प्रदान किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से इनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर छात्र अत्यधिक उत्साहित नजर आ रहे थे। विद्यालय के विद्यार्थी सद्दाम, शिवम, वर्षा, रंजन, रुकसाना, जया झा एवं चमेली कुमारी को परीक्षा में उत्तम परिणाम के लिए पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन में सुश्री पूजा कुमारी, निसार आलम, रविप्रकाश चौपाल, चंदन कुमार व जीबछी देवी सहित पूरा विद्यालय परिवार सक्रियता के साथ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन मैथिली के विद्यालय अध्यापक अखिलेश कुमार झा ने किया। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। निरंतर मेहनत, अनुशासन और सही दिशा में किया गया प्रयास ही सफलता दिलाता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति स्पष्ट रहने, समय का सदुपयोग करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। छात्रों की इस उपलब्धि से अभिभावकों और स्थानीय लोगों में गर्व और खुशी का माहौल है।

# आइडियल पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिक परीक्षा परिणामोत्सव

**अलीनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के पकड़ी चौक स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल में गुरुवार को वार्षिक परीक्षा परिणामोत्सव बड़े ही उत्साह के वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में खुशी और उल्लास का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों का परीक्षा परिणाम जानने के लिए उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी कक्षाओं के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में मीनाक्षी कुमारी, साक्षी कुमारी, रौनक सदा, आयुष कुमार यादव, रमनजी साहू, माधव कुमार यादव एवं राधिका कुमारी प्रमुख रहे। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामललित दास, श्यामसुंदर दास, रामअधीन दास एवं हरेराम दास मौजूद रहे। साथ ही बड़ी संख्या में अभिभावक, जिनमें रामनाथ सहनी, प्रभाकर झा, गंगाराम यादव, चंद्रवीर यादव, मुरारी यादव, दयासागर कुमार,



पूनम देवी एवं अशोक कामती शामिल थे, ने बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय के निदेशक अरुण सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि परिश्रम, अनुशासन और नियमित अध्ययन ही सफलता की सच्ची कुंजी है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों के सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें आगामी सत्र में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# पशुपतिनाथ-वैद्यनाथधाम हाई स्पीड कॉरिडोर से जुड़े कुशेश्वरस्थान

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा को सड़क, रेल तथा हवाई कनेक्टिविटी का केंद्रबिंदु बनाने के लिए ठोस पहल की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को लोकसभा में प्रस्तावित नेपाल के पशुपतिनाथ-बैद्यनाथधाम हाई स्पीड कॉरिडोर में दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान धाम को जोड़ने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया।

स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा के सचेतक डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने लोकसभा में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शून्यकाल में प्रस्तावित पशुपतिनाथ धाम-बैद्यनाथ धाम हाई स्पीड कॉरिडोर का वाया भेजा गंडौल कुशेश्वरस्थान से खगड़िया होकर निर्माण करने का आग्रह किया तथा इसके दूरगामी महत्वों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि प्रस्तावित पशुपतिनाथ धाम-बैद्यनाथ धाम हाई स्पीड कॉरिडोर धार्मिक पर्यटन, भारत-नेपाल सीमा पार संपर्क एवं क्षेत्रीय आर्थिक विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना साबित होगी। इसके माध्यम से उत्तर बिहार के उपेक्षित एवं पिछड़े क्षेत्रों को सीधा लाभ होगा। कुशेश्वरस्थान जैसे उत्तर बिहार के प्रमुख धार्मिक स्थल को इस कॉरिडोर से जोड़ने से श्रद्धालुओं की आवागमन सुविधा में वृद्धि होगी तथा धार्मिक पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी।

सांसद डॉ. ठाकुर ने इस प्रस्तावित हाईस्पीड कॉरिडोर में कुशेश्वरस्थान को जोड़ने के लिए भौगोलिक रूप से अनिवार्य बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से दरभंगा



ही नहीं वल्कि आसपास के दर्जनों जिलों को बेहतर सड़क संपर्क प्राप्त होगा जिससे क्षेत्रीय व्यापार, रोजगार एवं आधारभूत संरचना के विकास को तेज गति मिलेगी। सांसद डॉ. ठाकुर ने इस प्रस्तावित हाईस्पीड करिडोर को भारत-नेपाल के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार तथा पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर से झारखंड के वैद्यनाथधाम तक बिहार सरकार के प्रस्तावित हाई स्पीड सड़क कॉरिडोर को दरभंगा के कुशेश्वरनाथ से जोड़ने से दरभंगा जिले का नेपाल तथा झारखंड से सड़क से सीधा जुड़ाव हो जाएगा। इस प्रस्तावित हाई स्पीड कॉरिडोर में दरभंगा के जुटने से मिथिला की सांस्कृतिक विरासत का नेपाल तथा झारखंड तक विस्तार होगा जो आने वाले समय में पर्यटन के लिए वरदान साबित होगा। सांसद डॉ. ठाकुर ने इस प्रस्तावित हाईस्पीड कॉरिडोर को कुशेश्वरस्थान से जोड़ने को संसाधन की दृष्टि से भी लाभदायक बताते हुए कहा कि तीन सौ एक करोड़ की लागत से 25 किलोमीटर में निर्माणाधीन पश्चिमी कोशी तटबंध को सड़क के माध्यम से कुशेश्वरस्थान से जोड़ा जा सकता है। इससे 25 किलोमीटर में हाई स्पीड कॉरिडोर की लागत कम लगेगी तथा इसके माध्यम से मधुबनी और दरभंगा के साथ पूरे उत्तर बिहार को एक नये हाई स्पीड कॉरिडोर के रूप में एक नया वैकल्पिक मार्ग भी मिल जाएगा।

**दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर ने लोकसभा में उठाया मामला**

**नेपाल, बिहार तथा झारखंड के बीच पर्यटन और व्यापार के लिए अहम साबित होगा यह कॉरिडोर**

## संक्षिप्त खबरें

### जन सुराज पार्टी ने सुनील कुमार सुमन को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** दिघड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार सुमन को जन सुराज पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। जिसके अनुसार उन्हें समस्तीपुर, रोसड़ा, बेगूसराय और वैशाली जिले के किसान प्रकोष्ठ का प्रभारी मनोनीत किया गया है। बुधवार को शहर के हरपुर एलौथ स्थित जनसुराज कार्यालय में उक्त घोषणा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। श्री सुमन किसानों से जुड़े मुद्दों को उठाने और संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।



पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार भारती द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि सभी पदाधिकारियों को उनके अनुभव और संगठन के प्रति समर्पण के आधार पर जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही, उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे बिहार नवनिर्माण अभियान को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। वहीं, नवनियुक्त किसान प्रकोष्ठ प्रभारी श्री सुमन ने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरते हुए किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता देंगे और समस्तीपुर सहित पूरे क्षेत्र में संगठन को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा और उनके मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि क्षेत्रीय स्तर पर इस तरह की कमिटी गठन से संगठन को मजबूती मिलेगी और विभिन्न जिलों में पार्टी की पकड़ और बेहतर होगी।

### एसडीओ ने एलपीजी और पेट्रोलियम वितरकों के साथ की हालात की समीक्षा, दिए निर्देश

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी ने गुरुवार को एलपीजी और पेट्रोलियम वितरकों के साथ बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से आपूर्ति की समीक्षा की गयी जिसमें जिले में रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल के स्टॉक की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया। साथ ही निर्देश दिया कि, वितरक हॉस्टल्स, अस्पतालों और अन्य आवश्यक प्रतिष्ठानों तथा घरेलू कार्य हेतु किसी प्रकार की ईंधन की समस्या न हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। साथ ही रसोई गैस जमाखोरी, व कालाबाजारी पर भी नियंत्रण करने के निर्देश दिए। इस क्रम में उन्होंने हॉस्टल्स और मेस, जहाँ बड़ी संख्या में छात्र रहते हैं, वहां रसोई गैस की आपूर्ति प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिए। श्री कुमार ने वितरकों को गोदामों और लोडिंग-अनलोडिंग के समय सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने, उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर की होम डिलीवरी सुनिश्चित करने केलिए डिलीवरी नेटवर्क को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में पेट्रोल पंप संचालकों को आवश्यक स्टॉक बनाए रखने और परिसर में पेयजल व हवा जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा गया। एसडीओ श्री कुमार ने कहा कि, जिला प्रशासन का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि आम उपभोक्ताओं और शैक्षणिक संस्थानों को दैनिक जीवन में ऊर्जा संबंधी किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### बालाजी हनुमान मंदिर से निकाली कलश यात्रा

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के सिमरी गांव में बालाजी हनुमान मंदिर से गुरुवार को हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान पीले वस्त्र में सुसज्जित जय बजरंग बली, जय हनुमान, सियावर राम चंद्र की जय आदि उद्घोष के बीच सैकड़ो महिला, युवतियों व ग्रामीणों का जत्था कलश में पवित्र जल धारण कर सिमरी चौक, ईसापुर, बंगराहा के रास्ते मंदिर पहुचा। जहाँ पुजारी बाबा रघुवीर दास के नेतृत्व में पूजा अर्चना आरम्भ किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में नाम संकीर्तन अष्टयाम महायज्ञ का भी आयोजन किया गया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप महतो, सचिव संतोष महतो सहित विनोद महतो, पतीलाल महतो, रामप्रीत राय, रामनंदन राय, मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार आदि के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफल बनाने में लोग लगे है। जिसके कारण आसपास का वातावरण भक्तिमय बना है।



### हनुमान जयंती पर भंडारा

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** गुरुवार को राम भक्त श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समस्तीपुर शहर के मारवाड़ी बाजार में हनुमान मित्र मंडल के द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भक्त जनों ने प्रभु बजरंगबली का लगा भोग प्रसाद ग्रहण किया। प्रभु श्री हनुमान जी के पूजा एवं भंडारा के दौरान मुख्य रूप से मनोज मोदी, बलराम बोहरा, आशीष मोदी, दीपक मोदी, विजय केडिया, सुशील मोर, अजीत पाल, संकेत कुमार, दिलीप कुमार श्रद्धालु के सेवा में लगे रहे।

### धूमधाम से मनाई गई महाबली बाबा चौहरमल की जयंती

**मोरवा (एनएसबी)।** धर्मपुर बांदे पंचयात में महाबलि बाबा चौहरमल की 117वीं जयंती समारोह पूर्वक धूमधाम से मनाई गई। गुरुवार को डॉ मनोहर प्रसाद सिंह के संचालन में एवं ज्वाला कुमार की अध्यक्षता में अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस दौरान वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व का बखान करते हुए उनके द्वारा मानव कल्याण के लिए किए गए कार्यो की विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि, बाबा चौहरमल ने कहा था कि, अपने बच्चों को पढ़ाएं, मानव जीवन में शिक्षा ही सबसे महत्वपूर्ण चीज है। इसी क्रम में उन्होंने बाबा चौहरमल के बताए रास्ते पर चलने के लिए क्षेत्र के लोगों का आह्वान किया। मौके पर ज्वाला, वशिष्ठ राय वशिष्ठ, डॉ प्रेम प्रकाश पांडे, रंजीत पासवान, रामनाथ पासवान, पुनीत राम ,सनोज पासवान, बैद्यनाथ पासवान, किशन पासवान, प्रमोद पासवान, रामनाथ पासवान, लड्डू शाह, वकील पासवान, रंजीत पासवान सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



### बिहार बोर्ड मैट्रिक के परीक्षा में सफल छात्र हुए सम्मानित

**मोरवा (एनएसबी)।** प्रखंड के हरपुर भिंडी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर साइंस कोचिंग ने बिहार बोर्ड मैट्रिक के परीक्षा में सभी सफल विद्यार्थियों केलिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें सभी छात्रझछात्राओं को मेडल, मोमेंटो, एवं उपहार स्वरूप पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षक सतन कुमार ने बताया कि, हालिया संपन्न बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के 10वीं की परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। जिसको लेकर उन्हें और बेहतर करने केलिए प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया गया है। शिक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि, ग्रामीण प्रवेश के विद्यार्थी भी आज देश दुनिया में नाम रौशन कर रहे हैं। शिक्षा जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने बताया कि, स्वीटी कुमारी ने 442 अंक लाकर पंचायत का नाम रौशन किया है। वहीं, अमन कुमार 407, विक्की कुमार 395, ज्योति कुमारी 386, भारती कुमारी 376, सुहानी कुमारी 363, रीना कुमारी 346, रिया रानी 334, बिट्टू कुमार 333, साहिल कुमार 318, राकेश कुमार 301 सहित दर्जनों विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त कर-के हरपुर भिंडी पंचायत सहित अपने शिक्षण संस्थान एवं प्रखंड का नाम रोशन किया है। मौके पर शिक्षक नीरज कुमार, रानी कुमारी, राधा कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।




# जन सुराज के संगठन विस्तार में सत्यनारायण यादव बने रोसड़ा जिलाध्यक्ष

**अविता को महिला प्रकोष्ठ की कमान, प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने की घोषणा**

**रोसड़ा (एनएसबी)।** जन सुराज पार्टी ने गुरुवार को रोसड़ा में संगठन विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने जिला संगठन रोसड़ा के पदाधिकारियों की घोषणा की। जनसुराज को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश महामंत्री सरवर अली की मौजूदगी में रोसड़ा के सिनेमा चौक पर स्थित एक होटल में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन जिला प्रभारी संजय कुमार सिंह ने की। पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्णय की जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री भारती ने बताया कि, सत्यनारायण यादव को संगठन जिला रोसड़ा काजिलाध्यक्ष, डॉ. शंभू सिंह को जिला महामंत्री व महेश कुमार ठाकुर को कोषाध्यक्ष सह कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, अविता कुमारी को महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, प्रभात कुमार शर्मा को युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष और वेद प्रकाश यादव को किसान प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा, प्रो. मदन प्रसाद सिंह को बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ, संतोष गुप्ता को व्यावसायिक प्रकोष्ठ, बाल मुकुन्द सिंह को ओबीसी प्रकोष्ठ, राम प्रवेश शाहू को कपूर्री मंच, राजेन्द्र पासवान को अंबेडकर मंच व मो. कुरैश को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही पार्टी ने श्याम सुन्दर पासवान एवं डॉ. अनामिका देवी को मुख्य प्रवक्ता के की जिम्मेदारी दी है। इसके अलावा रोसड़ा जिला सलाहकार समिति में मो. जकी, राम प्रवेश चौधरी, प्रो. सुरेश झा, अजीत झा और राम शंकर भारती को शामिल किया गया है। इस दौरान श्री भारती ने कहा कि नई टीम संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जन सुराज की विचारधारा को जनझजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे और संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और नए प्राथमिक सदस्यों को जोड़ने का आह्वान किया। इन प्राथमिक सदस्यों की सहमति के बाद पंचायत समिति का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम में जन सुराज के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



नियुक्ति पत्र देते प्रदेश अध्यक्ष, जिला प्रभारी व अन्य।

## 5 से 12 अप्रैल तक गांव बस्ती चलो अभियान के साथ भाजपा मनायेगी स्थापना दिवस : संजय सहाय

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के हरपुर ऐलौथ स्थित भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा स्थापना दिवस के आयोजन को लेकर भाजपा उत्तरी के जिलाध्यक्ष नीलम सहनी और भाजपा दक्षिणी के जिलाध्यक्ष शशिधर झा की संयुक्त अध्यक्षता एवं भाजपा जिला महामंत्री ललन सिंह के संचालन में बैठक संपन्न हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी एवं मुख्य अतिथि संजय सहाय के साथ मंचासीन नेताओं ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर बैठक का विधिवत शुभारंभ किया। इस क्रम में जिले में भाजपा स्थापना दिवस समारोह पूर्वक धूमधाम से मनाने को लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान गांव बस्ती चलो अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए भाजपा समस्तीपुर उत्तरी के जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार एवं दक्षिणी के जिला उपाध्यक्ष रामाकांत राय को जिला कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया। साथ ही अन्य लोगों को भी कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में जिला प्रभारी संजीव साह, भाजपा नेता राम सुमिरन सिंह, प्रो. शील कुमार राय, कैप्टन कमलेश सहनी, सुरेश साह, जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष श्याम पासवान, श्रीमती मधुवाला, कपिल देव चौधरी, संजय सिंह, जगदेव राम, अभय कुमार गुड्डू, अमरेश साहू, अमृतांशु कुमार, सुजय पासवान, बब्लू झा, सुशील चौबे, अरविंद कुशवाहा सहित अन्य लोग शामिल रहे।




उद्घाटन करते जिलाध्यक्ष व अन्य।

## जमीन दान कर गांगो महतो बने मिसाल, सखवा का बंद अस्पताल अब होगा चालू

**बिथान (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के सखवा पंचायत में रास्ते के अभाव में दशकों से बंद पड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के फिर से चालू होने की उम्मीद जगी है। गांव के समाजसेवी गांगो महतो ने अस्पताल तक सड़क निर्माण के लिए अपनी निजी जमीन निःशुल्क देने की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद गांव में हर्ष का माहौल है। उनके इस सराहनीय पहल से पंचायत एवं आसपास के हजारों लोगों को जल्द गांव में ही स्वास्थ्य सुविधयें उपलब्ध होगी। समाजसेवी गांगो महतो के इस जनहितकारी कार्य को लेकर बिथान के बीडीओ आफताब आलम, सखवा पंचायत के मुखिया हरदेव मुखिया, पंचायत के सभी कर्मियों एवं बड़ी संख्या में सखवा ग्रामवासियों की मौजूदगी में उन्हें मिथिला की परंपरा के अनुसार अंगवस्त्र, पाग और माला आदि से सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया और उनके प्रति आभार जताया। ग्रामवासियों ने कहा कि उनका यह योगदान समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। इस मौके पर बीडीओ आफताब आलम ने कहा कि "गांगो महतो का यह योगदान काफी सराहनीय है। प्रशासन की प्राथमिकता है कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण और अस्पताल में मूलभूत सुविधाएं बहाल कर इसे चालू किया जाएगा। ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।" उन्होंने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया। वहीं सखवा पंचायत के मुखिया हरदेव मुखिया ने कहा कि "गांगो महतो ने अपनी जमीन दान कर समाज के सामने एक बड़ा उदाहरण पेश किया है। ऐसे लोगों की वजह से ही विकास कार्यों को गति मिलती है। पंचायत की ओर से भी सड़क निर्माण एवं अस्पताल चालू कराने में हर संभव सहयोग किया जाएगा।"



## न गैस की किल्लत है डीजल पेट्रोल की कमी, अफवाहों से बचने की जरूरत : एसडीओ

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले में न रसोई गैस की किल्लत है, न ही पेट्रोल डीजल की कमी है। इसलिए जिला प्रशासन तमाम जिला वासियों से अपील करता है कि, अफवाहों पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दें, धैर्य रखें निर्धारित समय पर गैस आपके घर पर पहुंचाई जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने गुरुवार को पेट्रोलियम उत्पादों को लेकर व्याप्त अफराझतफरी और वस्तु स्थिति पर जानकारी साझा करने को लेकर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने बताया कि, समय से भुगतान नहीं होने, और अचानक मांग में आए उछाल जैसे स्थानीय कारणों से की वजह से पेट्रोल डीजल वितरण में परेशानी उत्पन्न हुई थी। श्री कुमार ने बताया कि, सभी पेट्रोलियम उत्पादों के आपूर्ति और वितरण पर प्रशासन की पैनी नजर है। समय समय पर सम्बन्धित वितरकों के साथ बैठक कर उनकी परेशानियों और हालात की जानकारी ली जा रही है और जरूरी निर्देश भी दिए जा रहे हैं। साथ ही उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी से बचाने केलिए लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है। श्री कुमार ने कहा कि, जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर भी प्रशासन की नजर है।



एसडीओ दिलीप कुमार।

## नगर विकास एवं सौंदर्यीकरण में रेल परिसर स्थित खाली भूखंड का व्यावहारिक व व्यावसायिक उपयोग जरूरी : अनीता राम

**सीनियर डीसीएम के साथ नगर निगम प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न**

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** रेल परिसर में स्थित खाली भूखंड पर मल्टी फंक्शनल कॉम्प्लेक्स के निर्माण को लेकर गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में रेल मंडल की सीनियर डी.सी.एम. अनन्या स्मृति के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें में शहर के विकास, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में स्थानीय महापौर अनिता राम, नगर आयुक्त ज्ञान प्रकाश, अध्यक्ष जिला अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ भुपनेश्वर राम, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य सुजय कुमार गुड्डू, गौतम कुमार, पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप कुमार, अभिषेक कुमार, कमलेश कुमार कमल, चौबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य मोहम्मद अकरम जमाल खान, पूर्व वार्ड पार्षद हरिराम चौधरी, जेआरयूडीसीसी सदस्य कृष्ण कुमार व कौशल कुमार सिंह, राहुल कुमार तथा मनोज जायसवाल सहित रेल विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने समस्तीपुर रेलवे परिसर के खाली भूखंड का बेहतर उपयोग करते हुए वहां मल्टी फंक्शनल कॉम्प्लेक्स बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस परियोजना के माध्यम से शहर में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा रेलवे यात्रियों को भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने इस योजना को शहर के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए इसे जल्द से जल्द क्रियान्वित करने पर सहमति जताई। इस दौरान श्रीमती राम ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक को एक ज्ञापन भी सौंपा।




ज्ञापन सौंपती महापौर व अन्य।

## बढ़ती महंगाई और पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, फूंका पुतला

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर में बिहार प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर कांग्रेस कमिटी द्वारा बढ़ती महंगाई और पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं एवं आम लोगों ने कल्याणपुर चौक से प्रखंड मुख्यालय तक विशाल आक्रोश मार्च निकाला। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने 'नरेंद्र मोदी मुदार्बाद', 'हे नरेंद्र दे सिलेंडर' और 'डीजल-पेट्रोल के दाम कम करो' जैसे नारों के साथ विरोध जताया। तत्पश्चात प्रखंड मुख्यालय पर आयोजित सभा की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने केंद्र सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) जिलाध्यक्ष राजन कुमार वर्मा ने स्थानीय प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक ओर जिला प्रशासन कहता है कि गैस, डीजल और पेट्रोल की कोई किल्लत नहीं है, तो दूसरी ओर बाजार से ये चीजें गायब क्यों हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कालाबाजारी चरम पर है और अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति इतनी बदतर हो गई है कि सिलेंडर नहीं मिलने के कारण शहर में रहकर पढ़ाई करने वाले छात्र घर लौटने को मजबूर हैं। प्रदर्शन के अंत में आक्रोशित कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री का पुतला दहन किया। प्रखंड अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गैस, डीजल और पेट्रोल की किल्लत दूर नहीं की गई तथा कालाबाजारी पर रोक नहीं लगी, तो कांग्रेस कमिटी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का घेराव करेगी और मुख्यालय में अनिश्चितकालीन तालाबंदी की जाएगी।



प्रदर्शन करते कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता।

## मौसम में बदलाव के आसार, 7 अप्रैल को बारिश व तेज हवा की संभावना

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र तथा भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र द्वारा जारी आगामी 07 अप्रैल 2026 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, उत्तर बिहार के जिलों में मौसम में आंशिक बदलाव देखने को मिल सकता है। इस अवधि में आसमान में हल्के बादल छाए रहने की संभावना है। पूर्वानुमान के अनुसार 7 अप्रैल के आसपास अधिकांश क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं अन्य दिनों में मौसम मुख्यतः शुष्क बना रह सकता है। मौसम विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि वर्षा के दौरान कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है। जारी पूर्वानुमान के मुताबिक इस अवधि में अधिकतम तापमान 32 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान 19 से 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। हवा की रफ्तार को लेकर बताया गया है कि इस दौरान 8 से 18 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से पछुआ हवा चल सकती है। विशेष रूप से 7 अप्रैल को वर्षा के दौरान तेज हवा चलने की संभावना अधिक जताई गई है। वहीं सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 50 से 60 प्रतिशत तथा दोपहर में 20 से 30 प्रतिशत रहने की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि वे मौसम को ध्यान में रखते हुए फसलों की सिंचाई, कटाई एवं भंडारण कार्यों में सतर्कता बरतें। विशेषकर गरज-चमक, तेज हवा और संभावित ओलावृष्टि को देखते हुए खेतों और तैयार फसलों की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय करने की जरूरत है।

## संक्षिप्त खबरें

### विदाई सह सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**बिस्फी/एनएसबी।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय लालपुर के परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन चहुटा अंचल बीईओ महेश पासवान, एमडीएम प्रभारी गंगा प्रसाद यादव, संकुल संचालक श्रीभगवान जी मिश्रा, संकुल समन्वयक अखिलेश्वर ठाकुर, विद्यालय प्रधानाध्यापक अमरेश ठाकुर सहित कई लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. इस मौके पर कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को भावपूर्ण विदाई कि गई. वहीं उत्कृष्ट अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित भी किए गए. वक्ताओं ने उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नई दिशा के लिए प्रेरित किया .प्रमोद कुमार शर्मा, रूपम कुमारी, भाराधना कुमारी, किरण कुमारी सहित अन्य शिक्षक उपस्थिति रहे..समारोह का संचालन प्रधानाध्यापक अमरेश ठाकुर ने किया. कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माहौल को भावुक और उल्लासपूर्ण बना दिया. समा आफरीन, नारिया प्रवीण, गुलदार दरक्शा, नासरीन प्रवीण, मुस्कान कुमारी, रवि किशन सहित कई विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया. सभी ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया.अभिभावकों ने भी शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का मनोबल बढ़ता है.



### हनुमान जी और ग्रह-नक्षत्रों का गहरा संबंध : पंडित पंकज झा शास्त्री

**मधुबनी/एनएसबी।** वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो हनुमान जी और आधुनिक विज्ञान का संबंध अलौकिक शक्तियों (सिद्धियों) को उन्नत ऊर्जा, मनोविज्ञान और भौतिक विज्ञान के सिद्धांतों के रूप में देखता है। उनके सूक्ष्म/विशाल रूप (अणिमा-महिमा) को ऊर्जा के संरक्षण, उड़ने की क्षमता को उन्नत विमानन और संजीवनी को अद्भुत चिकित्सा ज्ञान का प्रतीक माना जाता है, जो असीम प्राणशक्ति और मानसिक दृढ़ता को दर्शाता है।हनुमान जी, भगवान शिव के रुद्रावतार, राम भक्त और पवनपुत्र माने जाते हैं, जिनका जीवन सेवा, शक्ति, भक्ति और समर्पण का अनूठा उदाहरण है। वे वानर राज केसरी और माता अंजना के पुत्र हैं और अमर (अजर-अमर) माने जाते हैं। उन्होंने राम-रावण युद्ध में अहम भूमिका निभाई और कलियुग में भी पूजनीय हैं।दक्षिण मुखी युगल हनुमान (या दक्षिणमुखी हनुमान) का मुख्य महत्व नकारात्मक ऊर्जा, तंत्र बाधा, शत्रुओं और शनि दोष को नष्ट करना है। दक्षिण दिशा यमराज की मानी जाती है, इसलिए यह स्वरूप मृत्यु भय, चिंताओं और शत्रुओं से रक्षा करता है। यह विशेष रूप से घर या कार्यस्थल पर सुरक्षा कवच के रूप में काम करता है। हनुमान जी और ग्रह-नक्षत्रों का गहरा संबंध है, विशेषकर मंगल ग्रह से, जिसके वे नियंत्रक माने जाते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, हनुमान जी की पूजा से मंगल दोष, शनि साढ़ेसाती, ढैया और राहु-केतु के नकारात्मक प्रभाव कम होते हैं। कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को हनुमान जी का जन्म का विवरण मिलता है।

### हनुमान जयंती पर की गई विशेष पूजा अर्चना.



**बिस्फी/एनएसबी।** प्रखंड क्षेत्र के शिव दुर्गा मंदिर परसौनी परिसर में स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में गुरुवार को हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया. यह जन्मोत्सव शक्ति, भक्ति, साहस और निस्वार्थ सेवा के प्रतीक हनुमान जी की समर्पित उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है. मौके पर पंडित घनश्याम झा, वीरेंद्र झा की उपस्थिति में पूजा अर्चना के साथ जन्मोत्सव मनाया गया. श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, बजरंग बाण का भी पाठ किया एवं उपवास रखकर पूजा अर्चना की. श्रद्धालुओं ने बताया कि भक्त हनुमान जी से बल बुद्धि और विद्या की कामना करते हैं. हनुमान जयंती की विशेषता यह है कि यह पर्व हमें सिखाता है की सच्ची भक्ति विनम्रता और साहस से जीवन की हर कठिनाइयों को पार किया जा सकता है. वही भोजपंडौल, सिमरी,बिस्फी, चहुटा, रघौली सहित कई क्षेत्रों में हनुमान जयंती मनाई.

### दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**खजौली/एनएसबी।** ब्रह्मदेव चंद्रकला अन्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पश्चमी मंडल अध्यक्ष विनोद पांडेय एवं संचालन महामंत्री सुमित कुमार सिंह ने की। प्रशिक्षण के प्रारंभ में उपस्थित कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर उपस्थित भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पर्यटन एवं कला संस्कृति मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे महापुरुष थे जिन्होने संघ की स्थापना करके राष्ट्र की सेवा को सर्वोपरि माना। कहा कि भाजपा किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं बल्कि संपूर्ण राष्ट्र की तरक्की के लिए हमेशा काम करती है। कहा कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हटाकर भारत को एकसूत्र में जोड़ने का काम किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम को मंत्री प्रतिनिधि हरिश्चन्द्र शर्मा, पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पासवान, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष प्रमिला पूर्वे, पार्टी नेता शंभूनाथ ठाकुर आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर मुखिया छठू पासवान, प्राचार्य अनीश झा, सरपंच प्रतिनिधि करण सिंह, पूर्व मुखिया अजय कुमार सिंह, राणा नितिन सिंह, इंद्र कुमार झा, सत्य नारायण झा, पूर्व सरपंच शिव शंकर साह, सुजीत राय, राम प्रकाश पासवान, ननटुन सिंह, सुभाष राय, किशोरी यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में एक वृद्धि की हुई मौत

**लदनियां/एनएसबी।** थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनिया पंचायत के भगवतीपुर गांव के निवासी पूर्व प्रमुख व राजद नेता भोगेंद्र यादव के बड़े भाई योगेंद्र यादव उम्र लगभग 66 वर्ष की मौत सड़क दुघर्टना में हो गया है। लोगों के अनुसार वे लगभग दिन के 01 बजे गैस सिलेंडर लाने के लिए लदनियां गैस एजेंसी पर गये हुए थे। गैस एजेंसी से गैस सिलेंडर लेकर घर लौटने के दौरान लदनियां बाजार से पूरब नेता जी चौक के पास एक बाइक सवार ने उनके साइकिल में सीधे टक्कर मार दिया।वे साइकिल और उस पर लदा गैस सिलेंडर के साथ पक्की सड़क गिर गए। गिरने के कारण सर में काफी चोट लगी और वे बेहोश हो गए। लोगों ने उनके परिजनों को सूचना दी। और जख्मी को सीएससी सेंटर लदनियां लाया गया जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए मधुबनी सदर अस्पताल भेज दिया गया। परंतु वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों एवं लोगों में मायूसी है। उन्होंने अपने पिछे एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़कर कर दुनिया से रुखसत कर गए। उनके निधन पर पूर्व विधायक प्रो उमाकांत यादव, पैक्स अध्यक्ष रामदेव यादव, चन्द्र वीर साह, सरोज कुमार यादव,हरी नारायण यादव,अजय कुमार साह,राम चन्द्र यादव, पूर्व मुखिया राम सागर साह, राम कुमार यादव, राम सेवक मंडल,विजय कुमार राय, पूर्व जिला परिषद सदस्य सह राजद प्रदेश सचिव राम अशीष पासवान, झमेली महरा, जगदीश यादव ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### प्रशासन को विश्वास में लेकर काम करना पहली प्राथमिकता : राम प्रसाद राऊत

**मधुबनी/एनएसबी।** जिले के बासोपट्टी थाना अंतर्गत डामू पंचायत नवगठित ग्राम रक्षा दल के जवानों के बीच थानाध्यक्ष विकास कुमार जी के द्वारा वितरित किया गया 'बैठक में बिहार ग्राम रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद राऊत, महामंत्री विजय कुमार साह, प्रखंड अध्यक्ष अशोक पासवान, डामू पंचायत के मुखिया नवल किशोर झा सहित बिहार ग्राम रक्षा दल के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे 'बिहार दल के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद राऊत ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन को विश्वास में लेकर काम करना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, किसी भी प्रकार का शिकायत प्राप्त नहीं हो इस बात को विशेष ध्यान देने पर बल दिया गया ' श्री राऊत ने ग्राम रक्षा दल के नौजवानों को संबोधित करते हुए कहा कि थानाध्यक्ष विकास कुमार के दिशा निर्देशन में ही काम होनी चाहिए।

# सरकार धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है : विधायक माधव आनंद

**मधुबन/एनएसबी।** मधुबनी के विधायक माधव आनंद ने चुनाव के समय मधुबनी के चौमुखी विकास करने की जो मतदाताओं से वादा किए थे, उसको सफल बनाने में बिहार सरकार के साथ कई आवश्यक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर धीरे-धीरे चर्चा करते हुए उसे जमीन पर उतरने की कोशिश की जा रही है! विधायक माधव आनंद ने इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए

पंडौल प्रखंड के भवानीपुर पंचायत स्थित प्रसिद्ध उग्रनाथ महादेव मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। विधायक, मधुबनी माधव आनंद ने गुरुवार को बिहार सरकार के बिहार के



उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को मधुबनी के विधायक माधव आनंद ज्ञापन देते।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार भेंट कर मंदिर परिसर में सरकारी सुरक्षा बल की तैनाती हेतु औपचारिक आग्रह प्रस्तुत किया। भेंट के दौरान माधव आनंद ने कहा कि उग्रनाथ महादेव मंदिर क्षेत्र के लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तजन पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा मंदिर परिसर में शांति एवं सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बल की तैनाती अत्यंत आवश्यक है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विषय की गंभीरता को स्वीकार करते हुए मंदिर परिसर में शस्त्र बल की तैनाती का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आवश्यक कदम शीघ्र उठाए जाएंगे।इस पहल पर क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक माधव आनंद के प्रति आभार प्रकट किया है। यह निर्णय न केवल मंदिर की सुरक्षा को सुदृढ़ करेगा, बल्कि क्षेत्र में शांति एवं विश्वास का वातावरण भी स्थापित करेगा। क्षेत्र के कई समाजसेवियों ने बताया कि मधुबनी विधानसभा के लिए प्रथम बार युवा विधायक माधव आनंद बने हैं और माधव आनंद के द्वारा मधुबनी के विकास को लेकर तत्पर रहना यह निश्चित करता है कि आने वाले समय में मधुबनी विधानसभा का हर क्षेत्र में विकास होगा!

# बिहार सरकार किसानों के फसल क्षति का मुआवजा अविलंब भूगतान करें : मनोज

## किसानों के साथ लापरवाही बरत रहे हैं जिला कृषि पदाधिकारी : सत्यनारायण यादव

**मधुबनी/एनएसबी।** विहार राज्य किसान सभा मधुबनी कौंसिल द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी कार्यालय पर जोरदार नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कारागार जेल चौक से जुलूस सैकड़ों लोगों के साथ निकाली गई,सभा की अध्यक्षता बिहार राज्य किसान सभा के जिला अध्यक्ष रामजी यादव ने किया।सभा को संबोधित करते हुए विहार राज्य किसान सभा के बिहार के संयुक्त सचिव मनोज कुमार यादव ने कहा कि बिहार सरकार किसानों के फसल नुकसान के मुआवजा घोषणा करने के बाद भी लापरवाही बरत रही है उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से घोषणा किया कि पिछले दिनों राज्य में बेमौसम बारिश , ओलावृष्टि , आंधी, तुफान से मधुबनी सहित सम्पूर्ण बिहार में किसानों की फसल का भारी नुक्सान पहुंचा जिसमें गेहूं, दलहन, तेलहन और सब्जी को बड़े स्तर पर नुकसान हुआ परन्तु आज तक कोई प्रगति रिपोर्ट नहीं है राज्य सरकार हाथ पर हाथ रखकर बैठी हुई है , उन्होंने राज्य सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि नीतीश कुमार बिहार के जनता को अपमान कर रहे हैं, बिहार के जनता नितीश कुमार को जनादेश दिया था लेकिन वह भाजपा के दबाव में मुख्यमंत्री पद को छोड़ना बिहार के जनता के साथ विश्वासघात किया है , बिहार के जनता भाजपा साम्प्रदायिकता को कभी स्वीकार नहीं किया।सभा को संबोधित करते हुए बिहार राज्य किसान सभा के जिला सचिव सत्यनारायण यादव ने कहा कि मधुबनी जिला कृषि पर आधारित जिला है, मधुबनी में किसानों का फसल नुकसान का अभी तक कोई मुआवजा नहीं मिला, जिला कृषि पदाधिकारी किसानों के प्रति पुरी तरह लापरवाही बरत रहे हैं,यह किसान सभा बर्दाश्त नहीं करेगी,हम आंदोलन को और तेज करेंगे, जिला अध्यक्ष रामजी यादव ने कहा जिला प्रशासन किसान सभा के मांगों पर अविलंब भूगतान की दिशा में काम करे नहीं तो जिला में किसानों का व्यापक आंदोलन तेज किया जाएगा, जिसमें सभी प्रखंडों से सही जांच कराने, दोषी पर कार्रवाई करने, पूर्वजों के जमीन के साक्ष्य के आधार पर किसान का फार्मर आईडी बनाने, किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र देने, मधुबनी के सभी पुराने उद्योग को चालू करने की जोरदार मांग किया,सभा किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष दिलीप झा ने कहा कि किसानों का फसल क्षति का प्रति एकड़ 25000 रुपए का भूगतान, जबकि सब्जी और आम के फसल को प्रति एकड़ 50000 रुपए का भुगतान, प्रखंड स्तर पर शीतगृह का निर्माण करने की मांग किया,सभा को किसान सभा के संयुक्त सचिव बिन्दु यादव ने कहा कि सरल तरीका से प्रत्येक पंचायत में खाद बीज का अनुज्ञप्ति देने ,खाद के मधुबनी में रेक लगवाने, मुफ्त विधुत देने, डीजल पर किसानों को प्रयाप्त अनुदान देने की मांग किया।सभा को संबोधित करने वालों में बाबूलाल महतो, उपेंद्र यादव,सोनधारी यादव, ललित कुशवाहा,सुमीत्रा देवी, बीबी खातून,रेखा देवी,हरिहर झा,अजय कुमार अमर, विद्यानंद शास्त्री सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।




जिला कृषि कार्यालय समक्ष प्रदर्शन करते किसान।

## कार्यकर्ताओं से संगठन के प्रति समर्पण और सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का किया आग्रह : मृत्युंजय झा

**मधुबनी/एनएसबी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, मधुबनी के सभागार में जिला अध्यक्ष प्रभांशु झा की अध्यक्षता में गुरुवार को भाजपा स्थापना दिवस के सफल आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मृत्युंजय झा की गरिमामयी उपस्थिति रही।बैठक का संचालन जिला महामंत्री सरोज सिंह द्वारा किया गया।




इस अवसर पर संगठन की मजबूती, स्थापना दिवस कार्यक्रम की व्यापक तैयारी तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत में जिला अध्यक्ष प्रभांशु झा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में स्थापना दिवस को उत्साहपूर्ण एवं प्रभावी ढंग से मनाने पर बल देते हुए सभी कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। राष्ट्रीय परिषद सदस्य देवेंद्र यादव ने अपने उद्बोधन में पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया तथा कार्यकताओं को आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि मृत्युंजय झा ने अपने संबोधन में कार्यकताओं से संगठन के प्रति समर्पण और सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया तथा स्थापना दिवस को जन-उत्सव के रूप में मनाने की अपील की।

# गैस, पेट्रोल और डीजल की किल्लत को लेकर कांग्रेसई कार्यकर्ता ने किया प्रदर्शन

**जयनगर/एनएसबी।** गैस, पेट्रोल और डीजल की किल्लत तथा लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने गुरुवार को जोरदार प्रदर्शन किया। प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र महतो के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जयनगर रेलवे स्टेशन चौक पर एकत्र हुए और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट किया।प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। ҇महंगाई की मार, नहीं सहेंगे यार҇ और ҇जनता पर अत्याचार बंद करो҇ जैसे नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि आम जनता आज महंगाई की दोहरी मार झेल रही है। एक ओर रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हो रही वृद्धि ने आम आदमी की आर्थिक स्थिति को और कमजोर कर दिया है।

कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उनका कहना था कि महंगाई के कारण रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं आम लोगों की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के सामने जीवन-यापन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। कई परिवारों को अपनी आवश्यक जरूरतों में कटौती करनी पड़ रही है, जो बेहद चिंताजनक स्थिति को दर्शार्ता है।

इस मौके पर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष मीना देवी कुशवाहा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज देश की जनता त्राहिमाम कर रही है, लेकिन सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि महंगाई ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है और आम परिवार का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। उन्होंने सरकार से मांग की कि गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तुरंत कमी की जाए तथा आवश्यक वस्तुओं के दामों पर सख्त नियंत्रण लगाया जाए। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि ҇अच्छे दिन आएंगे҇ का वादा आज सिर्फ एक नारा बनकर रह गया है।प्रदर्शन में शामिल अन्य नेताओं- नवेंद्र झा, नित्यानंद झा, मो. चांद, मुकेश कुमार सिंह, अजय झा, अरुण प्रधान, अवधेश सिंह, मो. खालिक, प्रदीप पंजियार, असलम, गुड्डू साह और राम चंद्र साह- ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही महंगाई पर काबू नहीं पाया गया, तो कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर और बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी। उनका कहना था कि यह प्रदर्शन केवल एक प्रतीकात्मक विरोध नहीं है, बल्कि जनता की वास्तविक पीड़ा और आक्रोश को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास है।




प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

# 9 दिवसीय महावीर झंडा महोत्सव का भव्य शुभारंभ, 501 कन्याओं की निकली भव्य कलश शोभायात्रा

**जयनगर/एनएसबी।** प्रखंड क्षेत्र के दुल्लीपट्टी खिरखिरिया टोल स्थित ऐतिहासिक खेल मैदान में गुरुवार, 2 अप्रैल 2026 को श्री श्री 108 श्री महावीर झंडा महोत्सव का भव्य शुभारंभ पूरे धार्मिक उत्साह, आस्था और उल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिक शामिल हुए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्सवमय बन गया। महोत्सव के शुभारंभ के साथ ही पूरे क्षेत्र में धार्मिक ऊर्जा का संचार हो गया। आयोजन समिति के अनुसार यह महोत्सव 2 अप्रैल से 10 अप्रैल तक लगातार आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन रात्रि 10 बजे से भव्य रामलीला का मंचन किया जाएगा, जिसमें कलाकार भगवान राम के जीवन प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक विराट कुश्ती दंगल का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र और आसपास के जिलों के प्रसिद्ध पहलवान हिस्सा लेकर अपनी ताकत और कौशल का प्रदर्शन करेंगे।



कार्यक्रम में पर्यतन मंत्री।

इस महोत्सव का सबसे आकर्षक और भव्य दृश्य 501 कन्याओं द्वारा निकाली गई विशाल कलश शोभायात्रा रही। पारंपरिक वेशभूषा में सजी कन्याओं ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों और जयकारों के साथ शोभायात्रा में भाग लिया। यह शोभायात्रा आयोजन स्थल से प्रारंभ होकर दुल्लीपट्टी महावीर चौक, दुर्गा मंदिर चौक, मुरली चौक, डी.बी. कॉलेज गेट चौक, कुआढ़ स्थित शिलानाथ मंदिर एवं भैरवनाथ स्थान होते हुए जयनगर वस्ती पंचायत के मेघवाड़ी टोला और कल्याणपुर के ददरी क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक तालाब तक पहुंची।शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे मार्ग में ҇जय श्री राम҇ एवं ҇बजरंग बली की जय҇ के जयघोष गूंजते रहे। ऐतिहासिक तालाब से पवित्र जल भरने के बाद शोभायात्रा पुनः विभिन्न मार्गो से होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत कलश स्थापना की गई। इस पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक अनुशासन और पारंपरिक विधि-विधान का विशेष ध्यान रखा गया।

उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि अरुण शंकर प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र की पहचान मजबूत होती है और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।

महोत्सव को लेकर स्थानीय लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। विशेष रूप से रामलीला और कुश्ती दंगल को लेकर लोगों में खासा उत्साह है।

इस अवसर पर नगर पंचायत जयनगर के मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, उद्धव कुंवर, सुधीर खर्गा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार सिंह, अरविंद तिवारी, दिनेश वर्मा, एसडीओ दीपक कुमार, डीएसपी राघव दयाल समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### आमसभा कर शिक्षकेत्तर कर्मवहारी संघ ने लंबित मांगे पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** लंगट सिंह कॉलेज शिक्षकेतर कर्मचारी संघ की आम सभा गुरुवार को आयोजित की गई। चार अप्रैल को प्रस्तावित क्षेत्रीय वृहद परिषद की बैठक में शिक्षकेतर कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को मजबूती से रखने के उद्देश्य से हुई इस आमसभा में महासंघ के अध्यक्ष डॉ आनंद कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकेतर कर्मचारी विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों की रीढ़ हैं। लंबे समय से हमारी कई जायज मांगें लंबित पड़ी हैं।



उन्होंने आमसभा बुलाकर सभी सदस्यों द्वारा व्यक्त की गई सहमति और सुझाव के आलोक में कहा कि अगर संघ की मांगें नहीं मानी गईं तो आगे आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। डॉ आनंद कुमार सिंह ने कहा कि हमारी मांगें पूरी तरह जायज और समयानुकूल हैं। यदि उच्चाधिकारी हमारी बातों पर ध्यान नहीं देते है तो शिक्षकेतर कर्मचारी पूरे बिहार में एकजुट होकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। हम शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखना चाहते हैं लेकिन हमारी धैर्य की भी सीमा है। उन्होंने सभी शिक्षकेतर कर्मचारियों से एकजुट रहने की अपील की। सभा में शिक्षकेतर कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। आम सभा में सत्येंद्र कुमार, आनंद चक्रपाणि, संजय कुमार, लालबाबू सिंह, गुरु प्रसाद कश्यप सुजीत कुमार, जितेंद्र मोहन सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी को लेकर मुजफ्फरपुर कुश्ती टीम घोषित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** 4 एवं 5 अप्रैल को छपरा में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर 17 एवं अंडर 20 कुश्ती प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए गुरुवार को मुजफ्फरपुर कुश्ती टीम की घोषणा जी डी मदर इंटरनेशनल स्कूल में ट्रायल के माध्यम से की गई। मुजफ्फरपुर कुश्ती संघ के सचिव दिलमोहन झा ने बताया कि ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले




पहलवानों का चयन मुजफ्फरपुर कुश्ती टीम में हुआ है, जो राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। ट्रायल का उद्घाटन जी डी मदर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक पंकज कुमार ने किया। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष लालबाबू सिंह, कोषाध्यक्ष प्रवीण वर्मा उपस्थित थे। चयनित खिलाड़ियों में रोहन भाष्कर, आशीष रंजन, अमित कुमार, धैर्य सिंघानिया, कृष कुमार, आयुष मनस्वी, देवाशीष राज, आयुष कुमार व श्रेया शामिल हैं।

### विश्वकर्मा समाज ने मेधावी छात्रा कामिनी कुमारी को किया सम्मानित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बोचहां प्रखंड की उनसर पंचायत के परांती गांव निवासी रामलाल शर्मा की मेधावी पुत्री और होनहार छात्रा कामिनी कुमारी ने 10वीं मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में 474 अंक प्राप्त कर जिले में टॉप टेन में छठा स्थान हासिल किया है। उसकी उपलब्धि और उसकी प्रतिभा को देखते हुए विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.हेम नारायण विश्वकर्मा के नेतृत्व में समाज के लोगों ने छात्रा को उसके गांव



जाकर सम्मानित किया। सरस्वती सेंट्रल पब्लिक स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वकर्मा समाज की ओर से छात्रा को मोमेंटो,स्कूल बैग और पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही विश्वकर्मा समाज की ललिता ठाकुर ने कामिनी कुमारी को साइकिल एवं मेडल देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष डॉ. विश्वकर्मा ने छात्रा की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। कामिनी के पिता बढ़ईगिरी मजदूरी का काम करते हैं। आर्थिक और पारिवारिक स्थिति बहुत ही कमजोर है। कामिनी के सपनों को पूरा करने के लिए विश्वकर्मा समाज हर संभव मदद करेगा। मौके पर विजय ठाकुर, दिनेश शर्मा, वीरेंद्र ठाकुर, राजा ठाकुर, सज्जन कुमार, शिक्षक अनिल ठाकुर उपस्थित थे।

### 50 एकड़ खेत मे लगी गेहूं की फसल में लगी आग, गेंहू का खेत देख हताश हुए दर्जनों पीड़ित किसान

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** कुढ़नी प्रखंड के दुबियाही चौर में गुरुवार दोपहर अचानक आग लगने से 50 एकड़ खेत मे लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरे खेत की फसल धु धुकर जलकर राख के ढेर में बदल गई। इस घटना को लेकर इलाके में अफरा-तफरी मची रही। तेज हवा के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था, इस स्थिति में किसान अपनी फसल बचाने के लिए भाग दौड़ करते रहे, लेकिन उनकी एक नहीं चली। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। स्थानीय ग्रामीणों ने भी बाल्टी और पानी के



सहारे आग बुझाने में सहयोग किया। काफी मशक्कत के बाद लगभग चार घंटे बाद आग पर धीरे-धीरे काबू पाया जा सका। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। लेकिन किसानों को आशंका है कि बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण खेत मे लगी फसल में आग लगी है। हालांकि, प्रशासन की ओर से अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इस घटना से दर्जनों किसानों में हताशा की स्थिति बनी हुई है। किसानों का कहना है कि सालभर की मेहनत आंख के सामने जलकर बर्बाद हो गई। वही इस आगलगी से प्रभावित किसानों ने प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि उन्हें कुछ राहत मिल सके।

### महंगाई और एलपीजी-पेट्रोल को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर पीएम का पुतला फूंका

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** कुढ़नी प्रखंड कांग्रेस कमिटी के कार्यकताओं ने गुरुवार को एलपीजी गैस और पेट्रोल की कमी तथा बढ़ती महंगाई के विरोध में कुढ़नी प्रखंड कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर कांग्रेस के लोगों ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई और गैस-पेट्रोल की कमी से आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप था कि सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल ने किया, जबकि इसकी अध्यक्षता त्रिभुवन पटेल ने की। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### गैस पेट्रोल एवं बिजली के खिलाफ कहरा कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** गैस पेट्रोल एवं बिजली के खिलाफ कहरा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय के समक्ष गुरुवार को धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री सिंह नें कहा कि विश्व में चल रहे युद्ध के कारण लेकिन हम भारत के लोग मुश्किल में फंसे हैं। रसोई गैस की किल्लत से घरों में चूल्हे नहीं जल रहे हैं।जब सिलेंडर महंगे हुए तो लोगों ने बिजली से चलने वाले इंडक्शन चूल्हे खरीदे लेकिन सरकार ने शाम पांच बजे से रात 11 बजे तक बिजली की कीमत 20 प्रतिशत बढ़ा दी। पेट्रोल एवं डीजल का संकट शुरू हो चुका है। कई शहरों में लंबी-लंबी कतारें लग रही है। पेट्रोल एवं डीजल का संकट शुरू हो चुका है। कई शहरों में लंबी-लंबी कतारें लग रही है। जरूरत की हर चीज महंगी होती जा रही है। जिसके खिलाफ कांग्रेस सड़कों पर उतर रही है।

# हाट बाजार व पशु मेला में आयोजित खेसारीलाल यादव के शो में हंगामा और भगदड़, एसएसपी बोले जांच के बाद होगी कार्रवाई

**10 पुलिसकर्मियों के चोटिल और 3 के घायल होने की पुष्टि, आयोजक ने बताया अफवाह**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बोचहां प्रखंड क्षेत्र के गरहा (रुदहां) स्थित अर्जुन बाबू हाट बाजार पशु मेला में बुधवार की देर शाम आयोजित भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के कार्यक्रम के दौरान भारी भीड़ उमड़ने से अफरा तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार स्टेज पर कुछ लोग खेसारी लाल यादव के साथ सेल्फी लेने लगे। यह देखकर स्टेज के पास भीड़ में खड़े कई लोग भी खेसारीलाल के साथ सेल्फी लेने के लिए बैरिकेडिंग फांदकर स्टेज पर चढ़ने का प्रयास किया, जिसके कारण भीड़ में भगदड़ जैसे हालात बन गए। वहीं भगदड़ और अफरा तफरी की बनी स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस दौरान दर्शकों की भीड़ के बीच से लोगों ने स्टेज पर जूते चप्पल फेंकने लगे और बैरिकेडिंग तोड़कर भीड़ स्टेज के करीब



खेसारीलाल यादव के शो में मची भगदड़ में गिरते पड़ते भागते लोग।

पहुंच गई। स्थिति नियंत्रित करने तथा भीड़ तितर बितर करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया। इस घटना में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि 7 पुलिसकर्मी चोटिल हो गए। वही भगदड़ में कई अन्य लोगों के भी घायल होने की सूचना है। मिली जानकारी के अनुसार घायलों में रौशन कुमार और मुकेश कुमार नामक दो पुलिसकर्मियों को गंभीर चोट लगने पर इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं मुरारी कुमार, अंबुज कुमार और मनीर आलम सहित अन्य पुलिसकर्मियों को हाथ-पैर में चोटें आई हैं। घटना की जानकारी मिलने पर एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा, साइबर डीएसपी हिमांशु कुमार और टाउन एसडीपीओ टू विनीता सिन्हा अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान भीड़ बेकाबू हो गई थी, जिससे विधि-व्यवस्था बिगड़ गई। स्थिति को संभालने के लिए आसपास के थानों से पुलिस बल बुलाना पड़ा। वहीं भगदड़ के कारण लगभग पांच घंटे तक एनएच-57 पर ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित रही। वहीं इस मामले में मेला के आयोजक और पूर्व मंत्री रामसूरत राय ने वीडियो जारी कर भगदड़ और किसी के घायल होने की बातों को सिरे से खारिज करते हुए घटना को अफवाह बताया है। इसके विपरीत, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में भीड़ के बीच अफरातफरी और पुलिस लाठीचार्ज साफ देखा जा सकता है। जिसमें लोग गिरते पड़ते भागते नजर आ रहे हैं। वहीं एसडीपीओ टाउन टू विनीता सिन्हा ने बताया कि मेला ड्यूटी के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने में दस पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, जिनमें तीन को अधिक चोट लगी है। सभी का इलाज कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। वहीं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने कहा कि किसी बड़े कलाकार के कार्यक्रम में भीड़ जुटना स्वाभाविक है, लेकिन आयोजकों की ओर से पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई थी। मेला समिति और दर्शकों के बीच हुई झड़प के वीडियो की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## दो दिन पहले सकरा थाना क्षेत्र में मिले अज्ञात युवती की हत्या मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन, युवती का प्रेमी दोस्त के साथ गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सकरा थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व खेत में एक युवती का अज्ञात शव मिलने के बाद मामले के अनुसंधान में जुटी पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले मृतका के प्रेमी और उसके दोस्त को गिरफ्तार करने के साथ ही युवती की हत्या मामले का उद्भेदन किया है। मृतका की पहचान सकरा थाना क्षेत्र निवासी मो जसीम हुसैन की 18 वर्षीया पुत्री जोया प्रवीण के रूप में हुई है। यह जानकारी ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि प्रेम प्रसंग के विवाद में युवती का प्रेमी हीं अपने दोस्त के साथ मिलकर गला घोंटकर युवती की हत्या कर दिया था।



घटना में शामिल दो आरोपियों की गिरफ्तारी व घटना के संबंध में जानकारी देते ग्रामीण एसपी।

उन्होंने बताया कि सकरा थाना क्षेत्र निवासी मो जसीम हुसैन की 18 साल की बेटी जोया प्रवीण 30 मार्च को साइकिल से बाजार जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद बेझा चौड़ इलाके से उसका शव बरामद किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सकरा थाना में कांड संख्या 177/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देशन में एसडीपीओ पूर्वी-2 और सकरा थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया। साथ ही एफएसएल टीम की मदद से घटनास्थल से सबूत जुटाए गए। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर दो आरोपियों मछहीं निवासी किशन कुमार उर्फ कृष्ण और सरमस्तपुर निवासी पिंक कुमार उर्फ पिंटू कुमार की पहचान कर दोनों को गिरफ्तार किया गया। वहीं आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हीरो मोटरसाइकिल, मृतका की साइकिल, कपड़े और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में युवती की हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। फिलहाल दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और मामले के अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

## 14 अप्रैल को विश्वविद्यालय सीनेट हाल में अंबेडकर जयंती के अवसर पर होगा सेमिनार का आयोजन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विवि प्रशासन द्वारा सेमिनार आयोजित किए जाने को लेकर गुरुवार को कुलपति प्रो दिनेशचंद्र राय ने अपने कार्यालय में अंबेडकर जयंती आयोजन समिति की बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति ने कहा कि डॉ अंबेडकर एक प्रखर शिक्षाविद थे, इसलिए उनके बौद्धिक योगदान को याद करना और अकादमिक जगत में उनके विचारों पर सेमिनार के माध्यम से विमर्श करना हम सबों का दायित्व है। अंबेडकर जयंती मनाने का उद्देश्य डॉ अंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के संघर्ष को याद करना है। 'विधि के शासन' और लोकतंत्र को मजबूत करने के उनके आदर्शों को आगे बढ़ाना है। छात्रों को डॉ अंबेडकर के शिक्षा, ज्ञान और अधिकारों से संबंधित विचारों से परिचित कराना है। अंबेडकर जयंती आयोजन समिति के संयोजक डॉ विनोद बैठा ने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती विश्वविद्यालय सीनेट हॉल में कुलपति की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। "अंबेडकर के न्यायिक विचार और सामाजिक न्याय" विषय पर आयोजित सेमिनार में भागीदारी के लिए विभिन्न



अंबेडकर जयंती पर सेमिनार आयोजन को लेकर बैठक करते कुलपति।

विश्वविद्यालयों के विषय विशेषज्ञ शिरकत करेंगे। विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, प्राचार्य, शिक्षाविद, अंबेडकरवादी विचारक, छात्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी इस सेमिनार में हिस्सा लेंगे। बैठक में कुलसचिव डॉ समीर कुमार शर्मा, पूर्व कुलानुशासक डॉ बीएस राय, पूर्व उप कुल सचिव उमाशंकर दास, सिंडिकेट सदस्य डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, डॉ कुसुम कुमारी, डॉ विजय कुमार, डॉ वीरेंद्र चौधरी, उमा पासवान, डॉ विपिन राय, डॉ ललित किशोर, गौरव आदि उपस्थित रहे।

## तिरहुत के डीआईजी ने रिश्वतखोरी में गिरफ्तार किए गए इंस्पेक्टर सदरे आलम को पुलिस सेवा से किया बर्खास्त

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** तिरहुत प्रक्षेत्र के डीआईजी चंदन कुशवाहा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए पुलिस महकमे में बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने पूर्व में निगरानी विभाग द्वारा रिश्वत लेते पकड़े गए पुलिस आरक्षी निरीक्षक इंस्पेक्टर सदरे आलम को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया है। ज्ञात हो कि वर्ष 2021 में अहियापुर थाने में तैनात इंस्पेक्टर को भ्रष्टाचार के आरोप में निगरानी टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया था। 29 सितंबर 2021 को अहियापुर थाना क्षेत्र के सिपाहपुर निवासी तबसुम आरा ने इंस्पेक्टर सदरे आलम के विरुद्ध निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के सत्यापन के पश्चात 30 सितंबर 2021 को निगरानी विभाग की टीम ने जाल बिछाया और अहियापुर थाना के सामने स्थित एक चाय की दुकान पर इंस्पेक्टर सदरे आलम को



11,000 रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। इस गंभीर मामले की विभागीय जांच के लिए डीएसपी पूर्वी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। जांच के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) सहरियार अख्तर ने अपनी रिपोर्ट में इंस्पेक्टर सदरे आलम को पूरी तरह दोषी पाया। जांच प्रतिवेदन के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने अंतिम रिपोर्ट तिरहुत रेंज के डीआईजी को सौंपी थी, जिसमें सेवा से निष्कासन की सिफारिश की गई थी। जांच रिपोर्ट का गहन अध्ययन करने के बाद डीआईजी चंदन कुशवाहा ने इंस्पेक्टर सदरे आलम को पुलिस सेवा के अयोग्य मानते हुए बर्खास्तगी का आदेश जारी कर दिया। डीआईजी की इस कार्रवाई से पुलिस विभाग के उन अधिकारियों और कर्मियों के बीच हड़कंप मच गया है, जो भ्रष्टाचार या अनैतिक कार्यों में रुचि लेते आ रहे हैं।

## मानवता के लिए बड़ा संकट बनते जा रहें जलवायु परिवर्तन का समाधान सामुहिक जिम्मेदारी व जागरूकता से ही संभव

**एस के जे लॉ कॉलेज में आयोजित जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित सेमिनार में, वक्ताओं ने जलवायु परिवर्तन से उतपन्न स्थिति पर जताई चिंता**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के गन्नीपुर स्थित एस के जे लॉ कॉलेज के सेमिनार हॉल में गुरुवार को 'जलवायु परिवर्तन और सतत विकास' विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रामेश्वर सिंह कॉलेज के प्राचार्य प्रो डॉ श्यामल किशोर, लॉ कॉलेज के निदेशक जयंत कुमार तथा प्राचार्य डॉ के के एन तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उद्घाटन के मौके पर कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एस पी चौधरी, प्रशासक डॉ रत्नेश कुमार, सेमिनार संयोजक प्रो धनंजय कुमार पाण्डेय भी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए निदेशक जयंत कुमार ने कहा कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन मानवता के सामने सबसे बड़ा संकट है और इसका समाधान सामूहिक जिम्मेदारी एवं जागरूकता से ही संभव है। वही प्राचार्य डॉ के के एन तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि




सेमिनार में मंचासीन अतिथि व वक्तागण।

मानव-जनित गतिविधियाँ जैसे जीवाश्म ईंधन का अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई तथा औद्योगिक विकास के कारण ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन बढ़ रहा है, जिससे पृथ्वी का तापमान निरंतर बढ़ रहा है। इसके परिणामस्वरूप प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति भी बढ़ी है। उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर छोटे-छोटे प्रयासों के महत्व पर बल दिया। वही सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो डॉ श्यामल किशोर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एक विकराल समस्या का रूप ले चुका है, जिसका मुख्य कारण प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन है। उन्होंने बताया कि इसके दुष्प्रभाव के रूप में असमय सूखा, बाढ़, जल संकट, जैव विविधता में कमी तथा मानव स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने समाधान के रूप में अधिक से अधिक वृक्षारोपण, जीवाश्म ईंधन के उपयोग में कमी, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा को बढ़ावा तथा प्लास्टिक के उपयोग में कमी जैसे उपायों को अपनाने पर जोर दिया। इस क्रम में डॉ रत्नेश कुमार, डॉ एस पी चौधरी, प्रो धनंजय कुमार पाण्डेय, प्रो आशुतोष कुमार (नैक समन्वयक), प्रो पंकज कुमार, प्रो अदिति आनंद, प्रो विश्वजीत एवं प्रो अर्चना अनुपम आदि वक्ताओं ने भी जलवायु परिवर्तन के संकट को मानवता के लिए खतरनाक बताते हुए इस संकट को एक चुनौती के रूप में लेकर छोटे छोटे प्रयास से इसका मुकाबला किए जाने पर बल दिया। इस दौरान कॉलेज के छात्रों ने मुख्य अतिथि से प्रश्न पूछकर विषय को गहराई से समझने का प्रयास किया, जिससे कार्यक्रम संवादात्मक एवं ज्ञानवर्धक बन गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो ए के पाण्डेय तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो आर ए सहाय ने किया।

## नवनियुक्त नागरिक परिषद उपाध्यक्ष का भाजपा कार्यालय में हुआ भव्य स्वागत

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा भाजपा जिला महामंत्री पूर्वी मुकेश शर्मा को नागरिक परिषद का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने के बाद गुरुवार को जिला भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल दिखा। इस मौके पर मुजफ्फरपुर भाजपा जिला पूर्वी कार्यालय में मुकेश शर्मा के सम्मान में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने मुकेश शर्मा को फूल-मालाओं से लाद दिया और बुके भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उपस्थित नेताओं ने इस मनोनयन को संगठन की मजबूती और जमीनी कार्यकताओं के सम्मान का प्रतीक बताया। इस दौरान अपने संबोधन में



मुकेश शर्मा ने कहा कि यह जिम्मेदारी पार्टी और सरकार के विश्वास का प्रतीक है। मेरा लक्ष्य नागरिक परिषद के माध्यम से जिले के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर समर्पित रहना है और मैं अपने लक्ष्य को हासिल करने का भरपूर कोशिश करूंगा। सम्मान समारोह में जिला अध्यक्ष सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शिरकत की। बधाई देने वालों ने विश्वास जताया कि मुकेश शर्मा के नेतृत्व में नागरिक परिषद के कार्यों को नई गति मिलेगी और सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुँचेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक झा, अरविंद सिंह, दिलीप कुमार, रंजन कुमार ओझा, अशोक सिंह, हरि किशोर बैठा, रोहन कुमार, कुंदन गुप्ता, यशवर्धन सहित अन्य गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिद्धपीठ दक्षिणमुखी महावीर मंदिर में उमड़े हजारों श्रद्धालु


रंग-बिरंगी रोशनी व फूलों से सजा मंदिर।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** हनुमान जयंती के अवसर पर गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अहले सुबह से ही विशेष पूजा-अर्चना की जाने लगी। सिद्धपीठ दक्षिण मुखी श्री महावीर मन्दिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा की। इस दौरान श्री हनुमान जी महाराज को छप्पन भोग लगाया गया। भक्तिमय वातावरण में श्रद्धा के साथ पहुँचे हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं में आस्था का प्रवाह होता रहा। इस दौरान मन्दिर के पुजारी पंडित तेजपाल शर्मा, लालबाबू शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा श्रद्धालुओं के भक्तिभाव की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि श्रीराम भक्त हनुमान जी भक्तों की फरियाद सुनते ही नहीं, बल्कि संकट से मुक्ति भी दिलाते हैं। दिन भर चले पूजा - पाठ के बाद संध्या में महाप्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने श्रद्धा के साथ प्रसाद प्राप्त किए। इससे पूर्व बुधवार की रात ख्यातिप्राप्त कलाकारों की टोली द्वारा मनोहारी भावनृत्य व भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई। देवी दुर्गा के चरित पर आधारित नृत्य नाटिका की भावपूर्ण प्रस्तुति ने भक्तों को भाव विभोर कर दिया। दो दिवसीय कार्यक्रम में कार्यकताओं समेत अन्य ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## अगलगी की आशंका को लेकर अग्निशमन विभाग अलर्ट मोड में

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में बढ़ती गर्मी के साथ आगलगी की घटनाओं की आशंका को देखते हुए अग्निशमन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में है। 15 मार्च से 15 जून तक चल रहे अग्नि प्रबंधन काल के मद्देनजर विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। जिला होमगार्ड कार्यालय में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान जिला अग्निशमन पदाधिकारी अमृतांशु ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही महज दो मिनट के भीतर फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो जाती है। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि न्यूनतम समय में पहुंचकर आग पर काबू पाया जाए, ताकि जान-माल की क्षति को कम किया जा सके।

# बैरगनिया में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शहर में भव्य रामोत्सव शोभायात्रा के माध्यम से रामभक्ति की एक अनुपम झलक लोगों को देखने को मिला है। विहिप, बजरंग दल एवं दुर्गावाहिनी संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को निकाली गई शोभायात्रा का नेतृत्व परिषद के जिला सेवा प्रमुख संतोष कुमार देशमुख एवं प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने किया। रामोत्सव पर श्रद्धालुओं का जोश देखते ही बन रहा था। हाथों में भगवा ध्वज और मुख पर जय श्री राम के नारों के साथ रामभक्तों की टोलियां शहर भ्रमण पर निकलीं। शोभायात्रा मनोहर बाबा मंदिर के प्रांगण से शुरू हुई और मुख्य पथ, बौद्धि माता मंदिर रोड, घी पट्टी, बाबा लालदास मठ रोड सहित विभिन्न सड़कों से गुजरती हुई पुनः मनोहर बाबा मंदिर में पहुंचीं। शोभायात्रा में राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान के स्वरूप में सजे बाल कलाकारों ने बग्घियों पर विराजमान होकर श्रद्धालुओं को रामजी की लीलाएं दिखाईं। शोभायात्रा की भव्यता और जनसैलाब के बीच वातावरण पूरी तरह राममय हो गया था। शोभायात्रा में परिषद के जिला सह संयोजक ओमप्रकाश साहू, अशोक उपाध्याय, दिग्विजय सिंह,चंदन कुमार, शंभू शौर्य, रीतेश कुमार,सचिन कुमार पटेल, सुनील कुमार गुप्ता, उज्ज्वल कुमार देशमुख, रामाशीष राय, गणेश चौधरी, ब्रजमोहन कुमार, प्रमोद महतो, बबलू चौधरी, दीपेश कुमार, रितेश जायसवाल, शुभम सोना, सूरज जायसवाल, शिवम् कुमार, बबलू झा, आलोक कुमार, पूनम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अन्य श्रद्धालु शामिल थे।


हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**विहिप, बजरंग दल एवं दुर्गावाहिनी संगठनों के लोग जुलूस में हुए शामिल**

## रसोई गैस की किल्लत के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, केंद्र सरकार का फूंका पुतला

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल


हल्ला बोल प्रदर्शन के साथ पुतला दहन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बढ़ती महंगाई, रसोई गैस के बढ़ते दामों, एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में हो रही देरी, बिजली टैरिफ में 20 फीसदी की बढ़ोत्तरी से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आमलोगों ने गुरुवार डुमरा मुख्यालय के लक्ष्मी चौक भीसा पर हल्लाबोल प्रदर्शन किया।

महंगाई कम करो, भाजपा-जदयू शर्म करो, मोदी-नीतीश मुदार्बाद के नारों के बीच प्रखंड अध्यक्ष हैदर अंसारी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पुतला दहन किया। प्रदर्शन में शामिल प्रदेश प्रतिनिधि सह कार्यक्रम प्रभारी मो. शम्स शाहनवाज ने कहा कि युद्ध की आड़ में गरीब विरोधी भाजपा सरकार ने रसोई गैस सिलेंडर का दाम बढ़ा दिया है। गैस सिलेंडर के लिए हाहाकार मचा हुआ है। सबसे ज्यादा प्रभावित गृहणियां हैं। एलपीजी के लिए लंबी लाइन लगी हुई है, दूसरी ओर से सिलेंडर का कालाबजारी जारी है। प्रवासी मजदूर भी चूल्हा चौकी बंद होने के कारण घर लौटने को मजबूर हैं। प्रीमियम पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ गए हैं। मोदी सरकार के ढुलमुल विदेश नीति के चलते देशवासियों को रसोई गैस एवं पेट्रोलियम संकट से जूझना पड़ रहा है। मौके पर वैदेही शरण यादव, प्रवीण कुमार, अख्तर रजा खान, मो. आदिल, मो. तनवीर खान, रूपेश कुमार, नीरज कुमार यादव, गगन राय, मो. सुखाड़ी, शमशेर खान, लड्डू खान, आजम खान, बैद्यनाथ साह, जमाल खान, आरफीन खान, मो. आफताब, रामनाथ राय, विमल कुमार, सुरेंद्र कुमार आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## बैरगनिया में प्रखंड कांग्रेस ने किया प्रदर्शन


जुलूस निकालकर शहर में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** रसोई गैस की किल्लत तथा बढ़ती लगातार महंगाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर शहर में प्रदर्शन किया एवं पटेल चौक पर पीएम मोदी का पुतला जलाकर जमकर नारेबाजी की। प्रखंड कोंग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान के नेतृत्व में आहूत कार्यक्रम में कॉंग्रेसी पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस की किल्लत और खाद्य पदार्थों के दामों में लगातार बढ़ोतरी के विरोध एवं समस्या समाधान की मांग को लेकर जुलूस, प्रदर्शन, पुतला दहन किया है। कार्यक्रम में जगदीश झा, चांदनी कुमारी, जवाहर पासवान, अरुण महतो, नरेश गिरी, अमरुल शमी अंसारी, धीरेंद्र कुमार साहू, चिल्हिया देवी, रामेश्वर पासवान, नागेश्वर दास, दसई महतो, कासिम मास्टर, डॉ अरमान, दिनेश प्रसाद, विश्वनाथ सिंह, सुरेश यादव सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### केन्द्रीय विद्यालय में एडमिशन को लेकर असमंजस, अभिभावक परेशान

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** केंद्रीय विद्यालय संगठन के अंतर्गत संचालित केंद्रीय विद्यालय, जवाहरनगर में बाल वाटिका 3 एवं कक्षा 1 के ऑनलाइन एडमिशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को भी अभिभावक परेशान रहें। बीते दो दिनों से वेबसाइट पर आ रही समस्या को लेकर अभिभावकों में चिंता और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अभिभावकों का कहना है कि तकनीकी दिक्कतों के कारण वे समय पर फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं, जिससे उनके बच्चों के नामांकन पर संकट मंडरा रहा है। कई अभिभावकों ने विभाग से अंतिम तिथि बढ़ाने या तकनीकी समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की है। हालांकि, इस मामले में विद्यालय प्रशासन की ओर से अलग ही स्थिति सामने आई है। विद्यालय के प्राचार्य पंकज अग्रवाल और एडमिशन इंचार्ज अक्षय कुमार एवं शिक्षिका रिजवाना ने फोन पर बताया कि वेबसाइट में कोई तकनीकी समस्या नहीं है, बल्कि अभिभावकों द्वारा फॉर्म गलत तरीके से भरा जा रहा है। उनके अनुसार, केंद्रीय विद्यालय जवाहरनगर में इस बार केवल बाल वाटिका-3 के लिए आवेदन करना था, जबकि कई अभिभावक बाल वाटिका-1 एवं 2 में फॉर्म भरने का प्रयास कर रहे हैं। इसी वजह से स्टेट सिलेक्शन नहीं हो पा रहा है और लोगों को दिक्कत महसूस हो रही है। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे सही श्रेणी का चयन कर ही आवेदन करें, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो। वहीं अभिभावक अब भी स्पष्ट दिशा-निर्देश और सहायता की मांग कर रहे हैं, जिससे अंतिम तिथि से पहले सभी आवेदन पूरे हो सकें।

### मेधावी छात्रों का सम्मान, मिठाई खिला किया उत्साहवर्धन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** आदर्श मध्य विद्यालय सोशल क्लब, डुमरा में गुरुवार को राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य रामेश्वर सिंह कुशवाहा ने अव्वल अंक प्राप्त कर सफल होने वाले छात्र सिद्धू कुमार, आदित्य राज एवं प्रिंस कुमार को मिठाई खिलाकर तथा उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि इन छात्रों की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने सभी छात्रों को कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक मो. रेहान अहमद, मो. एकरामुल हक समेत विद्यालय के अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे और सभी ने सफल छात्रों को बधाई दी।



### मदरसा रहमानिया मेहसौल के आदेशपाल मौलाना मो. असफाक का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मदरसा रहमानिया मेहसौल के आदेशपाल मौलाना मो. असफाक (उम्र 45 वर्ष) का गुरुवार की शाम एक निजी क्लिनिक में हार्ट अटैक आने से निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मौलाना मो. असफाक मूल रूप से बाजपट्टी प्रखंड के बसौल गांव के निवासी थे। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र एवं दो पुत्री छोड़ गए हैं। उनके निधन से परिवार सहित पूरे इलाके में गहरा दुख व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, उनका जनाजा जुमे की नमाज के बाद मेहसौल कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। मौलाना के निधन पर मदरसा बोर्ड के सचिव अब्दुस सलाम अंसारी, मदरसा रहमानिया मेहसौल के पूर्व अध्यक्ष मो. अरमान अली, अब्दुल हन्नान, हाजी अबुल हसन कुरैशी, डॉ. जावेद, मौलाना जियाउल रहमान कासमी, मौलाना मोतिउर रहमान कासमी, मौलाना मो. सैफुल्लाह, मो. मनाजेरुल इस्लाम, मो. मजहर अली राजा, मो. सोहराब, हाफीज मो. मोबिन, मो. आरिफ दिलकश, मो. गुलाब, मो. अलीम उर्फ आरजू, हाजी मो. हशमत हुसैन, अब्दुल्लाह रहमानी, अताउल्लाह रहमानी, हाजी मो. मुख्तार आलम, रेजा अहमद राजू, जौहर अली ताज एवं अजमल समेत कई गणमान्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# आरटीई नामांकन में लापरवाही पर सख्ती स्कूलों को 6 अप्रैल तक का अल्टीमेटम

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर नामांकन को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) ने सभी प्रस्वीकृत निजी विद्यालयों को निर्धारित समय सीमा के भीतर नामांकन प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है।

जानकारी के अनुसार, आरटीई अधिनियम 2009 के तहत अलाभकारी समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का कक्षा एक में नामांकन किया जाना अनिवार्य है। इसके लिए ह्यज्ञानदीपह्न पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों का रैंडमाइजेशन कर चयनित छात्रों को विभिन्न विद्यालयों में आवंटित किया गया है। इसके बावजूद जिले में अब तक 506 बच्चों का नामांकन संबंधित विद्यालयों द्वारा नहीं किया गया है, जो पोर्टल पर लंबित है। इसे गंभीरता से लेते हुए विभाग ने सभी विद्यालयों को 6 अप्रैल 2026 तक हर हाल में नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि तक नामांकन नहीं करने या इसमें शिथिलता बरतने वाले विद्यालयों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें विद्यालय की मान्यता (प्रस्वीकृति) रद्द करने, यू-डायस कोड निरस्त करने तथा आरटीई अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई शामिल है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी को भी सूचित कर दिया गया है, ताकि नामांकन प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके और समय पर कार्य पूर्ण हो सके। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान) प्रियदर्शी सौरभ ने कहा कि आरटीई के तहत चयनित सभी बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना विद्यालयों की जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल तक हर हाल में नामांकन पूरा कर लिया जाए, अन्यथा संबंधित विद्यालयों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सीतामढ़ी में पुलिस अफसरों का बड़े पैमाने पर हुआ तबादला, 16 अधिकारियों की नई तैनाती

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा बड़े पैमाने पर तबादला आदेश जारी किया गया है। जिलादेश संख्या 531/2026 (दिनांक 02 अप्रैल 2026) के तहत कुल 16 पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण करते हुए उन्हें नए पदस्थापन स्थल पर भेजा गया है। यह कार्रवाई तिरहुत क्षेत्र, मुजफ्फरपुर के पुलिस उप-महानिरीक्षक के अनुमोदन के बाद की गई है।

जारी आदेश के अनुसार कई थानाध्यक्षों और पुलिस पदाधिकारियों को एक थाना से दूसरे थाना एवं पुलिस केंद्र/कार्यालय में स्थानांतरित किया गया है। प्रमुख बदलावों में बथनाहा, परिहार, नानपुर, बाजपट्टी, सहियारा, रीगा, भिठ्ठा, मेजरगंज, बैरगनिया सहित विभिन्न थानों के प्रभारी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने सभी स्थानांतरित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अविलंब वर्तमान पद से विरमित होकर नए पदस्थापन स्थल पर योगदान सुनिश्चित करें। साथ ही, लंबित मामलों के निष्पादन और कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। इस तबादले को जिले में प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने और पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### जिले के पुलिस पदाधिकारियों का नया पदस्थापन

| | |
|---|---|
| पुलिस निरीक्षक ललित कुमार | पुलिस केंद्र |
| पुलिस निरीक्षक राकेश कुमार | पुलिस केंद्र |
| पुलिस अवर निरीक्षक धनंजय चौधरी | थानाध्यक्ष, सीतामढ़ी |
| पुलिस अवर निरीक्षक सुमित कुमार | थानाध्यक्ष, महिंदवारा |
| पुलिस अवर निरीक्षक सुरेश कुमार | पुलिस केंद्र, सीतामढ़ी |
| पुलिस अवर निरीक्षक ललन यादव | थानाध्यक्ष, बोखड़ा |
| पुलिस अवर निरीक्षक रूपेश कुमार | थानाध्यक्ष, बथनाहा |
| पुलिस अवर निरीक्षक देवव्रत कुमार | थानाध्यक्ष, नानपुर |
| पुलिस अवर निरीक्षक अमृत कुमार पाल | पुलिस केंद्र |
| पुलिस अवर निरीक्षक जितेन्द्र कुमार | थानाध्यक्ष, बाजपट्टी |
| पुलिस अवर निरीक्षक दीपक पटेल | थानाध्यक्ष, भिठ्ठा |
| पुलिस अवर निरीक्षक आशीष कुमार ठाकुर | थानाध्यक्ष, सुप्पी |
| पुलिस अवर निरीक्षक अरविंद गिरी | थानाध्यक्ष, बैरगनिया |
| पुलिस अवर निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार | थानाध्यक्ष, मेजरगंज |
| पुलिस अवर निरीक्षक पंकज यादव | थानाध्यक्ष, परिहार |
| पुलिस अवर निरीक्षक अर्चना कुमारी | थानाध्यक्ष, सहियारा |

# 6 अप्रैल से सरकारी स्कूल चलेंगे मॉर्निंग शिफ्ट में

**नव संदेश ब्यूरो**

**गर्मी को देखते हुए सुबह 6:30 बजे से लगेंगी कक्षाएं, 12:20 बजे होगी छुट्टी**

**सीतामढ़ी।** जिले के सभी सरकारी स्कूलों के संचालन समय में बदलाव किया गया है। शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार 6 अप्रैल से स्कूल सुबह की पाली में चलेंगे। इसके तहत विद्यालय सुबह 6:30 बजे खुलेंगे और दोपहर 12:20 बजे छुट्टी होगी, जबकि शिक्षक 12:30 बजे तक विद्यालय में मौजूद रहेंगे।

बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक के आदेश के बाद जिले में नई समय-सारिणी लागू करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सुबह 7 बजे तक प्रार्थना एवं चेतना सत्र होगा। इसके बाद 7 से 7:40 बजे तक पहली, 7:40 से 8:20 बजे तक दूसरी और 8:20 से 9 बजे तक तीसरी कक्षा संचालित होगी। 9 से 9:40 बजे तक मध्यान्तर रहेगा, जिसमें प्रारंभिक विद्यालयों में मध्याह्न भोजन कराया जाएगा। मध्यान्तर के बाद 9:40 से 10:20 बजे तक चौथी, 10:20 से 11 बजे तक पांचवीं, 11 से 11:40 बजे तक छठी और 11:40 से 12:20 बजे तक सातवीं कक्षा चलेगी। सातवीं कक्षा के बाद विद्यालय की छुट्टी कर दी जाएगी। छुट्टी के बाद 12:20 से 12:30 बजे तक प्रधानाध्यापक की देखरेख में शिक्षकों द्वारा पढ़ाए गए विषयों की समीक्षा, अगले दिन की कार्ययोजना तैयार करने तथा छात्रों को दिए गए कार्यों की जांच की जाएगी।

# विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर विद्यांगन कोचिंग एवं पब्लिक स्कूल परिसर में एक भव्य एवं प्रेरणादायक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लायंस क्लब सीतामढ़ी यूथ एवं आरोग्या फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 300 स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को भावनात्मक एवं प्रेरणादायक बना दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी ट्रैफिक दीपक कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथियों में राज्य नोडल समन्वयक बिहार , राहुल रंजन, आरोग्या फाउंडेशन के सचिव एवं सुप्रसिद्ध फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. राजेश कुमार सुमन, लायंस क्लब सीतामढ़ी यूथ के डॉ. विजय सर्राफ, डॉ. आलोक कुमार, अमित प्रकाश, अमित भगत, मनीष कुमार, रितेश सर्राफ तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएन झा, नेहाल अहमद एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर ऑटिज्म जागरूकता की थीम पर आधारित पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी सृजनात्मकता एवं अभिव्यक्ति क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में अयान अहमद ने प्रथम, साक्षी झा ने द्वितीय तथा रिया कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रिया कुमारी ने प्रथम, खुशी कुमारी ने द्वितीय तथा सबा आफरीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डीएसपी ट्रैफिक दीपक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ऑटिज्म के प्रति समाज में जागरूकता एवं संवेदनशीलता का विस्तार अत्यंत आवश्यक है और ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक सोच के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



कार्यक्रम में अतिथि, आयोजक, स्कूली बच्चे व अन्य।

**लायंस क्लब सीतामढ़ी यूथ एवं आरोग्या फाउंडेशन का विद्यांगन कोचिंग व पब्लिक स्कूल में भव्य आयोजन**

आरोग्या फाउंडेशन के सचिव डॉ. राजेश कुमार सुमन ने कहा कि ऑटिज्म कोई रोग नहीं, बल्कि मस्तिष्क के कार्य करने का एक भिन्न स्वरूप है तथा समय पर पहचान एवं समुचित हस्तक्षेप के माध्यम से इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा में सशक्त रूप से जोड़ा जा सकता है। इस अवसर पर उन्होंने सभी अतिथियों को अपनी पुस्तक ह्यऑटिज्म: एक नई दृष्टि, एक नई राहह्न भेंट कर जागरूकता का संदेश भी प्रसारित किया।

डॉ. विजय सर्राफ ने कहा कि विशेष बच्चों के प्रति सहानुभूति नहीं बल्कि संवेदनशीलता, सहयोग एवं समावेशी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। डॉ. आलोक कुमार ने विद्यालय स्तर पर इस प्रकार के कार्यक्रमों को जागरूकता का सशक्त माध्यम बताया। अमित प्रकाश ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है कि वह ऑटिज्म से जुड़े बच्चों को स्वीकार करे एवं उनका मनोबल बढ़ाए।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएन झा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक चेतना के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

# समाज के अंतिम पायदान पर खड़े विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है उद्देश्य : महामंडलेश्वर

**मोतिहारी(एन एस बी)।** महादेव की पावन नगरी अरेराज में शिक्षा के क्षेत्र में एक नए स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत हुई है। बिहार बोर्ड एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए चेलेपबे टमजजं अनलाइन शैक्षिक प्लेटफर्म का भव्य उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ श्री सोमेश्वर नाथ धाम, अरेराज के पीठाधीश्वर सह महामंडलेश्वर, परम पूज्य स्वामी श्री रविशंकर गिरी जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को प्रखंड विकास पदाधिकारी (ठक्व) आदित्य दीक्षित के कुशल मार्गदर्शन में तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाना है।उद्घाटन के साथ ही डिजिटल कक्षाओं का शुभारंभ कक्षा 10 के संस्त पाठ मंगलम् से हुआ।



कार्यक्रम का उ दघाटन करते अतिथि।

यह कक्षा प्रतिष्ठित विद्वान ड़ अलकेश मिश्रा द्वारा संचालित की गई, जो काशी हिंदू विश्वविद्यालय से संस्त में शोध कर चुके हैं तथा लगभग पाँच वर्षो का अध्यापन अनुभव रखते हैं।विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा कि इस प्रथम शैक्षणिक वीडियो को स्वामी श्री रविशंकर गिरी जी ने स्वयं चेलेपबे टमजजं के ल्वनजइम चौनल पर सार्वजनिक कर राष्ट्र को समर्पित किया।

अपने संबोधन में स्वामी जी ने कहा कि यह प्लेटफर्म केवल एक शुरुआत नहीं, बल्कि एक सशक्त संकल्प है, जिसका उद्देश्य देश के कोने-कोने तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि आज भी अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी आर्थिक अभाव एवं संसाधनों की कमी के कारण अपनी शिक्षा पूरी नहीं कर पाते, ऐसे में चेलेपबे टमजजं उनके लिए वरदान साबित होगा। स्वामी जी ने संस्थापक श्री आदित्य दीक्षित के लगभग 10 वर्षो के शिक्षण अनुभव की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थी कम समय में अधिक सीखने की क्षमता विकसित कर सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि उनके मार्गदर्शन में पढ़े अनेक विद्यार्थी आज विभिन्न सरकारी पदों पर कार्यरत हैं, जो इस पहल की विश्वसनीयता को दर्शाता है।उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए कम समय में अधिक प्रश्न हल करने की क्षमता को आवश्यक बताते हुए कहा कि यह केवल अनुभवी मार्गदर्शन से ही संभव है।

भगवान शिव की पा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि चंपारण की पावन धरती अरेराज से इस प्लेटफर्म का शुभारंभ होना अत्यंत शुभ संकेत है।अंत में उन्होंने छात्र-छात्राओं से इस प्लेटफर्म से जुड़कर अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का आह्वान किया और कहा जहाँ युवाओं का सम्मान होता है, वहीं राष्ट्र महान बनता है।प्रखंड विकास पदाधिकारी आदित्य दीक्षित ने विश्वास व्यक्त किया कि यह मंच केवल एक ल्वनजइम चौनल नहीं रहेगा, बल्कि एक लन्च पैड बनेगा, जहाँ से बिहार के बच्चे अपने सपनों की उड़ान भरेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन कई प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण संसाधनों से वंचित रह जाते हैं। यह प्लेटफर्म विशेष रूप से ऐसे विद्यार्थियों और उन बेटियों के लिए है, जो घर से बाहर नहीं जा सकतीं, लेकिन बड़े सपने देखती हैं।

कार्यक्रम में चेलेपबे टमजजं टीम, अरेराज के गणमान्य नागरिकों एवं शिक्षाविदों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने एक स्वर में माना कि प्रशासन और शिक्षा का यह समन्वय क्षेत्र के युवाओं के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अनुमंडलीय अस्पताल में बढ़ेगी स्वास्थ्य सेवा

**रक्सौल।** भारत-नेपाल सीमा से सटे अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर नियुक्त चिकित्सकों में से पांच डक्टरों को योगदान देने का आदेश जारी किया गया है।इनमें आंख विशेषज्ञ ड. फैजल हक ने अस्पताल में अपना योगदान दे दिया है। फिजिशियन, गायनी, पैथोलजिस्ट सहित चार अन्य डक्टर जल्द ही योगदान देंगे।स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने अस्पताल में डक्टरों की कमी को लेकर सवाल उठाया था। उन्होंने बताया कि डक्टरों की नियुक्ति से अब क्षेत्रीय लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी इस अस्पताल में मरीजों को कई जरूरी जांच और सेवाएं निशुल्क उपलब्ध होगी।साथ ही गर्भवती महिलाओं के लिए सिजेरियन प्रसव की सुविधा होंगी।

### तीन सेवानिवृत्त प्राध्यापकों को दी गई भावपूर्ण विदाई

**रक्सौल।** वीरगंज स्थित ठाकुर राम बहुमुखी कैंपस के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त प्रो अमर कुमार मिश्र, प्रो. जयप्रकाश पांडेय और प्रो आशुतोष चौबे को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं ह भेंट के साथ भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राध्यापकों ने अवकाश प्राप्त कर रहे तीनों प्राध्यापकों की दीर्घकालीन सेवा और योगदान को याद किया और उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए अपने अपने उद्गार व्यक्त किये। सेवानिवृत प्राध्यापकों ने भी अपने लंबे समय के शैक्षणिक अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम में ड़ (प्रो) स्वयंभू शलभ, प्रो. कामेश्वर महासेठ, प्रो रंजीत प्रसाद यादव, प्रो शिव कुमार दास, प्रो संजय कुमार दास, प्रो संजीव उपाध्याय एवं प्रो शेषनाथ प्रसाद समेत विभागीय कर्मचारीगण उपस्थित थे।विदाई कार्यक्रम के बाद आयोजित रात्रि भोज में सभी प्राध्यापक एवं विभागीय कर्मचारीगण सामुहिक रूप में उपस्थित हुए।

### छापेमारी कर भारी मात्रा में देशी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

**मोतिहारी।** इस वक्त की बड़ी खबर पूर्वी चम्पारण जिले से आ रही है। जहां तुरकौलिया थाना क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत के बाद कुंभकर्णी नींद में सोयी उत्पाद चलिष्णु दल टीम की आंख खुल गयी है और एकाएक पिपरा कोठी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव स्थित सरेह में छापेमारी कर भारी मात्रा में देशी शराब बरामद किया है। उक्त जानकारी सहायक आयुक्त मद्धनिषेध नीरज कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त थाना क्षेत्र के उक्त गांव में छापेमारी कर 702 लीटर स्प्रिट बरामद किया है और एक कारोबारी उक्त गांव निवासी नन्दू राय के पुत्र राजा कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। छापेमारी में सहायक आयुक्त मद्धनिषेध श्री कुमार के अलावे निरीक्षक मद्यनिषेध सेराज अहमद,अवर निरीक्षक मुकेश कुमार, उदय कुमार, सहायक निरीक्षक मद्यनिषेध धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सिपाही हाकिम आलम, अरविन्द कुमार,रंजनी कुमारी, ज्योति कुमारी,निशा भारती एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

# भारत- नेपाल के संयुक्त आयोजन में कस्टम मैत्री पुल क्षेत्र में वृक्षारोपण एवं सफाई कार्यक्रम



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**रक्सौल(एनएसबी)।** वीरगंज महानगरपालिका, ग्रीन सिटी सामुदायिक प्रहरी सेवा केन्द्र आदर्शनगर,सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल एवं सशस्त्र सीमा बल 47 वीं वाहिनी के संयुक्त आयोजन में भारत नेपाल मैत्री पुल क्षेत्र में वृक्षारोपण, सफाई तथा लगाए गए पौधों का निरीक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम प्रकाश खेतान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। पर्यावरण संरक्षण और शहर की सुंदरता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न निकायों के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजु कार्की प्रहरी नायब उपरीक्षक, जिला प्रहरी कार्यालय पर्सा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास अधिकारी डीएसपी, सशस्त्र प्रहरी भन्सार गुल्म उपस्थित रहे। सशस्त्र सीमा बल 47 वीं वाहिनी के सहायक सेनानायक सचिन कुमार एवं उनके बल कर्मियों की उपस्थिति रही।इसी प्रकार अन्य अतिथियों में डा़ किरन पौडेल, युवराज कटुवाल ट्राफिक प्रहरी प्रमुख, वीरगंज, सचिन, निर्मला शर्मा, सुमित्रा नेपाल, कविता यादव (आफन्त नेपाल), नगर प्रहरी नायब निरीक्षक लाल प्रसाद लुइटेल तथा सशस्त्र प्रहरी नायब निरीक्षक अनिल कुमार ठाकुर सहित अन्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

# अरेराज ने जीता टेनिस बल क्रिकेट टूर्नामेंट

### लक्ष्मीपुर को हराकर बनी चैंपियन, खिलाड़ियों ने ट्रफी उठाई

**पीपराकोठी।** झखरा बलुआ में आयोजित टेनिस बल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला अरेराज ने जीत लिया है। बुधवार को हुए इस मैच में अरेराज ने लक्ष्मीपुर को हराकर खिताब पर कब्जा किया। फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्मीपुर की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट खोकर 120 रन बनाए। जवाब में उतरी अरेराज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9.4 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 121 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।



ट्रॉफी के साथ विजेता।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि मुखिया संतोष शर्मा ने विजेता अरेराज और उपविजेता लक्ष्मीपुर टीम को ट्रफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुखिया संतोष शर्मा ने कहा कि खेल शारीरिक विकास के साथ-साथ आपसी भाईचारा, अनुशासन और टीम भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने युवाओं से खेल के साथ शिक्षा पर भी ध्यान देने की अपील की। इस मौके पर उपप्रमुख योगी मांझी, उपमुखिया सुधीर शर्मा, रामजन्म मांझी, श्रीकांत यादव, अमन कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# शहर के डंकन रोड पर निर्धारित समय तक भारी माल वाहक वाहनों की इंट्री पर लगी रोक

**रक्सौल(एनएसबी)।** हरैया थाना क्षेत्र के डंकन अस्पताल रोड में आमजन, विशेषकर स्कूली बच्चों और मरीजों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए थाना प्रभारी किशन पासवान द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के तहत डंकन अस्पताल एवं आसपास स्थित शैक्षणिक संस्थानों से गुजरने वाले अत्यंत व्यस्त मार्ग पर भारी वाहनों व मालवाहक वाहनों के परिचालन को नियंत्रित किया गया है।

हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्तमार्ग पर नये आदेशानुसार मंगलवार से 8रू00 बजे सुबह से लेकर रात 8रू00 बजे तक जैसे ट्रक, ट्रेलर और अन्य भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। यह समय वही है जब स्कूलों में बच्चों का आवागमन और अस्पताल में मरीजों की आवाजाही सबसे अधिक रहती है।

स्थानीय लोगों और अभिभावकों द्वारा लगातार यह शिकायत की जा रही थी कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई बार स्कूल जाने वाले बच्चों को सड़क पार करने में कठिनाई होती थी, वहीं अस्पताल आने वाले मरीजों और एंबुलेंस को भी जाम और जोखिम का सामना करना पड़ता था।इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए हरैया थाना प्रभारी ने क्षेत्र का निरीक्षण किया और संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया।

इस फैसले का स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों और सामाजिक संगठनों ने खुलकर स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि यह कदम लंबे समय से आवश्यक था और इससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी।

कई अभिभावकों ने थाना प्रभारी किशन पासवान के इस प्रयास को जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताते हुए प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# तृतीय दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति ने पत्रकारों को किया सम्बोधित

### समारोह के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं की जा रही सुनिश्चित

**मोतिहारी(एन एस बी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के चाणक्य परिसर, जिला स्कूल मोतिहारी में तृतीय दीक्षांत समारोह को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय प्रशासन ने समारोह की तैयारियों की विस्तृत जानकारी साझा की।

प्रेस वार्ता की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव ने बताया कि तृतीय दीक्षांत समारोह 4 अप्रैल 2026 को प्रातः 10रू30 बजे महात्मा गांधी सभागार, राजा बाजार मोतिहारी में आयोजित होगा। इस अवसर पर भारत के माननीय उपराष्ट्रपति सी़ पी़ राधाष्णन मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत भाषण देंगे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ड़ महेश शर्मा समारोह की अध्यक्षता करेंगे।समारोह में राज्यपाल सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा सांसद राधा मोहन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति भी प्रस्तावित है।इस दीक्षांत समारोह में कुल 475 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी, जिनमें 84 ातक, 235 ातकोत्तर, 116 विद्यावाचस्पति शोधार्थी एवं 40 अवशेष विद्यार्थी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 23 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। विशेष रूप से अदिति प्रज्ञा एवं सिमरन साहिवाल को कुलाधिपति पदक से सम्मानित किया जाएगा। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि यह दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की वर्षो की कठिन साधना, समर्पण एवं उत्ष्टता का उत्सव है।



पत्रकारों को सम्बोधित करते कुलपति।

उन्होंने यह भी बताया कि समारोह के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रतिभागियों से अपील की स प्रेस वार्ता में समग्र समन्वय समिति के अध्यक्ष प्रो प्रसून दत्त सिंह, जनसंपर्क प्रकोष्ठ के संयोजक ड़ श्याम नंदन तथा प्रकोष्ठ के सदस्य ड़ आशा मीणा, ड़ सुनील घोधके एवं ड. गोविंद प्रसाद वर्मा भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 मोतिहारी में शुरू

**मोतिहारी(एन एस बी)।** शहर के अमर रिसोर्ट में आज भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत मंडल प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग में मोतिहारी दक्षिणी मंडल एवं मुफस्सिल मंडल के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आरंभ किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि यह महाअभियान कार्यकर्ताओं के वैचारिक सशक्तिकरण, संगठनात्मक दक्षता और सेवा-भाव को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इससे कार्यकर्ताओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा मिलेगी और संगठन को मजबूती मिलेगी। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना ने भाजपा के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में प्रमोद शंकर सिंह ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर सारगर्भित वक्तव्य दिया। तृतीय सत्र में सियावर सिंह ने कार्य पद्धति पर अपने विचार रखे। चतुर्थ सत्र में सुधांशु रंजन ने संगठन विस्तार विषय पर मार्गदर्शन दिया, जबकि पंचम सत्र में जिलाध्यक्ष पवन राज ने बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस प्रशिक्षण वर्ग में मैनेजर सिंह, चन्दकिशोर मिश्रा, सतीश चंद दीपक, मीना मिश्रा, संगीता चित्रांश, साजिद रजा, ड़ हेना चंद्रा, नीता सिंह, मितलेश वर्मा, केदार शुक्ला, मुकेश सिन्हा, राजू वर्मा, अखिलेश कुमार सैनी, सुधांशु शुक्ला, निखिल राज, ओम प्रकाश ठाकुर, संजू कुमार निषाद, ऋषभ झा, प्रो अरुण मिश्रा, चंदन सिंह, दीपक सिंह, सनी सिंह, कौशल सिंह, रोचक झा, जगत किशोर तिवारी, संजय ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा संयोजक ओम प्रकाश सिंह ने किया।

### रक्सौल के पीएचसी प्रभारी पर महिला ने शोषण का लगाया आरोप

**रक्सौल(एनएसबी)।** पीएसची के ड राजीव रंजन कुमार पर प्राथमिकी हुआ दर्ज। मिली जानकारी के अनुसार रक्सौल अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक ड स्वाति स्वप ने महिला उत्पीड़न ,आपत्तिजनक त्य एवं स्पर्श का लगाया आरोप। मोतिहारी महिला थाना में आवेदन देकर कराया प्राथमिकी दर्ज। वही इस संबंध में आरोपी ड राजीव रंजन कुमार ने अपने उपर लगाए गए सभी आरोप को निराधार बताया। उन्होंने कहा हमारी लोकप्रियता के कारण हमें बदनाम किया जा रहा है,जबकि पूरे रक्सौल की जनता जानती है कि हमारी छवि कैसी है।


### मोतिहारी के तुरकौलिया में जहरीली शराब पीने से एक की मौत

#### दो गंभीर रूप से बीमार, चिकित्सकों ने बतायी स्थिति चिंताजनक

**मोतिहारी ( एन एस बी)।** इस वक्त की बड़ी खबर पूर्वी चम्पारण जिले से आ रही है। जहां बिहार सरकार के शराब बंदी कानून की पोल खुल गई है और एक बार फिर जहरीली शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। जबकि दो लोग गंभीर रूप से बीमार है और जिसकी स्थिति चिंताजनक बतायी जा रही है। मृतक तुरकौलिया थाना क्षेत्र निवासी सुरेश प्रसाद का पुत्र चंदू बताया गया है। जबकि गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति नन्द किशोर ठाकुर का पुत्र लोहा ठाकुर एवं रमेश साह का पुत्र लड्डू साह उर्फ जितेन्द्र साह बताया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन घटनास्थल पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए कारोबारी को चिन्हित कर गिरफ्तारी हेतु छापेमारी शुरू कर दी है। मौके पर एएलटीएफ और एफ एस एल की टीम भी पहुंच गयी है और थाना क्षेत्र के परसौनी मुसहरी टोला में छापेमारी कर रही है। फिलहाल एसडीओ सदर, डीएसपी सदर -1दिलीप कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि पूरे मामले की जांच हेतु आदेश दिए गए हैं। जांचोपरांत दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। उक्त घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

### मजदूरों व जनप्रतिनिधियों ने लंबित भुगतान को ले मनरेगा कार्यालय का किया घेराव

**चकिया।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित मनरेगा कार्यालय का गुरुवार को जनप्रतिनिधियों व मजदूरों ने लंबित भुगतान को लेकर घेराव किया व मुख्य द्वार पर बैठकर धरना दिया। इस दौरान प्रखंड प्रमुख अर्पणा पांडे ने बताया हमलोगों का 2022 से 2025 तक का भुगतान लंबित है। मनरेगा कर्मी धीरज पर आरोप लगाई कि इनके द्वारा मेरे महुआवा पंचायत के पंचायत समिति ओमप्रकाश सिंह के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। साथ हीं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा आरोप लगाया गया कि हमलोगों के स्कूल चहारदीवारी,चबूतरा, पीसीसी आदि निर्माण में लगने वाले र मटेरियल का पैसा बकाया है। वहीं मनरेगा पीओ रंजीत कुमार पर आरोप लगाया कि पैसा आया था इन्होंने भुगतान नहीं किया व पैसा वापस हो गया। मजदूरों का पैसा बकाया है। मजदूर भुखमरी के कगार पर है। करीब तीन घंटे तक कार्यालय के मुख्य द्वार पर बैठे रहे। इस बाबत मनरेगा पीओ रंजीत कुमार ने बताया कि एफटीए बनाकर भेज दिए है। पैसा खाते में चला जाएगा। शेष आरोपों को निराधार बताया। मौके पर चकिया प्रमुख प्रतिनिधि मिथलेश कुमार, बैशाहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विनय सिंह, पंचायत समिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, नवल किशोर सिंह, अंबिका पासवान, मनोज महतो, राहुल तिवारी वार्ड सदस्य बीरेंद्र साह,श्रवण कुमार व मजदूर कलावती देवी,प्रभावती देवी, मुंगिया देवी सहित अन्य मौजूद थी।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में 6 अप्रैल को समाहरणालय, सुपौल में जनता से संवाद कार्यक्रम का आयोजन



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** प्राप्त सूचना अनुसार प्रमंडलीय आयुक्त, कोशी प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार द्वारा प्रमंडल से संबंधित जिला सुपौल भ्रमण क्रम में 6 अप्रैल को समाहरणालय में अपराह्नः12.30 बजे से आम जनता से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।उक्त अवसर पर प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा आम जनता से संबंधित समस्याओं की सुनवाई की जाएगी एवं संबंधित पदाधिकारियों को समस्या के समयबद्ध निवारण हेतु निर्देशित किया जाएगा।जनता से संवाद कार्यक्रम के अवसर पर आयुक्त कार्यालय में जो परिवाद सुपौल जिला से संबंधित है तथा जिसका अनुपालन, जांच प्रतिवेदन नहीं प्राप्त हुआ है, उसकी भी सुनवाई की जाएगी। आम जनता से संवाद कार्यक्रम के पूर्व प्रमंडलीय आयुक्त महोदय द्वारा सुपौल समाहरणालय अंतर्गत विभिन्न शाखाओं यथाःस्थापना शाखा,सामान्य शाखा, शस्त्र शाखा,विधि शाखा, जिला भू अर्जन शाखा, जिला पंचायत शाखा,आपूर्ति शाखा, डीपीओ आईसीडीएस अभिलेखागार, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सहित अन्य शाखाओं का निरीक्षण किया जायेगा। निरीक्षण क्रम में प्रमंडलीय आयुक्त न्यायालय के आदेशों के अनुपालन की वर्तमान स्थिति,राज्य सूचना आयोग द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन की स्थिति,लंबित अनुशासनिक कारवाई, लोकायुक्त के आदेशों के अनुपालन की स्थिति, लंबित अवमानना वाद, जिलांतर्गत सैरातो की बंदोबस्ती ,माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन की स्थिति सहित कुल सोलह बिंदुओं के संदर्भ में समीक्षा किया जाएगा।तदनुसार आवश्यक सम्यक तैयारी का निर्देश दिया गया है।

### बनमा ईटहरी में गैस-तेल किल्लत पर कांग्रेसी कार्यकत्ताओं ने पीएम और पेट्रोलिंग मंत्री का पुतला दहन किया



**बनमाईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के तेलियाहाट बाजार में गुरुवार को कांग्रेसी कार्यकताओं ने गैस एवं पेट्रोल-डीजल की किल्लत को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा पेट्रोलियम मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान पूरे परिसर में ह्लमहंगाई कम करोह्व और ह्लजनता को राहत दोह्व जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार पासवान ने की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार गैस और तेल की कमी बनी हुई है, जिससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रसोई गैस समय पर नहीं मिलने से महिलाओं को खासकर कठिनाई हो रही है, वहीं पेट्रोल-डीजल की किल्लत से किसानों, व्यापारियों और आम लोगों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनता की समस्याओं के प्रति उदासीन बनी हुई है। यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि गैस और ईंधन की आपूर्ति को सुचारू किया जाए तथा बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की और आम जनता को राहत दिलाने की मांग की। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष नीरज कुमार निराला,प्रदेश प्रतिनिधि मजनू हैदर, मुकेश झा, बैजनाथ झा, गमन कुमार, संजय यादव, विनोद यादव मो.शाहीन अलाम समेत अन्य मौजूद रहे।

### कांग्रेस कार्यकत्ताओं ने प्रधानमंत्री का फूंका पुतला



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** देश में बढती रसोई गैस मूल्य वृद्धि सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों को लेकर गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय द्वार पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया।पुतला दहन कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र नारायण सिंह जबकि संचालन मुखिया संघ अध्यक्ष शिवेन्द्र नारायण सिंह ने किया।मौके पर प्रभारी रामशरण कुमार ने कहा कि ये कार्यक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर पूरे देश में किया जा रहा है। पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रत्याशी तारणी ऋषिदेव ने कहा जाता ये नरेन्द्र मोदी की सरकार पूरे प्रदेश के लोगों को गुमराह कर लोगों को125 यूनिट बिजली फ्री देने की बात करता है।गरीब मजदूर विरोधी सरकार है। एक दिन में चार तरह का बिल लिया जा रहा है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से नवलकिशोर झा, बाबुल सिंह, सुरज सादा, मो अलाउद्दीन, मनोज कुमार झा, कृत्यानंद सादा, पवन कुमार यादव, अखिलेश, राजीव, अनमोल व सिकंदर साह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### समाजसेवी सदन सिंह की पत्नी पूनम देवी के ह्रदयघात से निधन



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत सोहा गांव निवासी समाजसेवी सदन प्रसाद सिंह की धर्म पत्नी 50 वर्षीय पूनम देवी का निधन बीते बुधवार को अचानक ह्रदयाघात से निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही पूरे गांव सहित क्षेत्र मे मातमी सन्नाटा छा गया।इनके निधन पर नगर अध्यक्ष मनीष कुमार, उपाध्यक्ष शैल देवी, संजीव कुमार सिंह, सुधीर कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह मुन्ना, अजय कुमार सिंह, कुमार मौलेश सिंह, रमण कुमार सिंह, नितेश्वर निर्भय, सुभाष सिंह, केतन सिंह, मनटुन सिंह, प्रेम नारायण सिंह, मिलन पासवान सहित दर्जनों लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### टीम वर्क से मिली राजस्व संग्रहण में ऐतिहासिक सफलताः महापौर बेन प्रिया



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नगर निगम सहरसा ने राजस्व संग्रहण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए मार्च 2026 तक निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक वसूली कर नया रिकॉर्ड बनाया है। इस सफलता को नगर निगम की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।नगर निगम की मासिक प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, वार्षिक लक्ष्य 464.59 लाख रुपये के मुकाबले 590.12 लाख रुपये की वसूली की गई। जो लक्ष्य का लगभग 127 प्रतिशत है। वहीं मार्च माह के लक्ष्य 38.71 लाख रुपये के विरुद्ध 186.98 लाख रुपये की वसूली कर 483 प्रतिशत की उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई।इस उपलब्धि पर महापौर बेन प्रिया ने खुशी जताते हुए कहा कि यह सफलता निगम की पूरी टीम के समर्पण, पारदर्शी व्यवस्था और बेहतर मॉनिटरिंग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे नगर विकास कार्यों को और गति मिलेगी।महापौर ने आगे कहा कि निगम का लक्ष्य सिर्फ राजस्व बढ़ाना नहीं, बल्कि शहर के विकास कार्यों को तेज करना और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस दिशा में आने वाले समय में और भी ठोस कदम उठाए जाएंगे। नगर निगम की इस उपलब्धि से साफ है कि सहरसा शहर विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में बुनियादी सुविधाओं में और सुधार देखने को मिलेगा।

# बिहार राज्य एकलव्य आवासीय एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन समारोह आयोजित

**खेल व्यक्ति में आत्मविश्वास,टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन जैसे गुणों का विकास करता हैः दीपेश कुमार**

**सहरसा (एनएसबी)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बिहार राज्य एकलव्य आवासीय एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। यह केंद्र जिले सहित पूरे क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, जो खेल प्रतिभाओं को निखारने तथा उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार ने विधिवत रूप से फीता काटकर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। जिला पदाधिकारी ने प्रशिक्षु खिलाड़ियों से सीधे संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और खेल के क्षेत्र में निरंतर मेहनत, अनुशासन तथा समर्पण की आवश्यकता पर बल दिया।डीएम श्री कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि यह उज्ज्वल करियर का एक सशक्त विकल्प बन चुका है। उन्होंने



उद्घाटन करते जिलाधिकारी व अन्य।

कहा कि सरकार द्वारा खेल के क्षेत्र में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर युवा अपने भविष्य को संवार सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे लगन, अनुशासन और सकारात्मक भावना के साथ नियमित अभ्यास करें तथा अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ते रहें। यह एकलव्य आवासीय प्रशिक्षण केंद्र विशेष रूप से उन प्रतिभाशाली बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा, जो आर्थिक या भौगोलिक कारणों से बेहतर खेल सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। इन्हें यहाँ न केवल खेल प्रशिक्षण मिलेगा, बल्कि उनके शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि खेल व्यक्ति में आत्मविश्वास,टीम भावना, नेतृत्व क्षमता औरअनुशासन जैसे गुणों का विकास करता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कई खिलाड़ियों ने कहा कि इस प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से उन्हें उच्च स्तर की सुविधाएं और प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा, जिससे वे अपने खेल कौशल को और बेहतर बना सकेंगे। समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि इस आवासीय प्रशिक्षण केंद्र में चयनित खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, तकनीकी प्रशिक्षण, फिटनेस कार्यक्रम, पोषणयुक्त भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को आधुनिक तकनीकों के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे प्रतिस्पर्धी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार , जिला खेल पदाधिकारी सह डीआरडीए निदेशक वैभव कुमार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, प्रशिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने इस पहल को जिले के खेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों ने भी प्रशिक्षण पद्धति, दैनिक अभ्यास कार्यक्रम तथा खिलाड़ियों के समग्र विकास से संबंधित योजनाओं की प्रशिक्षण के साथ-साथ मानसिक मजबूती, खेल भावना और अनुशासन पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## इग्नू क्षेत्रीय केंद्र सहरसा में छह हजार दो सौ शिक्षार्थी हुए उतीर्णः डॉ मिर्जा नेहाल अहमद बेग

**सात अप्रैल को मुख्यालय के साथ देश के 51 क्षेत्रीय केंद्रों पर दीक्षांत समारोह का आयोजन**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के 39वें दीक्षांत समारोह को लेकर गुरुवार को क्षेत्रीय निदेशक डॉ मिर्जा नेहाल अहमद वेग ने मीडिया कर्मियों को अपने कार्यकाल वेश्म में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आगामी सात अप्रैल को मुख्यालय के साथ देश के 51 क्षेत्रीय केंद्रों पर दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा।जिसमें क्षेत्रीय केंद्र सहरसा



प्रेस वार्ता के दौरान क्षेत्रीय निदेशक।

द्वारा दीक्षांत समारोह का आयोजन प्रेक्षागृह में किया जायेगा। इग्नू मुख्यालय दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन होंगे एवं क्षेत्रीय केंद्र सहरसा समारोह के विशिष्ट अतिथि कुलपति पूर्णियां विश्वविद्यालय प्रो विवेकानंद सिंह होंगे।मुख्यालय के कार्यक्रम का सीधा प्रासारण ज्ञान दर्शन, ज्ञान वाणी, ज्ञान धारा टीवी चैनलों, फेसबुक एवं यूट्यूब सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से किया जाएगा।क्षेत्रीय केंद्र के कार्यक्रम के दौरान भी मुख्यालय के समारोह का सीधा प्रसारण किया जायेगा। 39वें दीक्षांत समारोह के लिए विश्वविद्यालय में कुल तीन लाख 25 हजार शिक्षार्थी उतीर्ण हुए हैं। जिसमें क्षेत्रीय केंद्र सहरसा में छह हजार दो सौ शिक्षार्थी उतीर्ण हुए हैं। क्षेत्रीय केंद्र सहरसा के दीक्षांत समारोह में लगभग चार सौ से अधिक शिक्षार्थी एवं एक सौ शिक्षाविद अतिथि शामिल होंगे। समारोह में क्षेत्रीय निदेशक एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा मौजूद सभी शिक्षार्थियों को डिग्री प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय केंद्र सहरसा के तहत लगभग 11 सौ शिक्षार्थियों ने डिग्री लेने के लिए आवश्यक शुल्क जमा किया है। जिनमें दो सौ शिक्षार्थियों ने अपना डिग्री 39वें दीक्षांत समारोह में उपस्थित होकर भाग लेने की सहमति दी है। शुल्क जमा करने वाले अन्य शिक्षार्थी दीक्षांत समारोह में उपस्थित होकर अपना डिग्री लेने के लिए इच्छुक हैं तो वे अपना सहमति क्षेत्रीय केंद्र के ई-मेल पर, क्षेत्रीय केंद्र में उपस्थित होकर या मोबाइल संख्या 7004368505 पर चार अप्रैल तक देना सुनिश्चित करें. मौके पर क्षेत्रीय उप निदेशक मौजूद थे।

## सहरसा ईट भट्ठा मामले को लेकर संसद में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने कड़ी कार्रवाई की मांगी



**सहरसा (एनएसबी)।** पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने गुरुवार को संसद में सहरसा के ईंट भट्ठे में नाबालिग लड़कियों के साथ हुए अमानवीय व्यवहार का मुद्दा उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। यह मामला सहरसा सदर थाना इलाके के स्टार ईट भट्ठे से जुड़ा है, जहां चिमनी मालिक ओवेश करनी उर्फ चुन्ना मुखिया पर असम के दिहाड़ी मजदूरों की नाबालिग बेटियों के साथ दुष्कर्म और रात भर नाच कराने का आरोप है। इस मामले में दिहाड़ी मजदूर की एक पत्नी को उसके बेटी को जबरदस्ती ले जाया जा रहा था जिसके विरोध करने पर उसे महिला को गोली मारी गई। जख्मी को चिमनी मलिक के द्वारा निजी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा था लेकिन पुलिस को जानकारी नहीं दी गई थी। गुप्त सूचना पर पुलिस को जानकारी यह मिली कि एक महिला को गोली लगी है इसके बाद पुलिस ने हरकत में आकर ईट भट्ठा पर पहुंचकर मामले की जांच की। जांच में सामने आया कि असम के दिहाड़ी मजदूरों की कई बेटियों के साथ कई घिनौना काम को अंजाम दिया जा रहा है। इस घटना के संबंध में सहरसा थाने में दो और महिला थाने में एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने चिमनी मालिक और उसके एक मुंशी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। लोकसभा में अपनी बात रखते हुए सांसद पप्पू यादव ने बिहार में बेटियों के लगातार हो रहे शोषण पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सहरसा के अलावा छपरा और नालंदा जैसे अन्य स्थानों पर भी ऐसी घटनाओं का जिक्र किया। सांसद ने केंद्र सरकार से मांग की कि बेटियों के लिए अलग से छात्रावास की व्यवस्था की जाए।

## छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को हर महीने एक हजार

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को हर महीने एक हजार रूपया साल में बारह हजार रूपया प्रतिवर्ष नौ कक्षा से बारहवीं कक्षा तक सभी बच्चों के खाते में सरकार द्वारा दिया जायेगा। मध्य विद्यालय पंचगछिया नवटोल-सत्तर कटैया दस विद्यार्थी आवेदन दिया था जिसमें पांच विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण



अभ्यर्थियों में अणु कुमारी,मधु कुमारी, आस्था कुमारी, हिमांशु कुमार, रोहन कुमार उत्तीर्ण हुए। शारीरिक शिक्षक हरेंद्र सिंह मेजर ने कहा कि सभी शिक्षकों की अथक मेहनत प्रयासों का परिणाम है कि दस विद्यार्थी में पांच बच्चे सफलता प्राप्त किया। पोषक क्षेत्र के अभिभावकों में हर्ष व्याप्त है।

## विश्वविद्यालय अधिषद चुनाव में डॉ. संजीव कुमार झा जीत का लहराया परचम



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बीएन मंडल विश्वविद्यालय के अधिषद चुनाव में ग्रुप बी के सामान्य कोटि से एम.एल.टी.कॉलेज, सहरसा शिक्षक संघ के सचिव डॉ.संजीव कुमार झा ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर अपनी प्रभावशाली जीत दर्ज की। अपनी विद्वत्ता और मुखरता के कारण शिक्षकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। डॉ.झा वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव एवं प्रवक्ता भी हैं। वे कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भी चुनाव लड़ चुके हैं, जहां उन्हें शिक्षकों का व्यापक और सम्मानजनक समर्थन प्राप्त हुआ था। अपनी जीत के बाद डॉ.झा ने कहा कि वे शिक्षकों के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहेंगे। उन्होंने विशेष रूप से बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग से चयनित शिक्षकों की सेवा संपुष्टि, महिला शिक्षिकाओं के लिए मातृत्व एवं चाइल्ड केयर लीव, सभी शिक्षकों की समयबद्ध प्रोन्नति, सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को समय पर सेवांत लाभ, तथा अतिथि शिक्षकों के वेतन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। डॉ.झा ने कहा कि वे सदैव शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए मुखर रहे हैं और भविष्य में भी उनकी आवाज को मजबूती से उठाते रहेंगे। उनकी इस जीत से शिक्षक समुदाय में उत्साह का माहौल है। पूर्व प्राचार्य प्रो डी एन साह, मधेपुरा कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सौरभ, मधेपुरा लोकसभा के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष रामशरण यादव, एनएसयूआई के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक मनीष कुमार, अमित कन्हैया आदि नेताओं ने बधाई दी।

## राष्ट्रीय ऑटिज्म दिवस पर कोशी दिशा केन्द्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय न्यास सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार नई दिल्ली के निदेर्शानुसार गुरुवार को राष्ट्रीय ऑटिज्म दिवस 2026 पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कोसी दिशा केंद्र पटुआहा सहरसा के प्रांगण में आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष बोर्ड सदस्य राष्ट्रीय न्यास मोहन कुमार, महासचिव मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार साह,



कार्यक्रम में जागरूकता का ज्ञान देते।

फिजियोथैरेपिस्ट डॉ अबु शालेह, डाक्टर नफीस सोहेल चिकित्सा पदाधिकारी सदर अस्पताल, काउंसलर सुनील ठाकुर, सुनील कुमार झा ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय ऑटिज्म जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मंच का संचालन संस्थान के महासचिव मुकेश कुमार के द्वारा की गई। जागरूकता कार्यक्रम में कोसी दिशा केंद्र के अधिक से अधिक बच्चों के अभिभावकों की उपस्थिति रही। जिसमें डॉक्टर अबू शालह द्वारा ऑटिज्म श्रेणी के दिव्यांग बच्चों की स्थिति उनके विकास तथा उनका रखरखाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही डॉक्टर नफीस सोहेल चिकित्सा पदाधिकारी सदर अस्पताल के द्वारा कोसी दिशा केंद्र पटुआहा सहरसा एवं कोसी क्षेत्रीय विकलांग आवासीय मध्य विद्यालय पटुवाहा के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संयुक्त सचिव मोहम्मद मुस्लिम, विशेष शिक्षक शिवराम शर्मा, दयानंद कुमार, आशीष कुमार, सोनू कुमार, ज्योति कुमारी, खेल प्रशिक्षक कुमार देव, सहायक अवधेश राम,अमित कुमार, डोली कुमारी, केयर गिभर, पूनम देवी आया,सीता देवी, निर्मला देवी ने सहयोग प्रदान की। काउंसलर सुनील ठाकुर के द्वारा राष्ट्रीय न्यास के चारों श्रेणी के दिव्यांग बच्चों के लिए संस्थान वर्ष 2016 से ही उनके समुचित विकास के लिए कार्य कर रही है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के बाद कार्यक्रम की समाप्ति की गई पुनः 3:00 बजे से 4:30 बजे तक राष्ट्रीय न्यास के निर्धारित वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी अभिभावकों ने भाग लिया।

## बिराटपुर के श्री चण्डी उच्च विद्यालय में बड़ी लापरवाही, छात्रा डूबने से बाल-बाल बची

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बिराटपुर गांव स्थित श्री चण्डी उच्च विद्यालय की एक छात्रा स्कूल आवर मे जीवछ पोखर में डुबने से बाल बाल बच गई है। हालांकि इस घटना से विद्यालय प्रबंधन पर सवाल खडा हो गया है। आखिरीकर छात्रा कक्षा के वक्त जीवछ पोखर कैसे पहुंच गई। बताया जा रहा है कि दोपहर के भोजन के लिए खाने के लिए स्कूल से निकली थी इस दौरान मंदिर के पोखर में मछली को देख चारा देने के दौरान सीढ़ी से फिसलने के दौरान बच्ची गहरे पानी में चली गई हालांकि इस दौरान ग्रामीणों के देखने पर बच्ची को बचाया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार गाजीपैता गांव निवासी श्रवण कुमार राम की पुत्री कक्षा नवम की छात्रा पल्लवी कुमारी प्रतिदिन की तरह विद्यालय पढ़ने गई थी। इसी दौरान वह किसी तरह कक्षा से बाहर निकलकर चण्डी स्थान मंदिर परिसर स्थित जीवछ पोखर के पास पहुंच गई और पोखर में डूबने लगी। स्थानीय लोगों की सतर्कता से छात्रा की जान बचा ली गई। घटना की सुचना बाद विद्यालय के प्रधान शिक्षक के द्वारा उसे तुरंत एक स्थानीय क्लीनिक में ले जाकर इलाज कराया गया। जहां उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। अभिभावकों का कहना है कि वे अपने बच्चों को शिक्षकों के भरोसे विद्यालय भेजते हैं, लेकिन इस तरह की घटनाएं उनकी



चिंता को और बढ़ा रही हैं। उक्त बाबत जिला शिक्षा पदाधिकारी हेमचंद्र कुमार ने कहा की मामला संज्ञान में आया है पूरे मामले की तहकिकात की जाएगी। इस संबंध में विद्यालय के एच एम सोहन कुमार सिंह ने कहा कि लंच के समय बच्ची अन्य दिनों की तरह घर खाना खाने गई थीं उसी अचानक जीवछ पोखर मछली को देखने के लिए चली गई थी पैर सीढ़ी पर से फिसल गया गहरे पानी में चली गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और बच्ची को वहां से लाए।

# रसोई गैस की जमाखोरी व कालाबाजारी पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

**जिलाधिकारी ने प्रेस कांफ्रेंस कर जिले में एलपीजी सिलेंडर की स्थिति व होम डिलेवरी के तहत गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की दी जानकारी**

**सुपौल (एनएसबी)** । जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा एलपीजी गैस की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने एवं कालाबाजारी तथा जमाखोरी पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से प्रेस कन्फ्रेंस आयोजित की गई। प्रेस कन्फ्रेंस के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु प्रशासन पूरी तरह सजग एवं प्रतिबद्ध है।

उन्होंने सभी गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित मूल्य पर ही उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएं तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि कालाबाजारी एवं जमाखोरी में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों एवं एजेंसियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए नियमित निरीक्षण एवं छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

वर्तमान में मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थो की आपूर्ति में कमी होने की आशंका के मद्देनजर विभिन्न स्तर पर सतर्कता बरतने के लिए विभागीय निदेशों से सभी को अवगत कराया गया। साथ ही निम्न निदेश दिये गये । बैठक में उपस्थित सभी गैस एजेंसी के संचालकध्सेल्स मेनेजर को एलपीजी गैस होम डिलेवरी करने का निदेश दिया गया। होम डिलेवरी में अपेक्षित सहयोग अनुमंडल पदाधिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी करेंगे।

सभी गैस एजेंसी संचालकों को गैस की होम डिलेवरी हेतु पहले आओ पहले पाओ फीफो के नियम का कड़ाई से अनुपालन करते हुए प्रतिदिन एलपीजी भंडार स्टक के हिसाब से उस दिन होम डिलिवरी से गैस पाने वालों की सूची का प्रदर्शन साथ ही ये भी सूचना कि दिनांक तक नम्बर लगाने वालों को गैस की आपूर्ति कर दी गयी है। साथ ही गैस केवल होम डिलेवरी से मिलेगी इसकी सूचना का बड़ा पलैक्स गैस एजेंसी अफिस ६ गोदाम होम डिलेवरी वाहन पर लगाने का निदेश दिया गया।

वर्तमान में उपभोक्ता के द्वारा गैस बुकिंग के उपरान्त प्राप्त होने वाले डीएसी नम्बर लेकर तुरन्ना गैस प्राप्त करने हेतु संबंधित गैस एजेंसियों पर जाने के उपरान्त उपभोक्ताओं का काफी भीड़ जमा हो जाने के कारण गैस वितरण में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। उक्त के लिए सभी गैस एजेंसियों के संचालक को बैकलग के हिसाब से तिथिवार गैस के वितरण से संबंधित सूची निकाल कर प्रदर्शित करने का निदेश दिया गया। साथ ही गोदाम में गैस का स्टक रहने के बावजूद किसी भी गैस संचालक द्वारा गैस वितरण नहीं करने की शिकायत प्राप्त होने की स्थिति में उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि भीड़-भाड़ वाले (गैस एजेंसी गोदाम) होम डिलेवरी को सुचारु बनाए रखने हेतु पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करेंगे तथा गैस की होम डिलेवरी की व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर गैस से संबंधित प्राप्त हो रहे शिकायतों का निराकरण करने का निदेश दिया गया। सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारीध्आपूर्ति निरीक्षक को निदेश दिया गया कि सभी गैस एजेंसियों से गैस की होम डिलेवरी हेतु पहले आओ पहले पाओ नियम का कड़ाई से अनुपालन की जाए ।



प्रेस कन्फ्रेंस करते डीएम।

इसकी सूबना का बड़ा फ्लैक्स गैस एजेंसी अफिस गोदाम होम डिलेवरी वाहन पर लगवाना सुनिश्चित करें । सभी सेल्स मेनेजर को निदेश दिया गया कि प्रत्येक दिन एजेंसीवार स्टक ६ वितरण के पश्चात अवशेष सिलेंडरों का दैनिक प्रतिवेदन जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सुपौल को उपलब्ध करावे ।

जिले के कुल 51 गैस एजेंसियों में से 47 गैस एजेंसियों पर अभी गैस सिलेंडर उपलब्ध है, शेष 04 पर शीघ्र ही गैस की आपूर्ति किये जाने की संभावना है। तेल कम्पनियों द्वारा अस्पताल एवं सरकारी संस्थानों को जिनके पास वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है। जिला प्रशासन गैस सिलेंडरों की ससमय उपलब्धता हेतु गैस वितरक कम्पनियों से लगातार संपर्क में है। अभी जिले के गैस एजेंसियों के पास लगभग 13004 गैस सिलेंडरों का भंडार मौजूद है।

51 एजेन्सी में से 19 की जाँच की गई है। 24 अन्य होटलों प्रतिष्ठानों पर जाँच एवं छापेमारी की गई है। समाहरणालय परिसर स्थित जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय, सुपौल में घरेलु गैस सिलेंडरों के उठाव वितरण के निगरानी के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष संख्या 06473-224005 है। आज दिनांक 02042026 को जिला नियंत्रण कक्ष में 14 शिकायतें जानकारी प्राप्त करने हेतु कल प्राप्त हुआ है। सभी संबंधितों के शिकायतों का निष्पादन करा दिया गया है।

अभी तक घरेलु गैस के वाणिज्यिक प्रयोगध्कालाबाजारी के आरोप में जिला अन्तर्गत तीन प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। वर्तमान स्टक और बटलिंग प्लांट से मिल रही आपूर्ति के आधार पर जिले में लगभग पर्याप्त स्टक उपलब्ध है। तत्काल आपूर्ति संकट की संभावना नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति निगरानी रखी जा रही है ।

## खबरें : एक नजर में

### ट्रूकलर : खासतौर पर भारत को ध्यान में रखकर तैयार किया गया प्रोडक्ट, जिसे आज दुनिया भर में 500 मिलियन से ज्यादा लोग उपयोग करते हैं

**सुपौल (एनएसबी)** । दुनिया में संचार को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने वाले सबसे बड़े प्लेटफर्म, ट्रूकलर ने आज घोषणा की है कि दुनिया भर में उसके यूजर्स की संख्या 500 मिलियन के पार पहुँच गई है। यह लोगों के बीच संचार को भरोसेमंद बनाने के कंपनी के सफर में एक बड़ी उपलब्धि है। इस प्लेटफर्म पर यूजर्स की संख्या लगातार काफी तेजी से बढ़ रही है, और केवल साल 2025 में ही 50 मिलियन से ज्यादा नए यूजर्स इस प्लेटफर्म से जुड़े हैं। अकेले भारत में ही ट्रूकलर का उपयोग करने वालों की संख्या 350 मिलियन से ज्यादा हो गई है, और भारत के बाहर इसके यूजर्स की संख्या 150 मिलियन से ज्यादा है। इसकी वजह है यह है कि, आज दुनिया भर में अनचाही कल्स, स्पैम और धोखाधड़ी से सुरक्षा की जरूरत लगातार बढ़ रही है। इस साल की शुरुआत में, दुनिया भर में भुगतान करके ट्रूकलर की सेवाओं का लाभ उठाने वाले सब्सक्राइबर्स की संख्या भी 4 मिलियन के आंकड़े को पार कर गई, जिससे कंपनी की आमदनी का एक मुख्य जरिया और भी मजबूत हुआ है। इस मौके पर ट्रूकलर के सीईओ, ऋषित झुनझुनवाला ने कहा, वैसे तो यह हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन यह उस दुनिया के बारे में भी बहुत कुछ बयां करता है, जिसमें आज हम सब रह रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, आज हर दिन ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्पैम, स्कैम और अनचाहे संचार से निपटने में मदद की जरूरत है। 500 मिलियन यूजर्स के आंकड़े से जाहिर है कि लोगों को इसकी कितनी ज्यादा जरूरत है। साथ ही इसे यह भी पता चलता है कि लोग अपने संचार को सुरक्षित बनाने के लिए लोग ट्रूकलर पर कितना भरोसा करते हैं। ट्रूकलर को लगातार और भी ज्यादा स्मार्ट टेक्नेलजी और नई खूबियों के साथ मजबूत बनाना ही हमारा संकल्प है, जो यूजर्स को हर कल या मैसेज से पहले, उसके दौरान और उसके बाद भी सुरक्षित रहने में मदद कर सके। आखिर में, हमारा लक्ष्य संचार का ऐसा माहौल तैयार करना है जो सभी के लिए एक ज्यादा सुरक्षित और भरोसेमंद हो। अब हमारी निगाहें अगले पड़ाव पर टिकी हैंरू और हम 1 बिलियन यूजर्स तक पहुँचना चाहते हैं। आज हर महीने आधे बिलियन से भी ज्यादा लोग इस प्लेटफर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं, और इसी वजह से ट्रूकलर अब सिर्फ एक कलर आइडेंटिफिकेशन ऐप नहीं रह गया है। यह आज के डिजिटल जमाने में सुरक्षित तरीके से संचार का सबसे जरूरी हिस्सा बन गया है। यह रोजमर्रा के इस्तेमाल का एक ऐसा सुरक्षा कवच बन गया है, जो लोगों को दूसरों की पहचान वेरिफाई करने, धोखाधड़ी से बचने और इस बारे में सोच-समझकर फैसले लेने में मदद करता है कि उन्हें किससे बात करनी चाहिए और किससे नहीं।

### जैकसन ग्रुप ने सौरव गांगुली के साथ मिलकर सतत विकास की दिशा में बढ़ाया कदम

**सुपौल (एनएसबी)** । भारत की जानी-मानी ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी- जैकसन ग्रुप, पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान और जाने-माने लीडर सौरव गांगुली के साथ मिलकर बेहतर कल की ओर कदम बढ़ा रही है। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है, जब भारत तेजी से नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके जरिए जैकसन यह सुनिश्चित करता है कि वह इनोवेशन, स्केल और सस्टेनेबल सल्यूशंस के जरिए देश के ऊर्जा बदलाव में बेहतर भूमिका निभा रहा है। आठ दशकों से ज्यादा समय से जैकसन ग्रुप ने हमेशा भरोसे और इनोवेशन के दम पर अपनी पहचान बनाई है। सौरव गांगुली की लीडरशिप और नए तरीके अपनाने की क्षमता से प्रेरित होकर, कंपनी अब अपनी पहचान को और मजबूत करने पर काम कर रही है, ताकि वह आने वाले समय के लिए तैयार ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े समाधान देने में एक भरोसेमंद साथी बनी रहे। इस साझेदारी के तहत सौरव गांगुली जैकसन ग्रुप के प्रमुख ब्रांड कैंपेन और खास पहलों का हिस्सा होंगे। इसके जरिए कंपनी स्वच्छ और सतत ऊर्जा के अपने विजन को और ज्यादा लोगों तक पहुँचाने का काम करेगी। इस मौके पर बोलते हुए, जैकसन ग्रुप के चेयरमैन समीर गुप्ता ने कहा, ष्हमें जैकसन परिवार में दादा का स्वागत करते हुए गर्व हो रहा है। सौरव गांगुली को लीडरशिप, मजबूती और बेहतरीन प्रदर्शन का जीवंत उदाहरण हैं और ये सभी मूल्य हमारी सोच से बखूबी मेल खाते हैं। यह साझेदारी हमारे उस विश्वास को दर्शाती है, जिसमें हम हमेशा आगे रहने और लगातार बेहतर देने पर जोर देते हैं। हमें भरोसा है कि उनकी पहचान और विश्वसनीयता से हमारे ब्रांड को मजबूती मिलेगी और हमारे सस्टेनेबल सल्यूशंस भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में तेजी से अपनाए जाएँगे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की शासी निकाय की बैठक आयोजित

**सुपौल (एनएसबी)** । डीएम सावन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में सदर अस्पताल, सुपौल की रोगी कल्याण समिति की शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सिविल सर्जन डा बाबासाहेब झा, उपाधीक्षक डा नूतन वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक बालकृष्ण चौधरी, जिला लेखा प्रबंधक शिव कुमार, अस्पताल प्रबंधक अभिनव आनंद, लेखपाल अशोक कुमार सहित रोगी कल्याण समिति के सदस्यगण जगदीश यादव, कामेश्वर पासवान (वार्ड पार्षद, वार्ड संख्या 25), रजनीश सिंह (जिला परिषद सदस्य, क्षेत्र संख्या 08), फेकन सदा, रामदेव कामत, श्रीमती सरिता मिश्रा, डा रंजन कुमार, ज्ञान बहादुर गुरूम, महेश देव एवं डाटा एंट्री अपरेटर रंजीत कुमार जायसवाल उपस्थित थे ।


बैठक में शामिल डीएम व अन्य।

बैठक में सदर अस्पताल, सुपौल में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्णय लिया गया। इसके साथ ही ममता चयन प्रक्रिया के संबंध में भी विचार-विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अस्पताल परिसर में जल जमाव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु नाली निर्माण कराने पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, सदर अस्पताल में आईसीयू एवं अर्थो ओटी के संचालन को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर भी विचार किया गया। बैठक के दौरान मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से सुढ़ किया जाए।

## प्रमंडलीय आयुक्त छह अप्रैल को संवाद कार्यक्रम के दौरान समस्याओं पर करेंगे सुनवाई, तैयारी प्रारंभ

**सुपौल (एनएसबी)** । प्रमंडलीय आयुक्त, कोसी प्रमंडल सहरसा द्वारा सुपौल समाहरणालय स्थित जन संवाद कार्यक्रम में आम जन से जुड़े समस्याओं की सुनवाई करेगें इसको लेकर तैयारी शुरु कर दी गई है । जानकारी अनुसार राजेश कुमार, भाप्रसे, प्रमंडलीय आयुक्त, कोशी प्रमंडल, सहरसा द्वारा प्रमंडल से संबंधित छह अप्रैल को समाहरणालय में अपरा 12:30 बजे से आम जनता से संवाद करेगें । संबंधित पदाधिकारियों को समस्या के समयबद्ध निवारण हेतु निर्देशित किया जाएगा। जनता से संवाद कार्यक्रम के अवसर पर आयुक्त कार्यालय में जो परिवाद सुपौल जिला से संबंधित है तथा जिसका अनुपालन जांच प्रतिवेदन नहीं प्राप्त हुई है, उसकी भी सुनवाई की जाएगी। आम जनता से संवाद कार्यक्रम के पूर्व प्रमंडलीय आयुक्त महोदय द्वारा सुपौल समाहरणालय अंतर्गत विभिन्न शाखाओं यथा : स्थापना शाखा सामान्य शाखा, शस्त्र शाखाध विधि शाखाध जिला भू अर्जन शाखा जिला पंचायत शाखा, आपूर्ति शाखाध डीपीओ (आईसीडीएस) अभिलेखागार जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सहित अन्य शाखाओं का निरीक्षण किया जायेगा। निरीक्षण के क्रम में प्रमंडलीय आयुक्त न्यायालय के आदेशों के अनुपालन की वर्तमान स्थिति, राज्य सूचना आयोग द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन की स्थिति, लंबित अनुशासनिक कारवाई, माननीय लोकायुक्त के आदेशों के अनुपालन की स्थिति, लंबित अवमानना वाद, जिलांतर्गत सैरातो की बंदोबस्ती, माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन की स्थिति सहित कुल सोलह बिंदुओं के संदर्भ में समीक्षा किया जाएगा। तदनुसार आवश्यक तैयारी का निर्देश दिया गया है।


कोसी प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार।

## शराब कारोबारी हुआ गिरफ्तार भेजा गया जेल

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) (एनएसबी )** । पुलिस के द्वारा बुधवार की देर संध्या थाना क्षेत्र के गोनहा गांव में छापेमारी कर एक बाइक के डिक्की एवं सीट में छिपाकर रखे गए नेपाली निर्मित विदेशी शराब को बरामद कर मौके से कारोबारी गोनहा वार्ड पांच निवासी ललन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया ।

इस बाबत थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि छापेमारी में बाइक समेत नेपाल निर्मित 10.785 लीटर बरामद किया गया है एवं मौके से कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया गया है । बताया कि इस मामले में उत्पाद एवं मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी संख्या 27ध2026 दर्ज कर गिरफ्तार नामजद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में सुपौल भेज दिया गया है ।

## राघोपुर में महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने किया जोरदार प्रदर्शन, प्रधानमंत्री का पुतला किया दहन

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)** । प्रखंड के सिमराही बाजार स्थित एनएच-27 और एनएच-106 मेन चौक पर गुरुवार को कांग्रेस पार्टी ने बढ़ती महंगाई और गैस, पेट्रोल व डीजल की किल्लत के विरोध में जन आक्रोश रैली निकाली। प्रखंड अध्यक्ष जमील अनवर उर्फ टुन्ना जी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार तक पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने महंगाई मुर्दाबाद और गैस किल्लत बंद करो जैसे नारे लगाए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल रही है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि आमदनी स्थिर है।


प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

कार्यक्रम में डा रमेश यादव, परमेश्वरी सिंह यादव,महैश पाण्डेय,राधा देवी, मुतलीव, ब्रह्मदेव यादव और निर्मल यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक और तेज किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रसोई गैस की संकट बरकरार प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी से उपभोक्ता परेशान

**राघोपुर (सुपौल) (एसएनबी)** । राघोपुर प्रखंड क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासन द्वारा होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश जारी किए जाने के बावजूद जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग नजर आ रहा है। एजेंसी संचालकों की मनमानी के कारण उपभोक्ताओं को अब भी गोदाम पर लंबी कतारों में खड़े होकर गैस


गैस सिलेंडर के लिए कतार में खड़े उपभोक्ता।

सिलेंडर लेने को लोग मजबूर है। गुरुवार को भीषण गर्मी के बीच राघोपुर स्थित गणपति एचपी गैस एजेंसी के गोदाम पर सैकड़ों लोग कतार में खड़े दिखे। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वे सुबह चार बजे से ही लाइन में लगे हुए हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इस स्थिति में महिलाओं, बुजुर्गो और दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि गोदाम परिसर में जिलाधिकारी के आदेश का पोस्टर भी लगा हुआ है, जिसमें स्पष्ट रूप से गोदाम से गैस वितरण बंद कर केवल होम डिलीवरी करने का निर्देश दिया गया है। इसके बावजूद उसी स्थान पर खुलेआम लाइन लगवाकर सिलेंडर वितरण किया जा रहा है। यह स्थिति प्रशासनिक आदेशों की खुलेआम अवहेलना को दर्शाता है। स्थानीय लोगों में इस अव्यवस्था को लेकर भारी आक्रोश है। उपभोक्ताओं का कहना है कि अगर होम डिलीवरी व्यवस्था सही तरीके से लागू की जाती, तो उन्हें तपती धूप में घंटों खड़ा नहीं रहना पड़ता। कई लोगों ने एजेंसी संचालक पर जानबूझकर व्यवस्था को सुचारु नहीं करने का आरोप लगाया है। मामले में एजेंसी संचालक वरुण कुमार ने कहा कि आदेश का पालन करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन उपभोक्ता खुद ही गोदाम पर पहुंच जा रहे हैं, जिससे स्थिति को नियंत्रित करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि गुरुवार को चार गाड़ियों के माध्यम से होम डिलीवरी की गई, हालांकि वहां भी विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई। उनका दावा है कि अगले दो दिनों के भीतर गोदाम से वितरण पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा।

### श्याम सेवा ट्रस्ट के द्वारा निकाला गया निशान यात्रा

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) (एनएसबी)** । हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को मुख्यालय स्थित श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के द्वारा निशान यात्रा निकाला गया गाजे बाजे के साथ राधा कृष्ण ठाकुरवाड़ी से शुभारंभ निशान शोभायात्रा बाजार क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्गो का भ्रमण करते श्याम मंदिर प्रांगण स्थित बालाजी मंदिर में सम्पन्न हुआ ।


निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालुजन।

शोभायात्रा में शामिल महिला एवं पुरुष श्रद्धालु अपने अपने हाथों में पताका लिए एवं रंगबिरंगे परिधानों में जयकारा लगाते चल रहे थे । निशान शोभायात्रा में अनील सिंघल, महेश अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, सज्जन संत, इंदु अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, ममता अग्रवाल, मधु मित्तल सहित अन्य महिला पुरुष श्रद्धालुजन शामिल थे ।

# महद्दीपुर मेला संपन्न, नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई

नवसंदेश ब्यूरो



प्रतिमा को विसर्जन करने के लिए जमा लोगों की भीड़।

**विसर्जन के दौरान पूरा माहौल 'मां दुर्गा की जय' और 'अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों से गूंजा**

**उखड़ा पोखर में प्रशासनिक सुरक्षा इंतजामों के बीच प्रतिमा का किया गया विसर्जन**

**पसराहा।** श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का प्रतीक चार दिवसीय राजकीय मेला महद्दीपुर हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। मेले के अंतिम दिन मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ ही चार दिनों से चल रहे इस आध्यात्मिक उत्सव का समापन हुआ। विसर्जन के दौरान पूरा माहौल 'मां दुर्गा की जय' और 'अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने नम आंखों से अपनी आराध्य देवी को विदाई दी, जिससे हर तरफ भावुकता का श्य नजर आया। प्रतिमा विसर्जन की प्रक्रिया पूरे विधि-विधान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शुरू की गई। विशाल शोभायात्रा के रूप में मां की प्रतिमा को विसर्जन स्थल तक ले जाया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। भारी भीड़ को नियंत्रित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस के आला अधिकारियों ने स्वयं कमान संभाल रखी थी ताकि विसर्जन मार्ग पर यातायात और सुरक्षा व्यवस्था सुचारू बनी रहे। मां दुर्गा की प्रतिमा को भव्य विसर्जन यात्रा के साथ पास के ही उखड़ा पोखर ले जाया गया। वहां प्रशासन द्वारा किए गए सुरक्षा इंतजामों के बीच प्रतिमा का विसर्जन संपन्न हुआ। इस दौरान स्थानीय लोगों और युवाओं में भारी उत्साह देखा गया, वहीं विदाई की बेला में कई भक्तों की आंखें छलक आईं। राजकीय मेले के समापन के साथ ही महद्दीपुर के इस ऐतिहासिक परिसर में चार दिनों से जारी रौनक अब यादों में तब्दील हो गई है। प्रशासन और मेला समिति ने शांतिपूर्ण समापन पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों का आभार प्रकट किया है।

# चैती दुर्गा मेला में इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में पहुंचे माता के भक्त

**माता वैष्णो देवी की कृत्रिम गुफा और अद्भुत जलपरी का प्रदर्शन बना रहा आकर्षण का केंद्र**

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले की ऐतिहासिक पहचान और राजकीय मेले का दर्जा प्राप्त महद्दीपुर चैती दुर्गा मेला इस वर्ष रिकॉर्ड भीड़ के साथ संपन्न हुआ। मेले के अंतिम दिनों में प्रकृति की चुनौतियों ने भी श्रद्धालुओं के कदम नहीं रोके, तेज आंधी और भारी बारिश के बावजूद लोगों का उत्साह चरम पर रहा। मौसम के बिगड़े मिजाज पर भक्तों की आस्था भारी पड़ी और बड़ी संख्या में लोग माता के दर्शन करने पहुंचे। मेले का मुख्य आकर्षण न केवल माता का भव्य और अलौकिक मंदिर रहा, बल्कि इस बार श्रद्धालुओं के मनोरंजन और जिज्ञासा के लिए कई नए प्रबंध भी किए गए थे। विशेष रूप से पहली बार स्थापित माता वैष्णो देवी की कृत्रिम गुफा और अद्भुत जलपरी का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र बना रहा, जिसे देखने के लिए दूर-दराज से जनसैलाब उमड़ पड़ा। इन नई प्रस्तुतियों ने बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी का मन मोह लिया और मेले की भव्यता में चार चांद लगा दिए। मनोरंजन की बात करें तो मेले में सजे विभिन्न प्रकार के झूलों ने युवाओं और बच्चों को खूब रोमांचित किया। टावर झूला, सुनामी झूला, डबल डिश झूला, नाव झूला और ड्रैगन ट्रेन पर सवारी करने के लिए लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। वहीं, रोमांच के शौकीनों के लिए मौत का कुआं एक बार फिर हैरत अंगेज कारनामों का गवाह बना।

## संक्षिप्त खबरें

### मेधावी छात्र-छात्राओं का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



**पसराहा।** खगड़िया जिला मुख्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित होने के बाद अपने गांव लौटे मेधावी छात्र-छात्राओं का ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी नवीन कुमार ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार, उप विकास आयुक्त श्वेता भारती, एएसपी साक्षी कुमारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेन्द्र गोंड सहित प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने युवाओं के इस शैक्षणिक प्रदर्शन की सराहना की। विशेष रूप से बन्देहरा निवासी ब्रजेश चौरसिया के पुत्र अंकित कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कुल 500 अंकों में से 472 अंक प्राप्त किए। 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ अंकित ने पूरे जिले में छठा स्थान हासिल कर गांव का मान बढ़ाया है। वहीं, इसी गांव के गुरुचरण चौरसिया की पुत्री संगीत कुमारी ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 93.6 प्रतिशत अंक अर्जित 468 अंक के साथ जिले की मेधा सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया। एआईएम एचीवर क्लासेस, बन्देहरा से शिक्षा प्राप्त करने वाले इन दोनों विद्यार्थियों ने अपनी इस शानदार सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया। छात्रों के गांव पहुंचते ही खुशी का माहौल छा गया। प्रधानाध्यापक रमण कुमार, मुकेश कुमार, गुणानंद कुमार दिनकर और संस्थान के निदेशक गोविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उपस्थित लोगों ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने अपनी मेहनत से जिला स्तर पर पहचान बनाई है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस दौरान साक्षी कुमारी, लालू कुमार, रश्मी, रूबी और विशाखा सहित कई व्यक्तियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

### थ्रेसर में फंसी महिला की साड़ी, बुरी तरह जख्मी

**खगड़िया।** सदर प्रखंड क्षेत्र के गौड़ा शक्ति पंचायत के बागडोव गांव में थ्रेसर की चपेट में आने से महिला जख्मी हो गई। बताया जाता है कि बागडोव गांव के रहने वाला पिंटू कुमार और गांव के कई लोग खेत में गेहूं दौनी के लिए थ्रेसर मंगाये था। थ्रेसर से दौनी हो रही थी। इस दौरान पिंटू कुमार की पत्नी चंदा कुमारी थ्रेसर में गेहूं का बोझा डाल रही थी। बोझा डालने के क्रम में चंदा देवी की साड़ी थ्रेसर में फंस जाने के कारण थ्रेसर से टकराने के कारण वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी चंदा देवी को ग्रामीणों ने खगड़िया सदर अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिये बेगूसराय रेफर कर दिया गया।

### सदर अस्पताल में दिव्यांग शिविर का आयोजन

**खगड़िया।** सदर अस्पताल परिसर स्थित कोविड अस्पताल में गुरुवार को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए दर्जनों लोगों के स्वास्थ्य की जांच किया गया। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अभय कुमार के अलावे वरीय ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. विधानंद सिंह और मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार ने मरीजों की जांच की। शिविर में बेलदौर प्रखंड के रोहियामा निवासी अरुण चौधरी की तीन वर्षीया पुत्री सांझ प्रिया, रसौंक मांडर निवासी राजेंद्र कुमार, चौथम नवादा निवासी मयंक राज समेत सुशांत कुमार, अंकुश कुमार,लाल बहादुर साहनी, चांदनी कुमारी, गोलू कुमार, प्रदीप कुमार, नीलम देवी, प्रशांत कुमार, सुमन कुमार, मुकेश कुमार सिन्हा के साथ कई अन्य दिव्यांगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉ. अभय कुमार ने बताया कि राज्य सरकार स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर दिए गए अंकों के मूल्यांकन के बाद जांच के दूसरे दिन सिविल सर्जन कार्यालय से प्रमाण-पत्र निर्गत किए जाने का प्रावधान है।

### रामधुनी यज्ञ से पूर्वी बौरने में भक्तिमय माहौल

**चौथम।** प्रखंड के पूर्वी बौरने पंचायत के बौरने स्थान भगवती मंदिर प्रांगण में आयोजित 48 घंटे के रामधुनी यज्ञ के दूसरे दिन विद्वान पंडित आचार्यों के साथ यजमानों द्वारा पूजन हवन संपादित किए जा रहे हैं। वहीं कई रामधुन मंडली के साथ-साथ नेपाल की महिला मंडली रामधुन का रट लगा रही है जिससे पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। नेपाल महिला मंडली द्वारा बेहतर भाव से संगीत एवं नृत्य कला का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस रामधुन यज्ञ कलाकारों की कलाकृति देखने के लिए आसपास के गांव के लोगों का तांता लगा हुआ है। दूसरी और, इस कार्यक्रम को लेकर कमेटी के साथ गांव के लोग सक्रियता से कार्य व्यवस्था में तत्परता से लगे हुए हैं। ग्रामीणों के साथ महिलाएं एवं दूर दराज से भी दर्शक एवं श्रद्धालु एक साथ माता भगवती की पूजा अर्चना के साथ रामधुन का श्रवण एवं दर्शन कर रहे हैं। कमेटी के सदस्य युगेश प्रसाद सिंह, नित्यानंद सिंह, बलवीर सिंह, रणवीर कुमार सिंह, राजकिशोर सिंह, चंदन सिंह, मोहन सिंह, संजीव कुमार सिंह, निर्भय सिंह समेत दर्जनों ग्रामीण सक्रियता से व्यवस्था में लगे हैं।

### हफ्ते भर में होगी सरकारी व निजी अस्पतालों की फायर ऑडिट

**पटना।** कंकड़बाग थाना क्षेत्र के अशोक नगर स्थित न्यू कुमार नर्सिंग होम में एक अप्रैल को हुई अगलगी की घटना के बाद जिलाधिकारी ने एक हफ्ते के अंदर जिले के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों की फयर ऑडिट करने का सख्त निर्देश दिया है। इसके पहले जिलाधिकारी ने एक अप्रैल को पटना के सिविल सर्जन और जिला अग्निशमन पदाधिकारी बुलाकर उनसे अद्यतन वस्तुस्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों का एक सप्ताह के अंदर फायर ऑडिट कराने का निर्देश देने के साथ ही सभी निजी अस्पतालों के संचालकों/प्रबंधकों के माध्यम से भी हॉस्पिटल्स में सुरक्षात्मक मानकों का हर हाल में अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा। अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को उनके-उनके क्षेत्रान्तर्गत सभी अस्पतालों में सुरक्षा संबंधी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुपालन का अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों, परिजनों एवं चिकित्सकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। सभी स्टेकहोल्डर्स इसके लिए सजग एवं तत्पर रहें।

# नामांकन दिवस 6 अप्रैल को

नवसंदेश ब्यूरो

**वर्ग-1 में योग्य बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश**

**विद्यालय स्तर पर विद्यालय शिक्षा समिति, प्रधानाध्यापक, अभिभावक, आंगनबाड़ी सेविका, विकास मित्र और जीविका दीदियों को दी गई जिम्मेदारी**

**अभिभावकों और बच्चों के बैठने, पेयजल, स्वच्छ शौचालय तथा स्वागत की समुचित व्यवस्था करने, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, रंगोली, तोरणद्वार और अन्य सजावट कर वातावरण को उत्सवमय बनाया जाएगा**

**खगड़िया।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर खगड़िया जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में 06 अप्रैल को नामांकन दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी नवीन कुमार ने विद्यालय, प्रखंड एवं जिला स्तर पर टीमों का गठन किया है, ताकि वर्ग-1 में नामांकन योग्य सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जा सके।

जारी आदेश के अनुसार, प्रत्येक विद्यालय में विशेष प्रवेशोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें अभिभावकों एवं बच्चों का स्वागत कर उनका नामांकन कराया जाएगा। विद्यालय स्तर पर विद्यालय शिक्षा समिति, प्रधानाध्यापक, अभिभावक, आंगनबाड़ी सेविका, विकास मित्र एवं जीविका दीदियों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे अपने-अपने पोषक क्षेत्र के बच्चों का चिन्हांकन कर नामांकन हेतु प्रेरित करें।

निर्देश दिया गया है कि आंगनबाड़ी में नामांकित वैसे सभी बच्चे, जिन्होंने 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है अथवा अगले 6 माह में 6 वर्ष पूर्ण कर लेंगे, उनका नामांकन प्राथमिक विद्यालयों में कराया जाए। साथ ही ऐसे बच्चों की भी पहचान की जाएगी जो 6 वर्ष के हो चुके हैं लेकिन आंगनबाड़ी में नामांकित नहीं हैं। उनके अभिभावकों से संपर्क कर विशेष रूप से नामांकन के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

विद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि नामांकन दिवस पर अभिभावकों एवं बच्चों के बैठने, पेयजल, स्वच्छ शौचालय तथा स्वागत की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, रंगोली, तोरणद्वार एवं अन्य सजावट कर वातावरण को उत्सवमय बनाया जाएगा। इसमें बाल संसद, मीना मंच एवं पीएम पोषण योजना के रसोइयों का भी सहयोग लिया जाएगा।

जिलाधिकारी के निर्देशानुसार, यदि किसी बच्चे के पास जन्म प्रमाण पत्र या आधार कार्ड उपलब्ध नहीं है, तब भी उसका प्रोविजनल नामांकन किया जाएगा। बाद में विद्यालय द्वारा अभिभावकों को आवश्यक दस्तावेज बनवाने में सहयोग दिया जाएगा। नामांकन दिवस के सफल आयोजन के लिए प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जीविका एवं कल्याण विभाग के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं जिला स्तर पर जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, आईसीडीएस, जीविका एवं समग्र शिक्षा अभियान के पदाधिकारी इसकी निगरानी करेंगे।

नामांकन दिवस को लेकर 02 अप्रैल को वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें कार्यक्रम की सफलता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि 06 अप्रैल को जिले में वर्ग-1 का एक भी योग्य बच्चा नामांकन से वंचित नहीं रहना चाहिए तथा शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए।

# विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकों का वितरण

**चौथम (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र में गुरुवार को प्रखंड के सभी विद्यालयों के अध्यापकों की भीड़ देखी गई। दरअसल यह भीड़ विद्यालयों के पाठ्य पुस्तकों का उठाव करने को लेकर थी।

पूछने पर प्रखंड के प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा सभी विद्यालयों को पाठ्य पुस्तक और अन्य सामग्रियों को उपलब्ध कराया गया है। प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के 129 विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा के बाद नए सत्र का यह पुस्तक वर्ग एक से वर्ग आठ तक का पूरा सेट सभी विद्यालयों को उपलब्ध करा दिया गया है। विद्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी छात्र उपस्थित सूची के अनुसार सभी छात्रों के लिए यह पुस्तक उपलब्ध कराई गई है, तथा सभी सब्जेक्ट के पूरा सेट के रूप में उपलब्ध कराई गई है। विद्यालय के अध्यापकों द्वारा अपने-अपने विद्यालयों में सप्ताह भर के अंदर सभी छात्रों को यह पुस्तक उपलब्ध करा दी जाएगी।

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जॉब प्लेसमेंट कैंप 09 को

**खगड़िया (एनएसबी)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 09 अप्रैल को जॉब प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में विभिन्न कंपनियों द्वारा 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ उठाएं।

चयनित अभ्यर्थियों को मासिक वेतन के साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। नियोजक कंपनियों की ओर से पार्ट टाइम डिप्लोमा की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिसका पूरा खर्च संबंधित कंपनी वहन करेगी। कैंप में एनडीएम बेंगलुरु, डेल्फी-टीवीएस लिमिटेड, श्नाइडर बैंगलोर तथा पीवीटी लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। इन कंपनियों में फाउंडेशन, असेंबली ट्रेड्स, तकनीकी एवं अन्य पदों पर बहाली की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को लगभग 16,000 रुपये से 18,250 रुपये तक मासिक वेतन दिया जाएगा। रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे अपने सभी आवश्यक शैक्षणिक प्रमाण पत्र, बायोडाटा, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ जॉब कैंप में भाग लें। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य ने जिले के बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं तथा रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनें।

# बुकिंग के बाद निर्धारित समय पर मिले LPG

**एलपीजी उपभोक्ताओं की सुविधाओं को लेकर जिले के प्रभारी सचिव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक**

**स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, कस्तूरबा विद्यालयों और सरकारी हॉस्टलों में नियमित और निरंतर आपूर्ति करें सुनिश्चित**

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले में एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था और उपभोक्ता सुविधाओं की समीक्षा बैठक जिला सभागार में आयोजित की गई। अध्यक्षता जिले के प्रभारी सचिव प्रणव कुमार ने की। बैठक में डीएम नवीन कुमार, एसपी राकेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार, गोगरी अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी विजयंत और जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कौशिकी कश्यप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान प्रभारी सचिव ने निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद निर्धारित समय सीमा में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। लंबित अर्डरों के शीघ्र निष्पादन और बैकलॉग समाप्त करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की आपूर्ति समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही उन्होंने घरेलू गैस के उपयोग की नियमित निगरानी और आवश्यक जांच करने के निर्देश दिए, जिससे वितरण प्रणाली पारदर्शी और व्यवस्थित बनी रहे। उपभोक्ता की शिकायतों के निपटारे को प्रभावी बनाने के लिए कंट्रोल रूम की सक्रियता बढ़ाने और प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ता से सीधे संपर्क कर फीडबैक लिया जाए कि उनकी समस्या का समाधान हुआ या नहीं, ताकि जवाबदेही और पारदर्शिता बनी रहे। साथ ही, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, कस्तूरबा विद्यालयों और सरकारी हस्टलों में एलपीजी गैस की नियमित और निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया, ताकि वहां अध्ययनरत बच्चों और संचालित गतिविधियों में किसी प्रकार की बाधा न आए। समीक्षा के दौरान यह जानकारी भी साझा की गई कि जिले में गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। सभी 31 गैस एजेंसियों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए, ताकि उपभोक्ताओं तक समयबद्ध और सुचारु आपूर्ति बनी रहे।

# मरीजों को मेन्यू के अनुसार नहीं मिल रहा भोजन

**बेलदौर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान सीएस से लोगों ने की शिकायत**

**बेलदौर (एनएसबी)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर का सिविल सर्जन ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आउटसोर्सिंग व्यवस्था का जायजा लिया। इस क्रम में डॉक्टर सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि आउटसोर्सिंग के तहत मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार पर भोजन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इस पर सिविल सर्जन ने नाराजगी जताते हुए संबंधित आउटसोर्सिंग कर्मी के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने की बात कही है।

निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने ओपीडी, प्रसव कक्ष, उपस्थिति पंजी व अन्य महत्वपूर्ण अभिलेख की गहन जांच की। वही अस्पताल परिसर में साफ सफाई की स्थिति को पहले से बेहतर बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें और सुधार की आवश्यकता है। सिविल सर्जन ने एनएचएम कर्मी से पूछताछ किया। कर्मी ने कहा कि वरीय पदाधिकारी के दिए गए कार्य को समय पर पूरा कर देते हैं, लेकिन उन्हें समय पर सैलरी नहीं दी जाती है। वहीं सरकार ने एनएचएम कर्मी को मोबाइल तो दिया लेकिन एक वर्ष से रिचार्ज नहीं किया गया। सैलरी के रुपए से दिए गए टाक्स को हर माह पूरा कर देते हैं।एनएचएम कर्मी की बातों को गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि जल्द से जल्द एनएचएम कर्मी की समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

### सिविल सर्जन ने अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच की

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आगे चल रहे मॉडर्न अल्ट्रासाउंड सेंटर की सिविल सर्जन ने जांच की। जांच के दौरान अल्ट्रासाउंड सेंटर के कर्मी फरार हो गए। हालांकि मॉडर्न अल्ट्रासाउंड सेंटर के डायरेक्टर रोशन कुमार ने पहुंचकर अपने सेंटर के कागजात दिखाए। पूछे जाने पर अल्ट्रासाउंड सेंटर के डायरेक्टर रोशन कुमार ने सिविल सर्जन को बताया कि चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मुकेश कुमार यहां मरीजों को जांच के लिए भेजा जाता है, जो रजिस्टर में अंकित भी है। दूसरी ओर सिविल सर्जन ने पास में ही स्थित अवैध रूप से चल रहे रेशम अल्ट्रासाउंड सेंटर व अन्य की जांच नहीं की। इससे कई तरह की चर्चा हो रही है।

# सदर विधायक ने समस्याओं से मंत्री को कराया अवगत



बबलू कुमार मंडल।

**खगड़िया (एनएसबी)।** खगड़िया विधानसभा क्षेत्र में जल संसाधन विभाग से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने राज्य के जल संसाधन मंत्री को पत्र सौंपा है। उन्होंने क्षेत्र में व्याप्त जलजमाव और नदी कटाव जैसी समस्याओं पर तत्काल ठोस कार्रवाई करने की मांग की है। विधायक ने कहा कि इन समस्याओं के कारण हर वर्ष हजारों किसानों और आम लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ता है। विधायक ने पत्र में उल्लेख किया है कि इन मुद्दों को उन्होंने 18वीं विधानसभा सत्र के दौरान तारांकित प्रश्न के माध्यम से पहले ही सरकार के समक्ष रखा था, लेकिन अब तक अपेक्षित समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब इन समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई अत्यंत आवश्यक हो गई है। सबसे प्रमुख मुद्दे के रूप में उन्होंने कराची-बदलाघाट तटबंध के किमी 29.00 से 35.00 के बीच वर्षों से चली आ रही भीषण जलजमाव की समस्या को उठाया। उन्होंने बताया कि इसके कारण प्रतिवर्ष लगभग 7500 एकड़ कृषि भूमि प्रभावित होती है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

# संगठन की मजबूती के लिए सतत प्रशिक्षण जरूरी : भगत



प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा के जिलाध्यक्ष।



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के नेता और कार्यकर्ता।

**खगड़िया (एनएसबी)।** भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान का आयोजन खगड़िया सदर विधानसभा क्षेत्र के खगड़िया ग्रामीण दक्षिणी मंडल में किया गया। यह कार्यक्रम रहीमपुर स्थित निजी होटल में मंडल अध्यक्ष अजय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न भगत उपस्थित रहे। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं के सतत प्रशिक्षण, अनुशासन और विचारधारा की स्पष्ट समझ पर आधारित होती है। प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें। कार्यक्रम में प्रशिक्षक पूर्व जिलाध्यक्ष अर्जुन कुमार शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अश्वनी सिंह, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला प्रवक्ता प्रो. अरविंद सिंह, जिला प्रमुखा ई. धर्मेंद्र यादव एवं जिला कोषाध्यक्ष मृत्युंजय झा उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संगठनात्मक संरचना, पार्टी की विचारधारा, कार्यपद्धति, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क एवं संगठन विस्तार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। साथ ही उन्होंने आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड उप प्रमुख सुनील चौधरी, जिला मंत्री नवीन सिन्हा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी महतो, चुनाव सेल जिला संयोजक अक्षय सूरी, भाजपा नेता सदानंद चौधरी, माहेश्वरी यादव, युगल मंडल, गंगेश झा, ललन ठाकुर, रेखा देवी, अनु देवी, रेणु देवी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर भाजपा की बैठक

**लखीसराय ।** भारतीय जनता पार्टी, लखीसराय द्वारा गुरुवार को लखीसराय विधानसभा प्रधान कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आगामी 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाने की रणनीति तैयार की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह एवं प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजीव रंजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह संगठन की विचारधारा, समर्पण और सेवा भाव को जन-जन तक पहुंचाने का एक महापर्व है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रत्येक बूथ स्तर तक पहुंचकर पार्टी की उपलब्धियों एवं सिद्धांतों से आम जनता को अवगत कराएं और स्थापना दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाएं। जिला प्रभारी संजय सिंह ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही पार्टी की असली शक्ति है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्यक्रम में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं, जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि स्थापना दिवस को संगठनात्मक एकता और उत्साह के साथ मनाते हुए पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुँचाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। इस अवसर पर जिला प्रभारी संजय सिंह, जिला महामंत्री सनोज साहू, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु कुमार, गौतम मंडल, संजय सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अजय कुशवाहा, जिला मंत्री हिमांशु पटेल, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास आनंद, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष आशा पासवान, नीतू आर्य, नीतू सिंह सहित सभी मंडल अध्यक्ष एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में स्थापना दिवस को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई।

### पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण

**लखीसराय।** जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने गुरुवार को शिवसोना स्थित निर्माणाधीन अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन निर्माण कार्य की वर्तमान प्रगति, कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में कार्य की गति संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों एवं संवेदक को कार्य में तेजी लाने का सख्त निर्देश दिया। मौके पर मौजूद भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता और संवेदक से जानकारी लेते हुए डीएम ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य हर हाल में निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के शुरू होने से क्षेत्र की छात्राओं को एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक सुविधा मिलेगी, जिससे उनके समग्र विकास को बल मिलेगा। डीएम ने चेतावनी दी कि निर्माण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोताही या मानकों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से स्थल का भ्रमण कर प्रगति की समीक्षा करें। साथ ही कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने और श्रमिकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया ताकि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ जल्द से जल्द लाभार्थियों तक पहुँच सके। इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी श्री राजीव रंजन कुमार सहित संबंधित विभाग के कई अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

### गैस की किल्लत की अफवाहों पर प्रशासन सख्त

**लखीसराय।** मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण एलपीजी गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की खबरों के बीच लखीसराय जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। जिले में गैस एजेंसियों और विक्रेताओं पर उमड़ने वाली संभावित भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और संबंधित थानाध्यक्षों का एक त्रिस्तरीय धावा दल गठित किया गया है। यह दल लगातार भ्रमणशील रहकर कालाबाजारी पर रोक लगाएगा।

# डक्टर एवं कर्मचारियों को सिविल सर्जन ने पढ़ाया कर्तव्य निष्ठा का पाठ

## सिविल सर्जन ने जमालपुर पीएचसी का किया औचक निरीक्षण से मची अफरा-तफरी

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी) ।** सिविल सर्जन मुंगेर ड राजू ने गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर का निरीक्षण किया। सिविल सर्जन के अचानक गाड़ी को पीएचसी परिसर में जैसे ही खड़ी हुई तो डक्टर नर्स एवं कर्मचारियों के बीच अफरा तफरी जैसी स्थिति देखी गई।

निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने डक्टर एवं कर्मचारियों के रजिस्टर का अवलोकन किया। रजिस्टर में बनाए गए हाजिरी के अनुसार जब सिविल सर्जन ने डक्टर के साथ कर्मचारियों को खोजना शुरू किया तो थोड़ी देर के लिए बड़ा बाबू मुकेश कुमार सिंह का पसीना उतरने लगा। सिविल सर्जन ने डक्टर एवं कर्मचारियों को कर्तव्य निष्ठा का पाठ पढ़ाया।


रजिस्टर का जांच करते सिविल सर्जन।

उन्होंने अस्पताल परिसर, ओपीडी, प्रसव कक्ष और शौचालय में साफ-सफाई सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया गया। इधर ड्यूटी से अनुपस्थित पाए जाने वाले डक्टरों और कर्मचारियों का वेतन रोकने और स्पष्टीकरण मांगने की कार्रवाई करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने मरीज को निशुल्क दवाएं मिलने की जांच की गई और दवाओं के स्टक को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया।

# खेत खलियान में लगी आग से किसानों के बीच मची अफरा-तफरी

## समय पर अगिशमन की गाड़ी पहुंचकर आग पर पाया काबू

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी) ।** सफिया सराय थाना क्षेत्र के रमैया बहियार के खेत खलिहान में अचानक आग लग जाने से किसानों के बीच अफरा तफरी मच गई। खेत खलिहान में लगी आग से किसान का कोई नुकसान नहीं हुआ।

लगी आग के बारे में किसान बृजेश सिंह ने बताया कि खेत खलियान में आग कैसे लगी इसका तो पता नहीं पर मौके पर अगिशमन में की गाड़ी पहुंचकर आग को बुझाने में हर संभव प्रयास ग्रामीण किसानों के सहयोग से किया। जिसका परिणाम निकला की बढ़ते आग की लपेट को समय रहते काबू कर लिया गया। किसान ने यह भी बताया कि यह तो हम लोगों का किस्मत था कि खलिहान खाली था नहीं तो जान माल का भी नुकसान हो सकता था। किसानों ने अगिशमन की टीम के प्रति आभार जताया।


खलियान में लगी आग को बुझाते अगिशमन में की टीम।

### शहरी एवं ग्रामीण इलाके के मंदिर में मनाया गया हनुमान जयंती

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी) ।** शहरी एवं ग्रामीण इलाके के मंदिरों में हनुमान जयंती (हनुमान जन्मोत्सव) धूमधाम से मनाई गई। सुबह से ही हनुमान मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़, विशेष श्रृंगार, अनुष्ठान और भजनों के साथ हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गई। जमालपुर के जुबली जुबली बेल, अल्बर्ट रोड, काली पहाड़ी के शिखर पर प्राचीन मंदिर, अल्बर्ट रोड मनोकामना महावीर मंदिर, पंचमुखी बजरंगबली मंदिर, शिवाजी चौक हलिमपुर बजरंगबली मंदिर, रामपुर जोगी बाबा मंदिर में भव्य सजावट और श्जय श्री राम१ के नारों के साथ उत्सव मनाया गया। इधर हनुमान जयंती के मौके पर सुबह से रात्रि तक मंदिर में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और रामायण का पाठ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इधर पूजा अर्चना के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया गया और भंडारे का आयोजन किया गया। इधर हनुमान जयंती के बारे में हनुमान भक्त सरदार बलविंदर सिंह अहलूवालिया, पुजारी राजू पाठक, शिवम,मनीष, सिंटू पासवान, बादल कुमार ने बताया कि यह पावन पर्व शक्ति, भक्ति और समर्पण के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।

# पांच लाख रुपये घूस लेते पेशकार गिरफ्तार

**मुंगेर (एनएसबी) ।** निगरानी विभाग की टीम ने प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय मुंगेर में बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रमण्डलीय आयुक्त के कोर्ट के पेशकार मुकेश कुमार को 1 लाख 70 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि मुकेश कुमार पिछले तीन वर्षो से अधिक समय से आयुक्त कार्यालय में कार्यरत था और एक केस में पक्षकार से काम कराने के बदले रिश्वत की मांग कर रहा था।मामला बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल क्षेत्र से जुड़ा है, जहां काजी हाउस की सरकारी जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि स्थानीय व्यक्ति द्वारा फर्जी कागजात के जरिए जमीन बेचने की कोशिश की जा रही थी। इस मामले में समाजसेवी नंद किशोर प्रसाद सुमन ने शिकायत दर्ज कराई थी। जब मामला आयुक्त कार्यालय पहुंचा, तो पेशकार मुकेश कुमार ने सरकारी जमीन को बचाने के एवज में 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी। शिकायतकर्ता ने पहले ही 3 लाख रुपये दे दिए थे और बाद में इसकी सूचना पटना निगरानी विभाग को दी। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद डीएसपी पवन कुमार के नेतृत्व में टीम ने जाल बिछाया और जैसे ही मुकेश कुमार 1 लाख 70 हजार रुपये ले रहा था, उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई के बाद सरकारी दफ्तरों में हड़कंप मच गया है और निगरानी विभाग आगे की कार्रवाई में जुट गया है। इस मामले में डीएसपी निगरानी विभाग पटना पवन कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त होने के बाद मामले की जांच की गई, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद टीम गठित कर कार्रवाई की गई और मुंगेर पहुंच आयुक्त कार्यालय से आरोपी को 1 लाख 70 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

### लुधियाना में चर्चित प्रोपर्टी डीलर की हत्याकांड में जमालपुर से दो आरोपी गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी) ।** पंजाब के लुधियाना स्थित कुंभकलान थाना क्षेत्र में एक चर्चित प्रोपर्टी डीजल की निर्मम मामले में लुधियाना की 6 सदस्यीय टीम जमालपुर पहुंच तकनीकी साक्ष्य के बदौलत थाना जमालपुर के सदर बाजार से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।गिफ्तार आरोपी पंजाब के लुधियाना जिला के थाना मछी वाड़ा के खोखरान गांव निवासी जय सिंह का पुत्र विजय कुमार और दूसरा मछी वाड़ा के ईराक गांव निवासी महेंद्र प्रसाद का पुत्र लक्की कुमार है। लुधियाना ईस्ट के एसीपी सुमित सुद की अगुवाई में आदर्श थाना जमालपुर पुलिस के सहयोग से यह कार्रवाई की गयी है। पुलिस टीम ने आरोपियों को मेडिकल कराकर तथा समक्ष न्यायालय में प्रस्तुत कर लुधियाना साथ ले गई है। लुधियाना ईस्ट के एसीपी सुमित सुध ने बताया कि कुंभकलान थाना क्षेत्र में 29 मार्च को हत्या का मामला दर्ज कराया गया था। इसमें मृतक लुधियाना के चर्चित प्रोपर्टी डीलर परमेंद्र तिवारी (50) वे धनी व समृद्ध व्यक्ति थे। जब वे दिन में अपने र्टर के बाहर बैठा था, तभी पीछे से दो युवक आया और माथा पर कुल्हाड़ी से जानेलवा प्रहार किया। चीख-चिल्लाहट के बाद लोग दौड़े तो आरोपी भाग खड़ा हुआ। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और अस्पताल ले गया, जहां मृत घोषित कर दिया था। उन्होंने कहा कि घटना के दिन की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गयी और आरोपियों की पहचान कर ली गयी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी बीच मोबाइल सर्विलांस और तकनीकी पहलुओं के साक्ष्य जुटाने पर आरोपियों की छुपने का पता चला। इसके बाद बिहार मुंगेर के जमालपुर पुलिस के अपर थानाध्यक्ष सह प्रभारी थानाध्यक्ष टीपू सुल्तान सहित एसटीएफ पुलिस के सहयोग से आरोपियों को सदर बाजार स्थित एक गुप्त स्थान से 1 अप्रैल को ही गिरफ्तारी कर ली गयी थी। उन्होंने बताया कि घटना के 48 घंटे के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी तकनीकी साक्ष्य की बदौलत हुई है।

# प्रियंका के दोषियों को फांसी दे सरकार: सपा

## बिहार में कानून की राज का पोल खोलने के लिए पर्याप्त है नालंदा की घटना : पप्पू

**मुंगेर (एनएसबी) ।** बिहार के नालंदा के नूर सराय की घटीत घटना पूरे बिहार को जब झकझोर कर सुशासन के राग अलापने और कानून के राज की दुहाई देने वाली भाजपा जदयू सरकार के कार्यप्रणाली का पोल खोल कर रख दिया है उक्त बातें समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने प्रियंका के दोषियों को फांसी देने की मांग करते हुए कहा सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि नालंदा के सड़कों पर महिलाओं का यह चीर हरण पुरे सुबे के महिलाओं के सुरक्षा पर एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है और चीखघ चीखघ कर मानवता और सरकार के ढपोरसंखी घोषणाओं को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

बिहार का ये शासन प्रशासन केवल राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ताओं को डराने धमकाने फसाने का षड्यंत्र करने और अपराध व अपराधियों को संरक्षित करने मे लगी है,अपराधी और मनचलों पर प्रशासन का कोई खौफ नहीं है कमोवेश यही स्थिति बिहार के हर जिले की है जहाँ कमजोर पीड़ित की सुनने वाला कोई नहीं है और सरकार सत्ता में बने रहने के लिए बस लोक लुभावना घोषणा कर शेखी बघार रही है।श्री यादव ने आगे कहा कि सरकार में जरा भी नैतिकता बची है तो प्रियंका के दोषियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के अधीन 30 दिनों के अंदर फांसी की सजा मुकर्रर करवाए।


जानकारी देते पप्पू यादव।

### बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन के चुनाव नामांकन में हुई धांधली का प्रत्याशियों ने किया विरोध

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी) ।** बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन रेल जिला जमालपुर के चुनाव प्रक्रिया के तहत नामांकन के दौरान हुई धांधली का प्रत्याशियों ने जमकर विरोध करते हुए रेल एसपी से नामांकन फिर से करवाने की मांग की है।एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर गुरुवार को अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित आठ पद के लिए नामांकन का पर्चा मुजफ्फरपुर रेल के पर्यवेक्षक के देखरेख में भरा जा रहा था। 10रू00 बजे से 1रू00 तक नामांकन की प्रक्रिया चल रहा था इसी बीच पक्षपात को लेकर एक पक्ष ने पर्यवेक्षक के कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए जमकर विरोध किया। नामांकन की प्रक्रिया का विरोध करते हुए अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शिव कुमार यादव, उपाध्यक्ष पद के अभिषेक भारद्वाज व अभय राज सहित मंत्री पद के सूर्य भूषण पासवान सहित अन्य प्रत्याशी ने बताया कि एक तो 10रू00 बजे से नामांकन था जो पर्यवेक्षक के विलंब से आने के कारण 11रू00 से शुरू किया गया वहीं एक ग्रुप के प्रत्याशियों के प्रति पर्यवेक्षक का सफ्ट कर्नर देखा गया जबकि दूसरे पक्ष के प्रत्याशियों का नामांकन लिया ही नहीं जो इस चुनाव प्रकिया के पारदर्शिका पर सवाल उठाया है।

# स्कूल में नामांकन बढ़ाने को लेकर बीडीओ शिक्षकों के साथ किया बैठक

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी) ।** प्रखंड के स्कूलों में पठन-पाठन का माहौल बने जिससे कि स्कूलों में नामांकन की प्रक्रिया तेज हो इसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभात रंजन स्कूल का निरीक्षण कर प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों के साथ संवाद किए।

कन्या मध्य विद्यालय आदमपुर में बच्चों के नामांकन की प्रक्रिया काफी धीमी देख कर नाराजगी जताते हुए इसमें सुधार करने का दिशा निर्देश प्रधानाध्यापक को दिए। बीडीओ ने शिक्षकों को विशेष तौर पर नामांकन की प्रक्रिया को बढ़ाने को लेकर कहा कि स्कूल में बेहतरीन तकनीक और अच्छा छात्र-शिक्षक अनुपात होना अच्छी बात है। लेकिन अगर शिक्षण की गुणवत्ता खराब हो तो निश्चित रूप से नामांकन पर इसका प्रभाव दिखता है इसलिए विद्यालयों को एक सख्त भर्ती प्रक्रिया अपनानी चाहिए जिसमें न केवल शिक्षक की डिग्री बल्कि उनके शिक्षण कौशल और विभिन्न शोध पत्रों और प्रकाशनों में उनकी भागीदारी को भी ध्यान में रखा जाए।


शिक्षक के साथ संवाद करते बीडीओ।

विद्यालय एक वार्षिक सत्र का आयोजन भी कर सकते हैं जहाँ शिक्षकों को शिक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हो रहे परिवर्तनों, शिक्षण के विभिन्न तरीकों आदि के बारे में अद्यतन जानकारी दी जाए। जिससे कि इसका प्रचार प्रसार हो सके और अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल में नामांकन करवाने के लिए प्रेरित हो सकेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली की मजदूरी में मिली टीबी को विजय ने दी मात

#### पिता बोले- सरकारी इलाज ने उजाड़ने से बचा लिया घर

**लखीसराय (एनएसबी)।** ष्अगर समय पर मेरे बेटे को सही इलाज नहीं मिलता, तो हमारे बुढ़ापे का सहारा आखिर बनता कौन बेटे की लगातार गिरती सेहत और कमजोरी को देखकर मन हमेशा किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत रहता था।ष ये भावुक शब्द लखीसराय निवासी सकल दास के हैं, जिनकी आँखों में आज अपने इकलौते बेटे विजय को स्वस्थ देखकर सुकून की चमक है। विजय, जो अपने बूढ़े माँ-बाप की उम्मीदों का एकमात्र केंद्र है, जीवन की आपाधापी में मौत के करीब पहुँच गया था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता ने उसे नया जीवनदान दिया है। आज विजय न केवल स्वस्थ है, बल्कि वह फिर से परिवार की जिम्मेदारी उठाने के लिए तैयार हो चुका है। विजय की यह कहानी उन हजारों प्रवासी मजदूरों की व्यथा को दर्शाती है, जो अपनों की भूख मिटाने के लिए अपने ही शरीर की चीख को अनसुना कर देते हैं। अपने बूढ़े माता-पिता के भरण-पोषण की खातिर विजय दिल्ली में मजदूरी करने गया था। वहां दिन-रात हाड़-तोड़ मेहनत और धूल-मिट्टी के बीच काम करते हुए कब टीबी (क्षय रोग) के बैक्टीरिया ने उसके फेफड़ों पर कब्जा कर लिया, उसे आभास तक नहीं हुआ। वह लगातार गिरती सेहत और थकान को काम का बोझ समझकर नजरअंदाज करता रहा। वह अक्सर सोचता था कि शायद दिल्ली की भागदौड़ और खान-पान में कमी की वजह से शरीर साथ नहीं दे रहा है, और इसी गलतफहमी में वह संक्रमण को पालता रहा। जब स्थिति काफी बिगड़ गई और वह काम करने में असमर्थ हो गया, तब वह वापस लखीसराय लौटा। यहाँ स्वास्थ्य विभाग की वह रणनीति कारगर साबित हुई, जिसके तहत जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुधांशु नारायण लाल ने निजी अस्पतालों को संदिग्ध मरीजों को तुरंत सरकारी तंत्र से जोड़ने के सख्त निर्देश दे रखे थे। विजय जब एक निजी अस्पताल पहुँचा, तो डक्टरों ने उसे तत्काल सदर अस्पताल रेफर कर दिया। यहाँ जाँच में टीबी की पुष्टि हुई और उसे डट्स के तहत उपचार पर रखा गया। अगले सात महीनों तक उसे न केवल नियमित निःशुल्क दवाइयां मिलीं, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उसके पोषण और रिकवरी की भी निगरानी की। जिला प्रशासन अब जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए मिशन मोड में काम कर रहा है। जिला संचारी रोग पदाधिकारी ड़ श्रीनिवास शर्मा ने बताया कि वर्तमान में जिले में 288 लोग टीबी संक्रमण से जूझ रहे हैं, जिनका सरकारी खर्च पर इलाज जारी है। जिलाधिकारी के निर्देश पर श100 डेज टीबी जागरूकता कार्यक्रम१ शुरू किया गया है। इसके तहत सदर अस्पताल के ओपीडी में आने वाले 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक मरीज का अनिवार्य डिजिटल एक्स-रे कराया जा रहा है ताकि संक्रमण को शुरुआती दौर में पकड़ा जा सके। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि कोई भी व्यक्ति अपनी कमजोरी को सामान्य न समझे और समय रहते अस्पताल पहुँचकर अपना जीवन सुरक्षित करे। आज विजय फिर से काम पर लौटने की तैयारी में है, जो जिले के स्वास्थ्य मिशन की एक बड़ी सफलता है।

### रोटरी क्लब लखीसराय में डीजी विजिट संपन्न

#### सामाजिक सेवा के नए संकल्पों के साथ रोटेरियन नम्रता नाथ ने भरी ऊर्जा


**लखीसराय (एनएसबी)।** विद्यापीठ चौक स्थित एक निजी होटल में गुरुवार, 2 अप्रैल 2026 को रोटरी क्लब लखीसराय के तत्वाधान में श्डीजी विजिट१ कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बिहार-झारखंड रोटरी क्लब की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (डीजी) रोटेरियन नम्रता नाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत में सचिव रोटेरियन रामयतन कुमार ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया, वहीं प्रोफेसर निर्मला कुमारी द्वारा उन्हें अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद सहायक गवर्नर ड़ अरुण कुमार का स्वागत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक फूल का पौधा भेंट कर किया गया। बैठक के दौरान रोटरी क्लब लखीसराय के सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार साझा किए और क्लब द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे सामाजिक कार्यो का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में डीजी रोटेरियन नम्रता नाथ ने क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सदस्यों को और अधिक उत्साह के साथ जन सेवा में जुटने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रोटरी क्लब बिहार-झारखंड हर कदम पर उनके साथ है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि स्थानीय स्तर पर होने वाले सेवा कार्यो के खर्च में डिस्ट्रिक्ट की ओर से भी पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। नम्रता नाथ ने क्लब को निर्देश दिया कि वे जनहित से जुड़े ठोस प्रोजेक्ट तैयार करें। उन्होंने विशेष रूप से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर, शौचालयों का निर्माण और निशुल्क मेडिकल कैंप जैसे कार्यो पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सही तरीके से प्रोजेक्ट बनाकर देने पर रोटरी क्लब बिहार-झारखंड की ओर से निश्चित रूप से वित्तीय और संसाधन संबंधी मदद उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर एक विशेष उपलब्धि यह रही कि लाल इंटरनेशनल विद्यालय के निदेशक मुकेश कुमार को डीजी ने रोटरी पिन पहनाकर विधिवत रोटेरियन घोषित किया और क्लब के परिवार में उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष मुनींद्र झा, अरविंद कुमार भारती, सुरेश प्रसाद सिंह, पूर्व सचिव दिलखुश कुमार, संजय कुमार, अविनाश कुमार और रोहित कुमार सहित कई गणमान्य सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के समापन पर पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन मुनींद्र झा ने उपस्थित सभी अतिथियों और सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया।



डीजी को सम्मानित करते लोग।

### आरटीई के अंतर्गत आवंटित सीटों पर नामांकन प्रक्रिया को प्राथमिकता के साथ पूरा करें : डीएम

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित मंत्रणा कक्ष में जिले के सभी पंजीत निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्य, निदेशक और संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य केंद्र शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर वंचित एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के नामांकन की वर्तमान स्थिति रही।बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी विद्यालय प्रबंधनों को दो टूक शब्दों में निर्देश दिया कि आरटीई के अंतर्गत आवंटित सीटों पर नामांकन प्रक्रिया को प्राथमिकता के साथ पूरा करें। उन्होंने समय-सीमा निर्धारित करते हुए कहा कि आगामी 10 अप्रैल 2026 तक सभी विद्यालय संबंधित अभिभावकों से संपर्क कर चयनित बच्चों का नामांकन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लें। डीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर बरती गई लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी विद्यालय को इस प्रक्रिया में तकनीकी या अन्य समस्या आती है, तो वे तत्काल जिला शिक्षा कार्यालय से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने आरटीई को सामाजिक समरसता का आधार बताते हुए स्कूलों से इसकी भावना के अनुरूप कार्य करने की अपील की। नामांकन के साथ-साथ बैठक में मौसम के मिजाज और बढ़ती गर्मी को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर भी विस्तृत चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी स्कूल संचालकों को निर्देश दिया कि वे लू से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम करें। विद्यालयों में पर्याप्त पेयजल, कक्षाओं में उचित वेंटिलेशन और अत्यधिक गर्मी के दौरान बच्चों को सुरक्षित रखने के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके अलावा, स्कूलों के बेहतर संचालन, स्वच्छता, अनुशासन और शिक्षा की गुणवत्ता पर भी जोर दिया गया। प्रशासन ने साफ किया कि बच्चों के हितों और मानकों के पालन में कोई समझौता नहीं होगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी और निजी विद्यालयों के प्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



बैठक करते डीएम।

# बाजार समिति आरा में जीविका मार्ट का शुभारंभ

### जीविका दीदियों के सशक्तिकरण की दिशा में नया कदम

**आरा (एनएसबी)।** जिला प्रशासन द्वारा नवाचार को बढ़ावा देने एवं जीविका दीदियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत दिनांक 25 मार्च को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बाजार समिति परिसर, आरा में जीविका मार्ट का उद्घाटन किया गया। यह मार्ट विशेष रूप से जीविका दीदियों द्वारा निर्मित उत्पादों को एक संगठित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।

बाजार समिति, आरा के परिसर में जिले में नवाचार के तहत स्थापित यह जीविका मार्ट स्थानीय स्तर पर एक नई पहल के रूप में उभरकर सामने आया है। मार्ट के प्रारंभिक दिन ही उत्साहजनक परिणाम देखने को मिले, जहां पहले ही दिन लगभग साढ़े दस हजार की बिक्री दर्ज की गई। यह




बाजार समिति, आरा के परिसर में जिले में नवाचार के तहत स्थापित यह जीविका मार्ट स्थानीय स्तर पर एक नई पहल के रूप में उभरकर सामने आया है।

जीविका मार्ट नवाचार का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां जीविका दीदियों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पाद एवं सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है। इससे न केवल स्थानीय उत्पादों को बाजार मिलेगा, बल्कि जीविका दीदियों की आय में वृद्धि होगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी प्राप्त होगा। यह पहल रोजगार सृजन, आर्थिक सशक्तिकरण एवं वोकल फर लोकल की भावना को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी।

नवनिर्मित जीविका मार्ट में जीविका दीदियों द्वारा निर्मितध्उत्पादित विभिन्न वस्तुएँ जैसे आर्ट एवं क्राट, शहद, भोजपुरी पेंटिंग, लकड़ी के खिलौने, मखाना, सिलाई घर में निर्मित कपड़े, घर की सजावटी सामग्री, सिक्की, सुजनी, एप्लिक वर्क,कृत्रिम आभूषण, जूट उत्पाद आदि की बिक्री की जा रही है।

जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में बाजार समिति स्थित जीविका मार्ट में पहुंचकर जीविका दीदियों द्वारा निर्मित उत्पादों का अवलोकन करें एवं उन्हें खरीदकर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें।

# हथियारबंद बदमाशों ने बाइक मैकेनिक की गोली मारकर की हत्या

**आरा (एनएसबी)।** टाउन थाना क्षेत्र के पश्चिम टोला मोहल्ले में बुधवार की रात हथियारबंद बदमाशों ने एक बाइक मैकेनिक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक को काफी करीब से दो गोली मारी गई है। एक गोली बाएं हाथ एवं एक गोली पंजरी में मारी गई। टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं। इस संबंध में मृतक के पिता के बयान पर तीन लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस आरोपियों की धर-पकड़ के लिए छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के चौधरीयाना मोहल्ला वार्ड नंबर-9 निवासी मो. सगीर का 22 वर्षीय पुत्र मो.अफरोज है। बताया जाता है कि वह बाइक सर्विसिंग का काम करता है। बुधवार की सुबह ट्रेन द्वारा पटना बाइक का पार्ट्स खरीदने के लिए गया था। बुधवार की रात जब वह वापस लौट के क्रम में ट्रेन से उतरकर पश्चिम टोला मोहल्ले से घर जा रहा था। तभी वहां पर कुछ लोग झगड़ा कर रहे थे। उसी दौरान हथियारबंद बदमाशों ने उसे गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचा और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। दर्ज प्राथमिकी में आरा नगर थाना के वार्ड नंबर-11 सिद्धनाथ नगर तरी खेत निवासी शिवम सिंह, उसके पिता सरोज सिंह तथा बड़हरा थाना क्षेत्र के केशोपुर निवासी सत्यम कुमार पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस आरोपियों की गिरतारी के लिए छापेमारी कर रही है। दर्ज प्राथमिकी में घटना के कारण का जिक्र नहीं किया गया है।

# असनी-बामपाली सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**आरा (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने गुरुवार को असनी-बामपाली सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि रैयतों को लंबित मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया को तेज करने हेतु विशेष कैंप आयोजित कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, अंचल अधिकारी को अतिक्रमण हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता भोजपुर, अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अभियंता उपस्थित थे।



असनी-बामपाली सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण।

## खबरें : एक नजर में

### जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक

**आरा (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी भोजपुर की निदेशानुसार उप विकास आयुक्त श्रीमती गुंजन सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया । उक्त बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, आत्मा से उप निदेशक आत्मा, एल डी एम बैंक, जिला पशुपालन पदाधिकारी जिला गव्य पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी भोजपुर, मत्स्य विकास पदाधिकारी गुड्डू कुमार सिंह उपस्थित थे उप विकास आयुक्त भोजपुर के द्वारा कृषि से जुड़ी योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया, उन्होंने ने जिला मत्स्य पदाधिकारी भोजपुर के द्वारा बंदोबस्ती के बारे में बताया गया । साथ ही उनके द्वारा ये भी बताया गया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत कारीसाथ उदवंतनगर अंचल में पानी पार्क बनाने हेतु सरकार के द्वारा अप्रूवल दिया गया है। भूमि संरक्षण विभाग से संबंधित संचालित योजना कृषि विभाग से संबंधित संचालित योजना मत्स्य विभाग से संबंधित संचालित योजना की गहन समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में संबंधित पद अधिकारी को विशेष निर्देश दिया गया।

### पार्षद ने प्रशासन पर लगाए आरोप

**शाहपुर (एनएसबी)।** वार्ड संख्या चार के पार्षद कमलेश कुमार राज ने नगर पंचायत प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वार्ड संख्या चार में महादलितों की बहुसंख्यक आबादी हैं। वार्ड में कई जगह हाईटेंशन तार बिना कवर के हैं, स्ट्रीट लाइट खराब हैं और कबीर अंत्येष्टि योजना का लाभ समय पर नहीं मिल रहा है। इसके अलावे प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की राशि कई लाभुकों को नहीं मिली है, न ही सीसीटीवी कैमरा और सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था की गई है। उन्होंने जल्द समस्या समाधान की मांग की है।

### बनौली स्कूल में लगा मेगा स्वास्थ्य शिविर 100 से अधिक मरीजों की जांच

**आरा (एनएसबी)।** मध्य विद्यालय बनौली में उषा हस्पिटल के सहयोग से आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में 100 से अधिक मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया गया। चर्म रोग विशेषज्ञ डा सनी एवं दंत रोग विशेषज्ञ डा निधि प्रभाकर ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। इस दौरान चर्म रोग और दंत रोग से संबंधित समस्याओं के प्रभावी उपचार एवं बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उषा हस्पिटल की ओर से मरीजों के बीच मुत दवाओं का वितरण भी किया गया। साथ ही अभिभावकों को जानकारी दी गई कि छात्रों एवं बुजुर्गो के लिए चर्म एवं दंत रोग विशेषज्ञों की विशेष सुविधा अब अस्पताल में उपलब्ध है। यह सुविधा कतीरा ओवरब्रिज के पूर्व स्थित अस्पताल में प्राप्त की जा सकती है।

### एलपीजी किल्लत के विरोध में पीएम का पुतला दहन

**शाहपुर (एनएसबी)।** स्थानीय शाहपुर-बनाही रोड में एलपीजी सिलेंडर व डीजल व पेट्रोल की किल्लत व केंद्र सरकार की जनता विरोधी नीतियों के विरुद्ध कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। नेतृत्व प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष टपू तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार के गलत नीतियों के कारण लोगो के सामने एलपीजी सिलेंडर की किल्लत उत्पन्न हो गई है। पुतला दहन कार्यक्रम में संजय ठाकुर, प्रभाकर तिवारी, मुजफर नसीम, ददन प्रसाद, राकेश रंजन, लालबाबू यादव व दीपक कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**आरा/बड़हरा (एनएसबी)।** गजराजगंज के कारीसाथ मे सड़क दुर्घटना मे बिरमपुर के युवक की मौत के बाद बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह गुरूवार को बीरमपुर पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनो को सांत्वना दी एवं शोक संवेदना प्रकट किया। उन्होने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना बहुत दुखद है। परिवार ने अपना चिराग खो दिया। पीड़ित परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। जो भी सभव होगा परिवार को मदद करेंगे। कमलेश सिंह, दिनेश सिंह, रमेश सिंह, रंजन सिंह, बबन पांडेय, रंजय, तिषु पाठक, संजय सिंह, मुकेश पाठक, गुड्डू, प्रकाश सहित ग्रामीण जनता थे।

### मैकेनिक अफरोज के हत्या की निन्दा

**आरा (एनएसबी)।** माले राज्य कमेटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने कल रात्रि में चौधरियाना निवासी मेकेनिक अफरोज की हत्या की तिखे शब्दों में निन्दा की। माले की टीम मृतक अफरोज आलम के घर पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की तथा उनके गम व दर्द में सामिल हुए तथा गहरी संवेदना प्रकट की। मौके पर वार्ड पार्षद व नगर कमेटी सदस्य लल्लू कुमार, युवा नेता हिम्मत यादव, गणेश यादव भी थे।

# व्यवहार न्यायालय एवं लॉयर्स हॉल के लिए प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण



जिला जज एवं जिला पदाधिकारी ने किया निरीक्षण।

**आरा (एनएसबी)।** आरा में व्यवहार न्यायालय एवं लॉयर्स हॉल का जल्द ही निर्माण किया जाएगा। इसी कड़ी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुरुषोत्तम मिश्रा तथा जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने गुरुवार को व्यवहार न्यायालय एवं लॉयर्स हॉल के निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों के साथ स्थलों की उपयुक्तता, पहुंच मार्ग, आधारभूत संरचना एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी, आरा सदर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हनुमान जयंती पर कोईलवर में भक्ति की गूंज

**कोईलवर (एनएसबी)।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल हनुमान जयंती के पावन अवसर पर कोईलवर नप के कपिलदेव चौक स्थित महावीर मंदिर में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर हनुमान जी की भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा हनुमान चालीसा का सामूहिक सामवेत पाठ किया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। स्थानीय लोगों की भारी भीड़ ने कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि हनुमान जी कलयुग के साक्षात देवता हैं। हनुमान चालीसा में भी वर्णन मिलता है कि उनका प्रभाव चारों युगों में विद्यमान है और माता सीता के आशीर्वाद से वे अमर हैं। उनके जन्मोत्सव पर इस प्रकार का आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। वहीं, बजरंग दल के जिला सह संयोजक रितिक ओझा ने कहा कि हनुमान जी शक्ति, भक्ति और सेवा के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची निष्ठा और समर्पण से हर कठिनाई को पार किया जा सकता है। इस अवसर पर किन्नर समुदाय की गुरु तारा रानी, रितिक ओझा, मृत्यंजय पांडेय, आलोंक भारती, रंजन बाबा सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।



हनुमान जयंती पर कोईलवर में भक्ति की गूंज।

# हनुमान जी की पूजा से दरिद्रता का होता है नाश : अयोध्या स्वामी

**आरा (एनएसबी)।** जीयर स्वामी जी महाराज के मंगलानुशासन में बड़े ही धूमधाम से हनुमान जी का जन्म उत्सव मनाया गया। इस मौके पर भव्य तरीके से उनका श्रृंगार किया गया। पूर्व महंत श्री रामकिंकर महाराज जी द्वारा पूजा अर्चना किया गया। वर्तमान महंत श्री अयोध्या नाथ स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में काफी संख्या में जुटे भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर काफी दूर-दूर से लोगों ने आकर बड़ी मठीया में हनुमान जी का दर्शन किया तथा प्रसाद लिया। श्री अयोध्या नाथ स्वामी जी महाराज ने कहा कि कलयुग के सबसे प्रभावी देवता हनुमान जी हैं। इनके भजन कीर्तन तथा पूजा करने से जीवन की सारी समस्याओं का समाधान हो जाता है। जिस घर में हनुमान जी की पूजा होती है उसे घर से दरिद्रता का नाश हो जाता है तथा घर में श्री लक्ष्मी नारायण भगवान की.पा बनी रहती है।



हनुमान जी का जन्मोत्सव मना।

## ठाकुरबाड़ी में आयोजित छह दिवसीय संगीत समारोह संपन्न

### ठाकुरबाड़ी की संगीत परंपरा एक शताब्दी से ज्यादा प्राचीन

**आरा (एनएसबी)।** ठाकुरबाड़ी में आयोजित छह दिवसीय संगीत समारोह संपन्न हुआ। शास्त्रीय संगीत जगत के युवा एवं स्थापित कलाकारों ने इस समारोह में लगातार छः दिनों तक सजाई सुरमयी शाम। प्रत्येक संध्या रामलला की आरती व श्रृंगार लोगों को भक्ति में डुबोय रखा तो संगीत की सरिता में दर्शक गोते लगाते रहें। समारोह के समापन सत्र में बिहार की चर्चित कथक नृत्यांगना आदित्या श्रीवास्तव ने कथक की शुरुआत भगवान राम की वंदना "जय जय जय रघुबीर त्रिपुरारी" से करते हुए तीनताल में पारम्परिक कथक एवं बोल टुकड़ों पर क्रिकेट का खेल, सर्प की चाल की आकर्षक प्रस्तुति दी। वही ठुमक चलत राम चंद्र बाजत पैजानिया पर राम के बाल रूप एवं कौशल्या के वात्सल्य भाव की से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। वही ड़ लाल बाबू निराला व श्री शिवनंदन प्रसाद श्रीवास्तव ने तबले की थाप से पूरे वातावरण को लयात्मक कर दिया। महेश यादव ने राग जौनपुरी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस समारोह में विदुषी बिमला देवी, श्रेया पांडेय, अजीत पांडेय, आरोही, सागर व चाँदनी ने अपने स्वरों से समां बाँधा। वहीं हर्षिता विक्रम, सिद्धि आनंद, सोमी सोनी, शान्वी सोनी, राका श्रीवास्तव ने कथक नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। समापन सत्र का उद्घाटन करते हुए मशहुर तबला वादक राणा प्रताप सिन्हा ने कहा कि ठाकुरबाड़ी की संगीत परंपरा एक शताब्दी से भी ज्यादा प्राचीन है। मंच संचालन शिक्षिका स्मिता सिंह व धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर ट्विंकल केशरी ने किया। इस अवसर पर कवियित्री डा. ममता मिश्रा, डा. किरण कुमारी, कवि जनमजय ओझा, रंगकर्मी कृष्णा यादव.कृष्णेंदु, संगीत प्रेमी अनिल सिन्हा, सुशील देहाती व अमित रंजन समेत कई गणमान्य उपस्थित थें।



# प्रोत्साहन से बढ़ती है शिक्षा के प्रति रुचि : पद्मश्री डा. भवेश

## संत जेवियर्स पल्स टू विद्यालय में परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित

**आरा (एनएसबी)।** संत जेवियर्स पल्स टू एकेडमी, धोबहा बाजार, के प्रांगण में वार्षिक परीक्षाफल 2026 का वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ पद्मश्री डा. भीम सिंह भवेश, डीएसपी इशानी सिन्हा, सुश्री कोमल मेहता (प्रशिक्षु डीएसपी) विद्यालय के निदेशक सनोज कुमार एवं प्राचार्य सुनील आनंद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत अनाथ बच्चा निर्मलपुर निवासी स्व. सूर्यदेव यादव के पुत्र मंजी कुमार को विद्यालय द्वारा अपने विद्यालय में पठन-पाठन के साथ यूनिफार्म की सामग्री देकर 12वीं कक्षा तक निःशुल्क शिक्षा देने का संकल्प के साथ हुआ।

विद्यालय के निदेशक सनोज कुमार ने स्वागत भाषण करते हुए कहा कि इस विद्यालय द्वारा पूर्व से 13 अनाथ बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। आगे भी यह कार्यक्रम चलता रहेगा।

उन्होंने कहा कि कल 01 अप्रैल को कक्षा 5 के विद्यार्थियों के लिए स्कलरशिप परीक्षा का आयोजन किया गया था, जिसमें टॉप 1 से 5 रैंक तक उत्तीर्ण होने वाले बच्चों को टॉफी देकर सम्मानित किया गया। इन उत्तीर्ण बच्चों को विद्यालय द्वारा निःशुल्क (ट्यूशन फीस) 12वीं कक्षा तक शिक्षा देने की घोषणा किया गया।

साथ ही टॉप 20 रैंक लाने वाले बच्चों को निःशुल्क एडमिशन लेने की बात कही गई। टॉप 50 बच्चों का एडमिशन शुल्क में 50 छूट देने की घोषणा की। पूर्व की भांति प्रत्येक कक्षा के टॉप बच्चों को स्पेशल पुरस्कार दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पद्मश्री डा. भीम सिंह भवेश ने कहा कि मंचीय प्रोत्साहन से बच्चों की प्रतिभा में निखार आती है और शिक्षा के प्रति उनकी रूचि बढ़ती है। विशिष्ट अतिथि इशानी सिन्हा एवं कोमल मेहता ने भी सफल बच्चों सहित उनके अभिभावकों को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



कार्यक्रम शुभारंभ पद्मश्री डा. भीम सिंह भवेश, डीएसपी इशानी सिन्हा, सुश्री कोमल मेहता (प्रशिक्षु डीएसपी) विद्यालय के निदेशक सनोज कुमार एवं प्राचार्य सुनील आनंद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

## संक्षिप्त खबरें

### देश के आधे से अधिक राज्यो में भाजपा की सरकार : सिद्धार्थ शंभु

### स्थापना दिवस समारोह में उप मुख्यमंत्री होंगे शामिल

**आरा (एनएसबी)।** भाजपा के स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाने एवं आगामी कार्यक्रम हेतु भाजपा जिला कार्यालय बामपाली में महत्वपूर्ण बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गा राज एवं संचालन उपाध्यक्ष ई धीरेन्द्र सिंह ने किया। मंचासीन प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी सिदार्थ शंभु, विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला प्रभारी राजेश सिन्हा, सीडी शर्मा, मिथलेश कुशवाहा, सूर्यकांत पांडेय एवं राजकुमार कुशवाहा को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। सिदार्थ शंभु ने कहा कि 06 अप्रैल को पार्टी का 47वाँ स्थापना दिवस है। शुरूआत में दो सीट से आगे बढते हुए आज केन्द्र सहित आधे से अधिक राज्यो में हमारी सरकार है। आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। उन्होने स्थापना दिवस के दिन सभी कार्यकताओं को अपने घरो मे पार्टी झंडा लगाने का आहवान किया। पार्टी स्थापना दिवस को सभी बूथो पर धूमधाम से मनाने को कहा। इसके साथ उन्होंने आगामी कार्यक्रमो की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने भोजपुर जिला के सभी बूथो पर पार्टी स्थापना दिवस मनाने की बात कही। उन्होने जिला स्तर पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तीन सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमे उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, सूर्यकांत पांडेय एवं राजकुमार कुशवाहा शामिल है। इसके अलावा मंडल स्तर पर भी तीन सदस्यीय टीम भी बनाया गया है। विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बहुत संघर्ष के बाद आज शिखर पर पहुंची है। इस पार्टी मे शिष्टाचार एवं कर्मठता दोनों दिखाई देती है। बैठक मे जिला कोर कमेटी, जिला पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक, मोर्चा, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, मंडल प्रभारी सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल थे।




भाजपा जिला कार्यालय बामपाली में महत्वपूर्ण बैठक हुई।

### पशुराम पाण्डेय का श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**आरा (एनएसबी)।** जिला फुटबल संघ के पूर्व सचिव बाबा स्व पशुराम पाण्डेय का श्रद्धांजलि सभा नव दुर्गा मंदिर रेलवे स्टेशन में किया गया। अध्यक्षता बबन सिंह तथा संचालन भाई अरुणेश कुमार सिंह अधिवक्ता एवम जेडीयू नेता अभय विश्वास भट्ट ने किया। कार्यक्रम के आयोजक चिंतामणि उपाध्याय, अध्यक्ष संतोष पांडेय, अध्यक्ष राष्ट्रीय कुंवर सेना निर्मल सिंह सक्रवार, व्यवस्थापक चंदन पांडेय, मनोज त्रिपाठी, सनेही ओझा, पंकज पांडेय, जी पिंटू पांडेय, नोपाल सिंह, तुलसी सिंह, पिंटू सिंह, वार्ड पार्षद भानु दुबे, रामनंद पांडेय, शोक सभा थें। मुख्य अतिथि विधायक शाहपुर राकेश ओझा, मेयर आरा इंदु देवी, भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गा राज, पूर्व वार्ड परिषद आरा जितेंद्र शुक्ला, कन्हैया प्रसाद भाजपा नेता रामदिनेश यादव, हरेंद्र पांडेय, गुड्डू बबुआन, डा. राजेंद्र प्रसाद, डा. रघुबर प्रसाद, अभिषेक चौरसिया आदि ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपना अपना उनके प्रति विचार कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया।



स्व. पशुराम पाण्डेय का श्रद्धांजलि सभा ।

### बिजली तार की चिंगारी से भीषण आग 30 बीघा की फसल जलकर राख

**शाहपुर (एनएसबी)।** सरना गांव स्थित बाधार उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब विद्युत प्रवाहित तार के आपसी संकर्षण से निकली चिंगारी ने देखते ही देखते गेहूं की खड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही देर में लगभग 25 से 30 बीघा खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आसपास के नलकूपों से पानी डालकर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। लेकिन आग इतनी तेजी से फैल रही थी कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। घटना की सूचना मुखिया बीरबल सिंह द्वारा तत्काल स्थानीय प्रशासन को दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजेश मालाकार के निर्देश पर अगिशमन दल को मौके पर भेजा गया। हालांकि दमकल के पहुंचने तक अधिकांश फसल जलकर राख हो चुकी थी। अगलगी की घटना में रामचंद्र सिंह, दशरथ पासवान, छतेश्वर मिश्रा, निशांत मिश्र, भालू यादव सहित करीब एक दर्जन किसानों की खड़ी फसल पूरी तरह नष्ट हो गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। घटना के बाद किसानों में मायूसी का माहौल है। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से प्रभावित किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा देने की मांग की है। वहीं पंचायत के राजस्वकर्मी को घटनास्थल पर भेजकर क्षति का आकलन शुरू कर दिया गया है। ताकि पीड़ितों को राहत दिलाई जाय।

### रामायण रूपी महामाला के प्रधान रत्न हैं श्रीहनुमान : भारत भूषण

**आरा (एनएसबी)।** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर श्रीसनातन शक्तिपीठ संस्थानम् और सनातन-सुरसरि सेवा न्यास के संयुक्त तवावधान में फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित श्रीहनुमत-सदन में पूजन-अर्चन एवं प्रवचन आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रवचन करते हुए आचार्य भारतभूषण जी महाराज ने कहा कि साक्षात् भगवान शिव ही श्रीराम भक्ति और वैदिक सदाचार की रक्षा के लिए वानराकार विग्रह धारण कर श्रीहनुमान बनकर आए। श्रीहनुमान जी की श्रीराम भक्ति, अप्रतिम शक्ति, विद्या, बुद्धिचातुर्य, वाग्वैदुष्य, युद्धकौशल आदि अनन्त सद्गुणों की मुक्तकंठ से प्रशंसा स्वयं भगवान श्रीराम ने की है। श्रीहनुमान जी अखण्ड ब्रह्मचर्य वत का पालन कर हरेक असंभव को संभव करने का संदेश देते हैं। सीतान्वेषण के क्रम में निराश-हताश वानरों को स्वयंप्रभा तपस्विनी की गुफा में ले जाकर सुरस फल, जल और आशीर्वाद दिलाया तथा महासागर का लंघन कर सीता जी को श्रीराम का संदेश सुनाया और लंकादहन कर रावण तथा उसके लोगों को प्रभु के प्रताप से परिचित कराया। इस अवसर पर प्रो बलिराज ठाकुर, शिवदास सिंह, सत्येन्द्र नारायण सिंह, कुमार सौरभ, पिंटू सिंह समेत तमाम गण्यमान्य उपस्थित थे।

# विश्व ऑटिज्म दिवस : डीयू में गूँजी 'विशेष' बच्चों की हुंकार

**नई दिल्ली (एनएसबी)।** विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर आज सरमाउंट वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में एक विशाल 'ऑटिज्म जागरूकता रैली' का भव्य आयोजन







दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में एक विशाल 'ऑटिज्म जागरूकता रैली' का भव्य आयोजन।

**निगम पार्षदों ने दिया समान अधिकारों का भरोसा**

किया गया। खालसा कॉलेज से शुरू हुई यह रैली विश्वविद्यालय की मुख्य सड़कों से होती हुई कुलपति कार्यालय पर संपन्न हुई। इस रैली के माध्यम से समाज और सरकार को ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों की प्रतिभा पहचानने और उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने का संदेश दिया गया।

रैली में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। निगम पार्षद वीणा असीजा और रेनू अग्रवाल ने रैली में शामिल होकर विश्वास दिलाया कि वे इन विशेष बच्चों की मांगों को अपनी पार्टी और सरकार के समक्ष मजबूती से रखेंगी। उन्होंने भरोसा दिया कि इन बच्चों को समाज में समान अधिकार, बेहतर शिक्षा और हर आवश्यक सुविधा मिले, इसके लिए वे हर संभव प्रयास करेंगी।

रैली का मुख्य आकर्षण नेशनल स्केटिंग चैंपियन और 'वंडर बॉय' कार्तिक बंसल रहे। कार्तिक ने अपनी सुरीली आवाज में गीत गाकर वहां मौजूद भारी भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्तिक के साथ-साथ श्रिया सक्सेना, आदि रंजन, अंशुमान, समर बत्रा और समर्थ बंसल जैसे बच्चों ने अपनी उपस्थिति से यह साबित किया कि वे किसी भी मामले में सामान्य बच्चों से कम नहीं हैं। उन्हें बस दया की नहीं, बल्कि समान अवसरों की तलाश है।

इस मुहिम में भारत सरकार की अधिकारी अंजू रंजन (आदि रंजन की माता) ने भी अपनी निजी क्षमता में हिस्सा लिया और अभिभावकों को संबोधित करते हुए भावुक अपील की। रैली में योग शक्ति संस्थान के सदस्यों सहित प्रदीप गुप्ता, संजीव गोयल, सौरभ केजरीवाल, हन्नी गुप्ता, श्वेता जैन और ध्रुव अग्रवाल जैसे गणमान्य लोग शामिल हुए। आधार इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन के संचालक प्रमोद शर्मा और टेक्निया स्कूल के छात्रों ने भी जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई।

सरमाउंट वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश बंसल ने कहा, "इन बच्चों में अद्भुत क्षमताएं हैं। हमारा उद्देश्य सरकार और समाज को यह अहसास कराना है कि ये बच्चे बोझ नहीं, बल्कि देश का गौरव हैं।" रैली के समापन पर टेक्निया इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन के छात्रों द्वारा कुलपति कार्यालय के बाहर प्रस्तुत किए गए 'नुक्कड़ नाटक' ने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया। इस गौरवशाली आयोजन की पूरी कवरेज में दिल्ली दर्पण टीवी की टीम भी सक्रिय रूप से जुटी रही।

## फोरलेन पर हुआ चिराग पासवान का भव्य स्वागत

**फतुहा (एनएसबी)।** पटना से मोकामा जाने के दौरान गुरुवार को लोजपा सांसद चिराग पासवान का फतुहा फोरलेन पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान लोगों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। चिराग पासवान ने कहा आपलोगों के प्यार से अभिभूत हूं और आपसबों का हमेशा कृतज्ञ रहूंगा। मौके पर टुनटुन यादव, कुणाल पासवान, रंजीत यादव, दिलीप पासवान, अनिल चंद्रवंशी, सुधीर पासवान सहित कई लोजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## तीन वर्षों से फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार

**फतुहा (एनएसबी)।** नदी थाने के तीन वर्षों से फरार चल रहे आरोपित वैशाली राघोपुर निवासी विशाल कुमार को उसके घर से गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व बाइक से 10 किलो गांजा पकड़ा गया था। गांजे के साथ एक गिरफ्तार हुआ था जबकि विशाल भागने में सफल हो गया था। आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# बिहार के 6 मेडिकल कॉलेजों में हिमोफीलिया-थैलेसीमिया मरीजों के लिए बनेगा डे-केयर सेंटर

**मुफ्त ब्लड ट्रांसफ्यूजन, जांच और दवा वितरण की सुविधा, 24 घंटे स्वास्थ्यकर्मी तैनात**

**पीएमसीएच, एसकेएमसीएच, ऐम्स समेत कई संस्थानों में निर्माण जारी**

**पटना(एनएसबी)।** राज्य में बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए बिहार सरकार लगातार सेवा विस्तार का कार्य कर रही है। जिसमें राजधानी समेत प्रदेश के अन्य सभी जिलों में मेडिकल व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब पीएचसीएच, एसकेएमसीएच, जेएलएनएमसीएच, भागलपुर, ऐम्स, जीएमसी पूर्णिया व एएनएमसीएच गया में हिमोफीलिया व थैलेसीमिया के मरीजों के लिए डे-केयर सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। जिससे हिमोफीलिया व थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों के उपचार के लिए हर प्रकार की सुविधा अब एक ही छत के नीचे दी जा सके। साथ ही इस डे-केयर सेंटर पर निःशुल्क ब्लड ट्रांसफ्यूजन, खून की नियमित जांच व दवा वितरण की सुविधा दी जायेगी।

वहीं हिमोफीलिया व थैलेसीमिया मरीजों के बेहतर इलाज के लिए उत्तर बिहार के पूर्णिया, एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर, पीएमसीएच व एम्स समेत अन्य अस्पतालों में मॉर्डन डे-केयर सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। इस डे-केयर सेंटर पर हर प्रकार की तकनीकी सुविधा के साथ मरीजों के लिए 24 घंटे स्वास्थ्य कर्मी को तैनात रहेंगे। अब बिहारवासियों को स्वास्थ्य उपचार के लिए राज्य से बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। बिहार सरकार का सपना स्वास्थ्य बिहार शिक्षित बिहार अब साकार होता दिख रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### दस कट्ठा गेहूं की फसल जलकर खाक

**दनियावां (एनएसबी)।** गुरुवार को थाना क्षेत्र के नेटार गांव के पास एक किसान की लगभग दस कट्ठा में लगी गेहूं की फसल आग की चपेट में आकर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। घटना के समय तेज पछुआ हवा चल रही थी, जिससे आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया।ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन तब तक फसल पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने दनियावां पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।जानकारी के अनुसार, यह खेत नेटार गांव निवासी कृष्णनंदन शाह का है। बताया जा रहा है कि खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की तार अचानक टूटकर खेत में गिर गई, जिससे शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई।अपर थानाध्यक्ष सरोज कुमार ने बताया कि पीड़ित किसान से इस संबंध में लिखित शिकायत मांगी गई है, ताकि आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा सके। घटना से किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

### पिस्तौल के बल पर बाइक सवार से सोने की चेन छीनी


**फतुहा(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के पीतांबरपुर के सामने फोरलेन पर गुरुवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो हथियारबंद बदमाशों ने एक बाइक सवार से पिस्तौल के बल पर उसकी सोने की चेन छीन ली। इसके बाद दोनों बदमाश फोरलेन के रास्ते फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की बारीकी से पड़ताल की। पटना रामकृष्ण नगर थाने के जगनपुरा निवासी अनिल प्रसाद का पुत्र विक्की कुमार अपनी भांजी के जन्मदिन में शामिल होकर गुरुवार की दोपहर चंडी से अपनी बाइक द्वारा वापस पटना घर लौट रहा था। पीड़ित के अनुसार वह जैसे ही फतुहा थाने के पीतांबरपुर के सामने फोरलेन पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे एक बाइक पर सवार हेलमेट पहने दो बदमाशों ने उसे ओवरटेक कर रोकते हुए उस पर पिस्टल तानते हुए सोने की चेन छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए गले से सोने की चेन तथा पॉकेट में रखे चार हजार रुपये निकालकर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की लिखित सूचना थाने में दी है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### बड़ी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**फतुहा (एनएसबी)।** नदी थाने की पुलिस ने गुरुवार को गुप्त सूचना पर छापेमारी करते हुए जेठुली पेट्रोल पंप के सामने रेलवे लाइन के पास से दो लोगों को बड़ी मात्रा में विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए एक युवक वैशाली राघोपुर निवासी राकेश कुमार एवं एक किशोर से पूछताछ की जा रही है। नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि इनदोनों के पास से विभिन्न ब्रांड की कुल 61 लीटर विदेशी शराब की खेप पकड़ी गई है। प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### टी पी एस कॉलेज एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच इंटर्नशिप को लेकर हुआ एमओयू

**पटना (एनएसबी)।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत टी पी एस कॉलेज पटना एवं देश के प्रतिष्ठित एनजीओ प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच इंटर्नशिप को लेकर एमओयू



हुआ है । मौके पर उपस्थित कॉलेज के प्राचार्य डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि नई शिक्षा नीति में छात्र छात्राओं के लिए इंटर्नशिप बहुत ही लाभकारी सावित हो रहा है । इससे छात्र छात्राओं को सर्वांगीण विकास में काफी मददगार है । किताब के साथ साथ चरित्र निर्माण, जीवन कौशल पर विशेष बल दिया जा रहा है । कॉलेज के छात्र छात्राओं को एक्सपोजर विजिट कराया जायेगा। वही प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि इंटर्नशिप छात्र छात्राओं के हित मे उठाया गया बहुत बड़ा कदम है । फाउंडेशन डिजाइन फॉर चेंज, युवा नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास, जलवायु परिवर्तन, सायबर सुरक्षा, आपदा प्रवंधन , एनजीओ मैनेजमेंट के विषय पर 30 एवं 60 से लेकर 120 घँटा का इंटर्नशिप कराया जा रहा है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण निणर्य लिया है और सभी छात्र छात्राओं के लिए इसे अनिवार्य कर उन्हें सक्षम बनाया जा रहा है । फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर अविनाश कुमार पांडेय एवं मन्नी कुमार मौजूद रहे।

# बिहार में पहली बार हुआ रोबोटिक सर्जरी के जरिये पैंक्रियाज कैंसर का सफल ऑपरेशन

**आईजीआईएमएस के जीआई सर्जरी विभाग में हुआ दरभंगा के 71 वर्षीय व्यक्ति का कैंसर का सफल उपचार**

**अब कैंसर के इलाज के लिए लाखों खर्च करने की जरूरत नहीं, रोबोटिक्स सर्जरी के लिए अन्य राज्यों में नहीं जायेंगे मरीज**




**पटना (एनएसबी)।** बिहार के प्रसिद्ध जन स्वास्थ्य सेवा अस्पताल इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में रोबोटिक सर्जरी के जरिये मरीज का पैनक्रियाज कैंसर का सफल ऑपरेशन किया गया है।

अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनीष मंडल समेत छह डॉक्टरों की टीम ने इस बीमारी का सफल ऑपरेशन कर कीर्तिमान स्थापित किया है। अस्पताल के अधीक्षक मनीष मंडल ने कहा कि जीआई सर्जरी विभाग में पहली बार रोबोटिक सर्जरी के जरिये 71 वर्षीय पुरुष का पैनक्रियाज के कैंसर का ऑपरेशन किया गया है। दरभंगा के वाजिदपुर से आये मरीज ने संस्थान के जीआई सर्जरी विभाग में डॉ राकेश कुमार सिंह के ओपीडी में एक हफ्ते पहले जब खून की जांच एवं पेट का सीटी स्कैन करवाया, तो पैनक्रियाज कैंसर का पता चला।

### पेट खोल कर या दूरबीन द्वारा करने पर काफी समय लगता

अपर प्राध्यापक, जीआई सर्जरी डॉ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पैनक्रियाज कैंसर की सर्जरी पेट खोल कर या दूरबीन द्वारा करने पर काफी समय लगता है और ऑपरेशन के समय काफी रक्त स्त्राव होने से मरीज को आईसीयू एवं वेंटिलेटर पर भी रखना पड़ता है। दूरबीन द्वारा लेप्रोस्कोपिक विधि से सर्जरी करने पर लगभग एक लाख रु का खर्च संस्थान में होता है, लेकिन बिहार में पहली बार रोबोटक सर्जरी के माध्यम से इस मरीज का ऑपरेशन पचास हजार के पैकेज में किया गया एवं छः घंटे में मरीज के ऑपरेशन के बाद रात भर के लिए आईसीयू में रखा गया। दूसरे दिन यानी आज मरीज को सामान्य वार्ड में स्थानांतरित किया गया, जहां वह बिल्कुल स्वस्थ है।

### अब रोबोटिक सर्जरी के लिए अन्य राज्य में जाने की जरूरत नहीं

संस्थान के निदेशक डॉ० बिन्दे कुमार ने कहा कि रोबोटिक के माध्यम से अब आईजीआईएमएस के अलग-अलग विभागों में जटिल ऑपरेशन सस्ते खर्च पर निरंतर किये जायेंगे। ताकि प्रदेश के मरीजों को रोबोटिक सर्जरी के लिए अन्य राज्य में जाने की आवश्यकता न पड़े और उनके धन की भी बचत होगी। डॉ० विन्दे ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ० मनीष मंडल के देख-रेख में संपन्न हुए इस सफल सर्जरी के लिए पुरी टीम जिसमें सर्जरी की ओर से डॉ० राकेश कुमार सिंह, तुषार पटेल, डॉ० नेत्रा नंद निश्चेतना की ओर से डॉ० विनोद कुमार वर्मा, डॉ० विभा, डॉ० अनन्तु, सिस्टर इंचार्ज शैलजा, सिस्टर सुशीला ओटी इंचार्ज व स्क्रबर से ब्रदर आशीष, रीना एवं समस्त सहयोगी स्टाफ को बधाई दी।

## विदेश की सरजमीं पर 5 वां अंतरराष्ट्रीय साइंटिफिक सेमिनार आयोजित किया गया

**थाइलैंड में बिहार की कई हस्तियों ने की शिरकत**





**पटना (एनएसबी)।** विदेश के सरजमीं पर इस बार थाइलैंड में 5 वां अंतरराष्ट्रीय साइंटिफिक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विरेंद्र नाथ मौर्य प्रदेश अध्यक्ष आयुष मेडिकल एसोसिएशन बिहार एवं मंच संचालन हरिओम कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष बिहार एबीवाईकेएस (भारत) ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागमणि कुशवाहा राष्ट्रीय अध्यक्ष एबीवाईकेएस (भारत), वशिष्ठ अतिथि डॉ.पी.आर. किशोर संरक्षक आयुष मेडिकल एसोसिएशन बिहार, डॉ. विश्वनाथ साह, समाजसेवी प्रमोद कुमार, डॉ. संजय कुमार, डॉ. पंकज भूषण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए। आए हुए अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर चिकित्सा एवं समाजसेवा में कार्य कर रहे डॉ. पीताम्बर दास वैष्णव, डॉ. पवन कुमार, डॉ. राजेश आनंद, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. राजकुमार, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. विशाल पाठक, ऋषिकेश गिरी, साहिल खान, चंदन कुमार, प्रवीण, प्रदीप कुमार को करुणा मैत्री अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। विदेश की सरजमीं पर डॉ. पवन कुमार को आयुष मेडिकल एसोसिएशन के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया।

**बीपीएससी की सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा 14 अप्रैल से**

## आज से ई एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे अभ्यर्थी

**पटना (एनएसबी)।** बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक विज्ञापन संख्या-87/2025, सहायक शिक्षा विकाश पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा 14, 15, 17, 18 20 और 21 अप्रैल को राज्य के जिलों में अवस्थित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जायेगी।

उक्त परीक्षा के लिए 3 अप्रैल से प्रवेश पत्र ई एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट पर जाकर अपने एकाउंट में लॉगिंग करें। फिर माय अकाउंट में जाकर संबंधित विज्ञापन के व्यू बटन पर क्लिक करके एडमिट कार्ड के सामने व्यू /डाउन लोड विकल्प पर क्लिक करते हुए अपना ई एडमिट कार्ड डाउनलोड करेंगे। डाउनलोड किये गये ई एडमिट कार्ड में अभ्यर्थी को आवंटित जिला दर्ज होगा।

परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक सभी अभ्यर्थी ई एडमिट कार्ड की एक अतिरिक्त प्रति अपने साथ परीक्षा केन्द्र पर ले जाना सुनिश्चित करेंगे एवं परीक्षा अवधि में वीक्षक के समक्ष हस्ताक्षर कर उन्हें सुपूर्द कराना सुनिश्चित करेंगे।

उल्लेखनीय है कि 14 एवं 15 अप्रैल की परीक्षा के लिए, 11 अप्रैल से, 17 एवं 18 अप्रैल की परीक्षा के लिए 14 अप्रैल से तथा -20 एवं 21अप्रैल की परीक्षा के लिए -17 अप्रैल से परीक्षा केन्द्र कोड/परीक्षा केन्द्र का नाम के संबंध में विस्तृत जानकारी डैशबोर्ड पर उपलब्ध करायी जायेगी।

## एमएलसी रवीन्द्र प्रसाद सिंह ने किया सामुदायिक भवन का शिलान्यास

**फतुहा (एनएसबी)।** प्रखंड के मसाढ़ी गांव में गुरुवार को एमएलसी सह जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष रवीन्द्र प्रसाद सिंह ने सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन बन जाने से इस गांव के अलावा आसपास के लोगों को भी काफी सहूलियत मिलेगी।

यहां के लोगों की चिरप्रतीक्षित मांग अब पूरी होने वाली है। एमएलसी के इस पहल की लोगों ने सराहना की है। मौके पर जिला नागरिक परिषद सदस्य श्यामसुंदर कुमार उर्फ मोनी सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रणधीर यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## फिज़िक्सवाला ने बिहार बोर्ड के 10वीं व 12वीं के टॉपर छात्रों को किया सम्मानित

**पटना (एनएसबी)।** फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने बिहार बोर्ड की कक्षा 10 और 12 के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अपने बिहार बोर्ड वाला से जुड़े मेधावी छात्रों को पटना में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों को सराहा गया। कक्षा 12 में, साक्षी कुमारी




और सपना कुमारी ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि पलक कुमारी ने 95 प्रतिशत के साथ राज्य में पाँचवाँ स्थान प्राप्त कर टॉप स्कोरर्स में जगह बनाई। वहीं कक्षा 10 में, प्रेरणा कुमारी ने 97.2 प्रतिशत के साथ राज्य में पाँचवाँ स्थान और रौशन कुमार ने 97 प्रतिशत के साथ छठा स्थान हासिल किया, जिससे वे भी टॉप प्रदर्शन करने वाले छात्रों में शामिल हुए। कक्षा 12 के 70 से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि कक्षा 10 के करीब 100 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। यह पीडब्ल्यू के बिहार बोर्ड वाला से जुड़े छात्रों के लगातार अच्छे प्रदर्शन को दशार्ता है। यह छात्रों को कॉन्सेप्ट पर आधारित पढ़ाई, प्रैक्टिस मटेरियल और रिवीजन सपोर्ट के माध्यम से व्यवस्थित शैक्षणिक सहायता प्रदान करने पर केंद्रित रहा है।

इस अवसर पर बोलते हुए फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) के संस्थापक और सीईओ अलख पांडेय ने कहा कि ये परिणाम छात्रों की मेहनत को दर्शाते हैं। बोर्ड परीक्षा की तैयारी एक लंबी प्रक्रिया होती है, और हमने इसे आसान बनाने के लिए व्यवस्थित कंटेंट और नियमित अभ्यास पर ध्यान दिया है। इससे छात्रों को पढ़ाई में स्पष्टता मिलती है, और इसे अच्छे परिणामों में बदलते देखना उत्साहजनक है। अपना अनुभव साझा करते हुए, कक्षा 10 की प्रेरणा कुमारी ने कहा कि मैंने नियमित रिवीजन और पेपर सॉल्व करने पर ध्यान दिया, और पीडब्ल्यू के सपोर्ट ने मुझे परीक्षा के दौरान आत्मविश्वास बनाए रखने में मदद की। वहीं कक्षा 12 की साक्षी कुमारी ने कहा कि समय पर सिलेबस पूरा करना और बार-बार रिवीजन करना मेरी तैयारी में लगातार मददगार रहा। इस सम्मान समारोह में छात्र, अभिभावक और शिक्षक शामिल हुए। इसका उद्देश्य छात्रों की मेहनत और उनकी पूरी शैक्षणिक यात्रा को सराहना था। हर साल बड़ी संख्या में छात्र बिहार बोर्ड की परीक्षाओं में शामिल होते हैं, ऐसे में इस तरह के परिणाम यह दिखाते हैं कि राज्य भर में छात्रों के लिए व्यवस्थित तैयारी और सही शैक्षणिक मार्गदर्शन कितना महत्वपूर्ण होता जा रहा है।

**उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में बनी तैयारी समिति की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय**

# अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर राजद करेगा भव्य कार्यक्रम

**पटना (एनएसबी)।** राजद के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के निर्देशन में राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। संविधान निमार्ता डॉ० भीम राव अम्बेडकर की 135वीं जयंती का आयोजन धूम-धाम से मनाने का संकल्प लिया गया।

14 अप्रैल, को राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय के कपूरी सभागार में भव्य कार्यक्रम किया जायेगा। इसके लिए उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में तैयारी समिति बनाई गई जिसकी भी बैठक की गई है। तैयारी समिति के संयोजक राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव प्रमोद राम को बनाया गया है। सदस्य के तौर पर प्रदेश प्रधान महासचिव राजद रणविजय साहू, अनुसूचित प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवचन्द्र राम, राष्ट्रीय महासचिव बीनू यादव, विधायक सूबेदार दास, प्रदेश उपाध्यक्ष



बाबा साहब अंबेडकर जयंती समारोह को लेकर तैयारी समिति की बैठक में उपस्थित राजद नेता ।

तनवीर हसन, पूर्व विधायक राजेन्द्र राम, रेखा पासवान, प्रेमा चौधरी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) अनीता भारती, तनुश्री एवं मुख्यालय प्रभारी राजद मुकुंद सिंह सहित सदस्य के तौर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देंगे।

बिहार के प्रत्येक जिले से कार्यकर्ता पटना पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव करेंगे। मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय जनता दल मंगनी लाल मंडल रहेंगे और अन्य विशिष्ट अतिथिगण मौजूद रहेंगे। वर्तमान राजनीतिक परिवेश में डॉ० भीम राव अम्बेडकर साहब की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है, जब देश में संवैधानिक ढाँचे पर फिरकापरस्त ताकतों द्वारा हमला किया जा रहा है और संवैधानिक नींव को हिलाने की कोशिश की जा रही है। राजद का मानना है कि संविधान और संवैधानिक मयार्दाओं को अक्षुण्ण बनाने की जिम्मेदारी उन तमाम दलों की है जो संविधान व लोकतंत्र में अपनी आस्था रखते हैं। यदि वे ऐसा नहीं करते तो समाज के अंतिम पंक्ति के लोग राजनीति की मुख्यधारा से कोसों दूर होते।